नई दिल्ली

शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
प्रथमा वर्ष : 29, अंक : 101
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 31.0


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,184.17 | 542.47 ▼ |
| निफ्टी | 25,062.10 | 157.80 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 99,620/- | 1400/- ▼ |
| चांदी | 1,15,000/- | 3000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 86.40 | 1 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 69.32 बैरल 1.18% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# चुनाव आयोग का तीखा पलटवार: धांधली के सबूत पक्के तो क्यों नहीं गये कोर्ट ?

राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग का आरोप: कर्नाटक मतदाता सूची में धांधली के हैं सौ फीसदी पक्के सबूत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कर्नाटक में लोकसभा चुनाव 2024 की मतदाता सूची में कथित धांधली को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए गंभीर आरोपों पर तथ्यों के साथ पलटवार किया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि कर्नाटक के एक संसदीय क्षेत्र में मतदाता सूची में हेरफेर और वोट चोरी के 100 फीसदी पुख्ता सबूत उनके पास हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आयोग और इसके अधिकारी इससे बच नहीं पाएंगे। जवाब में चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के दावों को आधारहीन और धमकी भरा करार दिया है। चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने कहा कि अगर राहुल गांधी को किसी तरह की धांधली का पता था या है तो अभी तक कोई अपील दायर क्यों नहीं की? प्रवक्ता ने कहा, कर्नाटक में लोकसभा चुनाव 2024 की मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस पार्टी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 के तहत जिला मजिस्ट्रेट या कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष एक भी अपील दायर नहीं की। यह एक वैध कानूनी उपाय था, जिसके तहत मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं की शिकायत की जा सकती थी। आयोग ने कहा कि यदि कांग्रेस के पास 100 फीसदी सबूत थे, तो कानूनी रास्ते का उपयोग क्यों नहीं किया गया? चुनाव आयोग ने पहली बार राहुल गांधी के आरोपों का आधिकारिक जवाब बेहद तीखे अंदाज में दिया है। आयोग के प्रवक्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के खिलाफ देश भर में 10 चुनाव याचिकाएं दायर की गईं, लेकिन इनमें से एक भी याचिका हारने वाले किसी कांग्रेस उम्मीदवार द्वारा दायर नहीं की गई। आयोग ने सवाल उठाया कि यदि धांधली के सबूत इतने पुख्ता थे, तो कांग्रेस ने इस कानूनी उपाय का सहारा क्यों नहीं लिया? चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के बयानों को अनुचित और धमकी भरा करार दिया और कहा कि इस तरह के बयान संवैधानिक संस्था की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं। विदित हो कि राहुल गांधी संसद भवन परिसर में गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, चुनाव आयोग भारत के चुनाव आयोग के रूप में काम नहीं कर रहा है। हमारे पास कर्नाटक में मतदाता सूची में धांधली के 100 फीसदी पुख्ता सबूत हैं। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूची में अनधिकृत रूप से नाम जोड़े गए, हटाए गए, और संदिग्ध नए मतदाताओं को शामिल किया गया। गांधी ने यह भी कहा कि वे जल्द ही इन सबूतों को जनता और आयोग के सामने पेश करेंगे। उन्होंने बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को भी निशाना बनाया और चेतावनी दी कि लोकतंत्र और संविधान को बर्बाद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

पहली बार जवाब तीखे अंदाज में दिया है




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दर्शन को जमानत पर शीर्ष कोर्ट की आपत्ति



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रेणुकास्वामी मर्डर केस में कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा और छह अन्य को जमानत देने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह विवेकाधीन शक्ति का गलत इस्तेमाल है। अभिनेता की जमानत रद्द करने की कर्नाटक सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है।

### नौसेना अध्यक्ष ने किए रामलला के दर्शन



**अयोध्या।** भारतीय नौसेना के अध्यक्ष एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार दोपहर राम मंदिर पहुंचकर रामलला व राम दरबार का दर्शन किया। इस दौरान उनके साथ नौसेना व थल सेना के कई बड़े अधिकारी भी रहे। दस गाड़ियों के काफिले के साथ सीधे राम मंदिर पहुंचे। जिसके कारण सुरक्षा सख्त थी।

### खाते में पैसे न हों, फिरभी मिलेंगे 50 हजार



**नई दिल्ली।** यदि आपके ईपीएफओ अकाउंट में पैसे हों या फिर ना हों, फिरभी आपके नॉमिनी को 50,000 रुपए मिल जाएंगे। ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) ने ईडीएलआई (एम्प्लॉई डिपोजिट लिंक्ड इंश्योरेंस) में जरूरी बदलाव करने जा रहा है। जिसके तहत इस योजना में पहले जैसी शर्तें खत्म हो जाएंगी।

बोले मोदी, समझौते से दोनों देशों के बीच शुरू होगा आर्थिक साझेदारी का एक नया अध्याय


# भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ ऐतिहासिक 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता'

- *लंदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कीर स्टार्मर की मौजूदगी में पीयूष गोयल और जोनाथन रेनॉल्ड्स ने किए समझौते पर हस्ताक्षर*
- *स्टार्मर ने कहा, ब्रिटेन की बड़ी जीत है यह ऐतिहासिक समझौता*
- *सीईटीए से दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार 34 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा*
- *समझौते से भारत-ब्रिटेन की अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ और पश्चिम की द्वितीयक पाबंदियों की धमकी के बीच गुरुवार का दिन भारत और ब्रिटेन के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। क्योंकि दोनों देशों के बीच लंदन में ऐतिहासिक 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते' (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसे पूर्व में मुक्त व्यापार समझौते का नाम दिया गया था। इसकी मदद से बाजारों तक पहुंच बढ़ने से दोनों अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलेगा, ऊंचे टैरिफ (कर) से बड़ी राहत मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। समझौते पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ब्रिटेन के समकक्ष ⏩ शेष पेज 5 पर





### किसानों-मछुआरों की आय बढ़ेगी

*वाणिज्य मंत्री ने कहा, देश के कपड़ा, चमड़ा, जूते, रत्न-आभूषण, खिलौने और समुद्री उत्पादों से जुड़े कई सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों (एमएसएमई) में कार्यरत कारीगर, बुनकर और दिहाड़ी मजदूर समृद्धि के एक नए दौर में कदम रखेंगे। ग्रामीण करघे से लेकर तकनीकी प्रयोगशालाओं तक ये समझौता महिलाओं के लिए वित्तीय पहुंच में सुधार और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में गहन एकीकरण के माध्यम से एक ऐतिहासिक छलांग है। इससे किसानों और मछुआरों की आय बढ़ेगी। क्योंकि समझौते से लगभग 95 फीसदी कृषि उत्पादों का निर्यात, शुल्क मुक्त होगा। जबकि मछुआरों को 99 फीसदी समुद्री निर्यात पर शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा।*

### उपभोक्ताओं को मिलेंगे गुणवत्ता वाले उत्पाद

*उन्होंने ये भी कहा कि इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण और प्लास्टिक जैसे विनिर्माण प्रधान क्षेत्रों पर भी समझौते का परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा। यह भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराएगा। आईटी, सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रतिभाओं को ब्रिटेन के उच्च-मूल्य वाले बाजारों तक आसान पहुंच का लाभ मिलेगा। इसके अलावा दोहरे योगदान* ⏩ शेष पेज 5 पर

### स्टार्टअप्स के लिए खुलेंगे ब्रिटेन के द्वार

*गोयल ने कहा कि समझौते का एक अन्य लाभ ये है कि इससे भारतीय स्टार्टअप्स के लिए ब्रिटिश ग्राहकों, निवेशकों और नवाचार केंद्रों के दरवाजे खुलेंगे। जिससे वो अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ा सकेंगे। समझौता मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल दोनों के लिए लाभप्रद है। रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा, समुदायों को सशक्त बनाएगा और भारत के रणनीतिक व्यापार नेतृत्व को मजबूत करेगा। ये आर्थिक सहयोग के एक नए युग की शुरुआत करने के साथ ही हमारे द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को पुनः मजबूत करता है।*

### तीन साल तक चली मंत्रणा

*अधिकारियों ने बताया कि दोनों देशों के बीच इस समझौते को अंतिम रूप देने में कुल तीन वर्ष का समय लगा। लेकिन अब इस पर हस्ताक्षर के बाद सभी क्षेत्रों से जुड़े भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में व्यापार पहुंच मिलेगी और लगभग शत-प्रतिशत कर छूट प्राप्त होगी। जो व्यापार के 100 फीसदी मूल्य को प्रदर्शित करता है। ब्रिटेन का कहना है कि भारत के उपभोक्ताओं की बेहतरीन ब्रिटिश उत्पादों तक पहुंच बढ़ेगी। जिसमें सॉफ्ट ड्रिंक, कॉस्मेटिक का सामान, कारें और मेडिकल डिवाइस शामिल हैं। सभी में समझौते से कर 15 से घटकर 3 फीसदी हो जाएगा। ब्रिटेन पहले ही भारत से सेवाओं का 11 बिलियन पाउंड का निर्यात कर छूट के साथ कर रहा है। लेकिन अब समझौते से भारतीय उत्पाद ब्रिटिश उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लिए आसान पहुंच के साथ सस्ते हो जाएंगे। जिससे देश के व्यापारियों को लाभ होगा।*

लंदन में दोनों राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात के कार्यक्रम में शामिल हुए भारत-ब्रिटेन के प्रमुख उद्योगपति

## पीएम मोदी और स्टार्मर ने उद्योगपतियों से किया सीईटीए का पूरी क्षमता से लाभ उठाने का आह्वान





हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अपनी दो दिवसीय ब्रिटेन यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने लंदन (चेकर्स) में दोनों देशों के उद्योगपतियों के साथ एक अहम मुलाकात की। जिसमें स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, रत्न एवं आभूषण, ऑटोमोबाइल, ऊर्जा, विनिर्माण, दूरसंचार, प्रौद्योगिकी, आईटी, लॉजिस्टिक्स, वस्त्र, और वित्तीय सेवा जैसे क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपति मौजूद थे। यह वो क्षेत्र हैं, जो दोनों देशों में रोजगार सृजन और समावेशी आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। दोनों शीर्ष नेता इस दौरान चाय पर चर्चा करते हुए भी नजर आए। भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर के बाद दोनों नेताओं की उद्योगपतियों के साथ यह मुलाकात हुई। जिसमें उन्होंने व्यापार, निवेश और नवाचार साझेदारी को गहरा करने के लिए इस समझौते से मिलने वाले अवसरों का पूरी क्षमता से लाभ उठाने के लिए उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बताते चलें कि ब्रिटेन, पीएम मोदी की दो देशों की ⏩ शेष पेज 5 पर

### उत्पादों, नवाचारों की श्रृंखला प्रदर्शित की

*दोनों नेताओं ने बीते कुछ वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार, निवेश संबंधों में हुए विस्तार का जिक्र भी उद्योगपतियों के साथ बातचीत में किया। इसके अलावा आपसी सहयोग को बढ़ाकर आर्थिक विकास को गति देने की अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। साथ ही कहा कि यह नया समझौता दोनों अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में व्यापारिक भावना को बढ़ावा देगा। मुलाकात के इस कार्यक्रम के दौरान सीईटीए के जरिए भारत और ब्रिटेन के प्रमुख उत्पादों, नवाचारों की एक प्रभावशाली श्रृंखला को प्रदर्शनी के जरिए प्रदर्शित दोनों नेताओं के समक्ष प्रदर्शित किया गया। जिसमें रत्न, आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, गुणवत्तापूर्ण उपभोक्ता उत्पाद और उन्नत तकनीकी समाधान मुख्य रूप से शामिल किए गए।*

अनिल अंबानी के ठिकानों पर रेड

## 50 कंपनियों और 35 से अधिक ठिकाने खंगाले, करोड़ों का घोटाला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



अनिल अंबानी पर नई मुसीबत आ गयी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों के कई परिसरों में छापेमारी की है। साथ ही ईडी ने यस बैंक के खिलाफ भी छापेमारी की है। इस छापेमारी से रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रा के शेयरों में गिरावट देखी गई। दोनों कंपनियों के शेयर 5 फीसदी से अधिक टूटकर कारोबार कर रहे हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुंबई और दिल्ली में 50 कंपनियों और लगभग 25 व्यक्तियों के 35 से अधिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है। ईडी सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत मुंबई और दिल्ली में 50 कंपनियों और लगभग 25 व्यक्तियों के 35 से अधिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है। ईडी सूत्रों ने बताया कि वे ⏩ शेष पेज 5 पर

ट्रेन धमाके के आरोपियों को दी थी राहत

## बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2006 के ट्रेन धमाका मामले के आरोपियों को राहत दी थी। गुरुवार को अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। सर्वोच्च अदालत ने ये भी कहा कि फिलहाल रिहा किए गए आरोपियों को जेल नहीं भेजा जाएगा। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने हाल ही में दिए अपने फैसले में धमाके के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। उच्च न्यायालय के फैसले को महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की जेल से रिहाई को बरकरार रखा है। ⏩ शेष पेज 5 पर

क्रेन चलाकर काट रहा था फरारी

## पंजाब से भागा बब्बर खालसा का आतंकी इंदौर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने बब्बर खालसा के एक सक्रिय आतंकवादी को इंदौर से गिरफ्तार किया है। यह युवक पंजाब से भागकर इंदौर आया था और पिछले काफी दिनों से यहां रहकर क्रेन चालक का काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस लंबे समय से लगातार उसे तलाश रही थी। इसी दौरान दिल्ली पुलिस को यह सूचना लगी कि वह इंदौर में है। इस सूचना के आधार पर दिल्ली पुलिस की टीम इंदौर पहुंची और हीरानगर पुलिस से सहयोग लेते हुए यहां से आकाशदीप उर्फ बाज उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर अपने साथ दिल्ली लेकर चली गई है। एडिशनल डीसीपी राम स्नेही मिश्रा ने बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम आई थी। उसने आईएसबीटी से एक संदिग्ध ⏩ शेष पेज 5 पर

तीन साल के लिए की गई नियुक्ति

## पूर्व वित्त सचिव अजय सेठ आईआरडीएआई प्रमुख नियुक्त

कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के आईएएस हैं सेठ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने गुरुवार को पूर्व वित्त व आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ को भारतीय बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) का ⏩ शेष पेज 5 पर






आरएसएस प्रमुख भागवत ने मुस्लिम मौलवियों और विद्वानों के साथ की बैठक

# मुस्लिम समुदाय के साथ तालमेल बनाने की कवायद मानी जा रही मुलाकात

- नई दिल्ली के हरियाणा भवन में हुई बैठक में कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों और समुदाय की प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की और कई अहम मुद्दों पर विचार विमर्श किया। आरएसएस के संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के माध्यम से यह दिल्ली के हरियाणा भवन में यह बैठक आयोजित की गई। इस मुलाकात को संघ द्वारा मुस्लिम समुदाय के साथ तालमेल बनाने की कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले तीन साल से संघ प्रमुख मोहन भागवत की तरफ से प्रमुखता से मुस्लिमों और हिंदुओं के बीच की दूरी को पाटने की शुरुआत हुई है। इस बैठक में भागवत के अलावा आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, राम लाल, इंद्रेश कुमार सहित आरएसएस के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए हैं। भागवत ने जिन 50 से अधिक मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों से मुलाकात की, उनमें अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम उमर अहमद इलियासी, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के पूर्व चांसलर और मौलाना अबुल कलाम आजाद के पोते फिरोज बख्त अहमद, मौलाना महमूद हसन, मौलाना नजीमुद्दीन, जुबैर गोपलानी के अलावा कई अन्य मौलवियों एवं विद्वान शामिल थे। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, भागवत ने भारत में धार्मिक समावेशिता को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए कई प्रमुख मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मुलाकात की थी। इस बैठक का उद्देश्य आरएसएस के विचारों का प्रचार-प्रसार करना और समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना था। उस दौरान ज्ञानवापी मस्जिद विवाद, हिजाब विवाद और जनसंख्या नियंत्रण जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई।



फाइल फोटो

हरियाणा भवन में बृहस्पतिवार को हुई बैठक को लेकर संघ की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया। फिरोज बख्त ने कहा, भाईचारा सबसे जरूरी मुद्दा रहा। एक खाई बनाने की कोशिश हो रही है, उसे पाटने पर बात हुई। हम अलग-अलग धर्मों को मानते होंगे, लेकिन हम सभी भारतीय हैं। इमाम इलियासी ने कहा कि यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मगुरुओं ने आरएसएस के साथ मीटिंग की है। आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार वर्षों से मुस्लिम समाज के साथ संवाद कर रहे हैं।

### चोरी की चार गाड़ियां, सोने-चांदी के जेवर और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद

# चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, तीन किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

मध्य जिले की प्रसाद नगर थाना पुलिस ने सेंधमारी करने और वाहन चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी की चार गाड़ियां, सोने-चांदी के जेवर और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद हुये हैं।

डीसीपी निधिन वलसन के अनुसार पकड़े गये बदमाशों के नाम मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी राजवीर सिंह (24), गुरदीप सिंह (21) और महाराष्ट्र निवासी करन सिंह (21) हैं। इन्हें 20 जुलाई को पहाड़गंज इलाके के चित्रगुप्त रोड के पास से पकड़ा गया। इनकी गिरफ्तारी से वाहन चोरी और सेंधमारी के 15 मामलों का खुलासा हुआ है। डीसीपी ने बताया कि खुफिया जानकारी मिलने और सीसीटीवी फुटेज की निगरानी के आधार पर जाल बिछाया गया था तब कहीं जाकर तीनों बदमाश पकड़ में आये। इन्होंने पूछताछ में बताया कि चोरी की कई वारदातों में शामिल रहे हैं। यह गिरोह मुख्य रूप से रिहायशी इलाकों और दोपहिया वाहनों को निशाना बनाता था। इनसे बरामद चोरी की एक मोटरसाइकिल के संबंध केस पूर्वी दिल्ली के शकरपुर थाने में दर्ज पाया गया है। इनके पास से कुल चार बाइकें बरामद की गई। गिरोह का सरगना राजवीर सिंह 2020 में देशबंधु गुप्ता रोड में दर्ज चोरी के एक मामले में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। उस पर दिल्ली में तीन अन्य मामले दर्ज पाये गये हैं। गुरदीप और करन का काम इलाके की रेकी करने, चोरी करने और चोरी का सामान छिपाने में राजबीर की मदद करने का था। पुलिस के अनुसार जिन मामलों का खुलासा हुआ है वे मध्य, उत्तर, पूर्व और पश्चिम दिल्ली के जिलों में दर्ज थे। इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश के लिए जांच जारी है।



## हमला कर लूटने वाले गिरोह के तीन बदमाश पकड़े

**नई दिल्ली।** नांगलोई पुलिस ने हमला कर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने एक शख्स का गला चोक कर और मारपीट के बाद मोबाइल व कैश लूट लिया था। पकड़े गये बदमाशों के नाम अमित, कुशल और आशीष बताये गये हैं। इनके पास से लूटे गये दो मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि 18 जुलाई को लूट की वारदात की एक शिकायत पुलिस को मिली थी। पीड़ित ने बताया कि जब वह टिंबर मार्केट से गुजर रहा था तो तीन युवक उसके पास पहुंचे। अचानक एक ने उसका गला पकड़ लिया और चोक लगा दिया। दूसरे ने उसके पॉकेट से मोबाइल और कैश निकाल लिया। विरोध करने पर पीड़ित की साथ मारपीट की। उसके पेट पर घूंसे मारे गये। इसके बाद तीनों बदमाश फरार हो गए। एसएचओ पवन तोमर के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर राकेश, हेड कांस्टेबल विनोद और कांस्टेबल कप्तान की टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित के द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर पता लगाना शुरू किया और तीनों लुटेरों को पकड़ लिया गया। उनसे दो मोबाइल बरामद हुये हैं। जबकि कैश आरोपियों ने ड्रग्स में खर्च कर दिया।

## साउथ दिल्ली से चेक चुराकर झारखंड पहुंची भुनाने, घरेलू सहायिका गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली



दिल्ली से पांच लाख का चेक चुराकर एक घरेलू सहायिका ने झारखंड में भुनाने का प्रयास किया। साउथ कैंपस पुलिस ने लोकल पुलिस की मदद से आरोपी महिला को पकड़ लिया है। उसके पास से वह चेक भी बरामद हो गया है। गिरफ्तार महिला का नाम रेन मिंज बताया गया है। वह झारखंड की ही रहने वाली है।

पुलिस के अनुसार आनंद निकेतन में रहने वाली एक महिला ने घर से चेक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि उसके यहां काम करने वाली घरेलू सहायिका ने घर से चेक चोरी कर लिया है और वह अपने गांव झारखंड चली चली गई है। आरोपी सहायिका ने झारखंड के एक बैंक में जाकर 5 लाख का चेक भरकर कैश निकालने के लिए डाला। मैनेजर को कुछ शक हुआ और उसने फिर दिल्ली के नारायणा विहार ब्रांच से संपर्क किया। पता चला कि अकाउंट होल्डर ने इस तरह का कोई चेक जारी नहीं किया है। इसके बाद चेक को होल्ड कर दिया गया और पुलिस को सूचना दी गई। टीम आरोपी के बारे में पता लगाती हुई झारखंड पहुंची और लोकल पुलिस की मदद से महिला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि महिला का पति गांव में खेती करता है और उसके चार बच्चे हैं।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अर्जुन उर्फ गोपु उर्फ विनय उर्फ सरदार**, पुत्रः राजेन्द्र उर्फ अमित, पताः झुग्गी सी–101, लाल बाग, आजादपुर, दिल्ली, **FIR No. 312/2011** दिनांक **07.12.2011, U/s 25/54/59 Arms Act and 411/34 IPC,** थानाः क्राइम ब्रांच, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ गोपु उर्फ विनय उर्फ सरदार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ गोपु उर्फ विनय उर्फ सरदार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 312/2011** दिनांक **07.12.2011, U/s 25/54/59 Arms Act and 411/34 IPC,** थानाः क्राइम ब्रांच, दिल्ली,के उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ गोपु उर्फ विनय उर्फ सरदार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री दीपक वत्स
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट न. 101, प्रथम तल
राहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/9380/Crime/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मधु, पत्नीः मन्नू, पताः झुग्गी नियर घोड़े वाला मंदिर, रघुवीर नगर, राजौरी गार्डन, दिल्ली** ने **FIR No. 1157/2020, U/s 379 IPC, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मधु** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मधु** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1157/2020, U/s 379 IPC, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली** के अभियुक्त **मधु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायेशा चड्ढा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08
केंद्रीय जिला, कमरा नं. 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9489/N/2025


## पुलिस बल की कमी के चलते क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध को लेकर कांग्रेस ने उपराज्यपाल को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

पिछले कुछ महीनों से दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध को लेकर दिल्ली कांग्रेस केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों पर हमलावर रही है। करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी पुलिस बल की कमी के चलते बढ़ रहे अपराध को रोकने और पुलिस बल की संख्या बढ़ाने को लेकर उपराज्यपाल, पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर क्षेत्र की मांग रखी। इस बारे में भारद्वाज का कहना है कि पिछले कुछ समय से इस बुराड़ी थाना क्षेत्र में चोरी, छीनाझपटी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में तेजी से वृद्धि हुई है। हाल ही में, बुराड़ी मुख्य चौक पर दो दुकानों के शटर तोड़कर लाखों रुपये का माल चोरी होने की घटना इसका ताजा उदाहरण है। अपर्याप्त पुलिस गश्त और पुलिस बल की कमी के कारण अपराधी बेखौफ होकर ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भय और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। भारद्वाज ने आगे कहा पूरे बुराड़ी क्षेत्र में पुलिस बल की कमी के कारण नियमित और सघन पुलिस गश्त नहीं हो पाती है इस कमी से अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है। इसलिए मैने पत्र के माध्यम से उपराज्यपाल और पुलिस अधीक्षकसे अनुरोध किया है कि बुराड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस बल की संख्या में वृद्धि की जाए और नियमित गश्त की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। साथ ही, रात्रि गश्त को और प्रभावी करने के लिए अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती और निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और निवासियों में सुरक्षा का विश्वास बहाल हो सके।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले सुरक्षा खामियां जांचने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

- होटलों, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर चल रहा व्यापक जांच अभियान

दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस से पहले होटलों, रेलवे स्टेशनों और बस टर्मिनलों समेत शहर के प्रमुख स्थानों पर व्यापक जांच अभियान शुरू कर दिया है। 100 से अधिक स्थानों पर सुरक्षा खामियों की पहचान की गई है। पुलिस सूत्रों से गुरुवार को यह जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के विशेष प्रकोष्ठ ने 16 स्थानों पर सुरक्षा में खामियों की सूचना दी, इसके अलावा पूर्वी दिल्ली में 13, शाहदरा और उत्तरी दिल्ली में 12-12, मध्य दिल्ली में 11, दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में 10, दक्षिणी दिल्ली में नौ, मेट्रो सिटी में आठ, रोहिणी में सात और द्वारका में छह स्थानों पर सुरक्षा खामियों की सूचना दी गई। सूत्र ने बताया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर जारी हाई अलर्ट के मद्देनजर विशेष प्रकोष्ठ की कई टीम ने दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में पांच दिवसीय सुरक्षा जांच अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान, होटलों, पार्किंग, मेट्रो स्टेशन के निकट स्थानों, मेट्रो स्टेशन पर स्थित भोजनालयों, रेलवे स्टेशन के निकट कई परिसरों, बस स्टैंड और कई अन्य प्रतिष्ठानों में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों की पहचान की गई। एक अन्य अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि विशेष प्रकोष्ठ संबंधित जिलों के डीसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के लिए पत्र लिखेगा।

## कांग्रेस ने की अत्याधुनिक खेल परिसर विकसित करने की मांग, कहा स्टेडियम पड़े खस्ताहाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा ओलंपिक खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपये देने की घोषणा पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ नरेश कुमार ने बयान जारी कर कहा है कि पहले दिल्ली में अत्याधुनिक खेल परिसर विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा कि राजधानी में इस समय करीब 2 दर्जन से ज्यादा ऐसे स्टेडियम है जो बेहद खस्ताहाल में है, उन्हें सही करने का समय तक नहीं है सरकार के पास। दिल्ली सरकार द्वारा ओलंपिक खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपये देने की घोषणा सिर्फ झूठा प्रचार और जनता को गुमराह करने का एक और हथकंडा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली में पिछले 4 महीने से कई कोच को तनख्वाह तक नहीं मिली और सीएम खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपए देने का वादा कर रही है। भाजपा सरकार की नीतियाँ केवल विज्ञापन और फोटो खिंचवाने तक ही सीमित है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। क्योंकि दिल्ली के खिलाड़ियों को बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं। डॉ. नरेश ने कहा कि सरकार ने अब तक कोई नया अत्याधुनिक खेल परिसर तक नहीं बनाया है और न ही पुराने स्टेडियमों की मरम्मत या उन्नयन का कोई ठोस कार्य कर पाई है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार बताए कि खिलाड़ियों को अब तक कौन-कौन सी सुविधाएं दी गई है, कहां-कहां कोचिंग सेंटर शुरू किए गए हैं और किस स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस किया गया है। उन्होंने पंजाबी बाग स्थित राजीव गांधी स्टेडियम, निजामपुर का जंगली राम स्टेडियम, नांगलोई का सूरजमल स्टेडियम और नजफगढ़ स्टेडियम सहित करीब दो दर्जन स्टेडियमों का जिक्र करते हुए कहा कि इन स्थानों पर न तो पीने का पानी है, न शौचालयों की सफाई, न मैदानों की देखरेख और न ही किसी प्रकार की खेल प्रशिक्षण की सुविधा मौजूद है। डॉ. नरेश कुमार ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह स्टेडियम अब खेल गतिविधियों के बजाय धार्मिक आयोजनों और कांवड़ यात्रा के अस्थायी डेरों में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जमीनी सच्चाई से आँखें मूंदे हुए है और सिर्फ रिबन काटकर और घोषणाएं करके मीडिया में सुर्खियां बटोरना चाहती है।

## तीज न केवल परंपरा और एकजुटता का उत्सव है, बल्कि यह आनंद और प्रकृति के कायाकल्प का जीवंत प्रतिबिंब भी है : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली



- एनडीएमसी ने पीएसओआई क्लब, चाणक्यपुरी में हरियाली तीज उत्सव धूमधाम से मनाया

तीज केवल परंपरा और एकजुटता का उत्सव ही नहीं है, यह सावन के आनंद और स्फूर्ति का एक जीवंत प्रतिबिंब है। जहां बहनें और बेटियां अपने हाथों में मेहंदी सजाती हैं और उत्सव में झूला झूलती हैं, वहीं प्रकृति भी हरियाली की चादर ओढ़कर आनंद से झूम उठती है। यह बातें गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा आयोजित तीज कार्यक्रम में कही। गौरतलब है कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने कर्मचारियों के साथ पहली बार नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित पीएसओआई क्लब के हरे-भरे लॉन में हरियाली तीज का जीवंत और आनंदमय उत्सव मनाया। मानसून की भावना से ओतप्रोत इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं एनडीएमसी को सबसे स्वच्छ शहर के लिए राष्ट्रीय स्तर का स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्राप्त करने और अपने क्षेत्र को पूरे वर्ष हरा-भरा रखकर राष्ट्रीय मानक स्थापित करने के लिए हार्दिक बधाई देती हूं। आइए, यह दिल्ली के सभी लोगों के लिए एक प्रेरणा बने कि हम अपने पूरे शहर को न केवल स्वच्छ और हरा-भरा बनाएं, बल्कि आनंदमय और जीवन से भरपूर भी बनाएं। तभी हम वास्तव में उस दिल्ली का निर्माण कर सकते हैं, जिसका उसके नागरिक सपना देखते हैं। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि यह त्यौहार हमारी बेटियों को एक साथ लाता है, उनमें एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना का पोषण करता है और उन्हें आत्मविश्वास और साहस के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहां बेटियां न केवल बड़े सपने देख रही हैं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में महानता भी हासिल कर रही हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका गुर्जर, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा, एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल और एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह और सरिता तोमर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में एनडीएमसी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक सतीश उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। एनडीएमसी की महिला कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य कर्मचारियों ने भी बड़ी संख्या में समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## 24 घंटे में बिजली की मांग में 900 मेगावाट तक बढ़ोत्तरी हुई दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में झमाझम बारिश के चलते कई दिनों से बिजली की मांग में कमी बनी हुई थी, लेकिन गुरुवार को इसमें एकाएक 900 मेगावाट की बड़ी खपत देखी गई। मांग बढ़ने के साथ ही दिल्ली के कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की शिकायतें भी सामने आई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार गुरुवार दोपहर 3.02 बजे दिल्ली में अधिकतम बिजली की मांग का आंकड़ा बढ़कर 6951 मेगावाट तक पहुंच गया। जबकि बुधवार की रात 10.53 बजे अधिकतम मांग 6055 मेगावाट दर्ज ही रही थी। यानी 24 घंटे से भी कम समय में बिजली की अधिकतम मांग में करीब 900 मेगावाट की भारी बढ़त दर्ज हुई है। इस बढ़त पर निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस व टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों का कहना है कि यह कोई असाधारण बढ़त नहीं है।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.नं. 233 दिनांक 21.07.2025 धारा 140(3) बी.एन.एस. थाना मुरथल जिला सोनीपत।



गुमशुदा की पहचान
नाम- सन्नी।
पिता का नाम - प्रेमशंकर।
पता- गांव बाली जिला बरेली हाल पता आर के कालोनी मुरथल जिला सोनीपत।
उम्र- लगभग 15 वर्ष।
कद- 4 फुट।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, सामान्य शरीर, काले बाल, काली आंखें।
पहनावा - सफेद टी-शर्ट व काली लोवर पहने हुए है व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.07.2025 को सन्नी पुत्र प्रेमशंकर वासी गांव बाली जिला बरेली हाल पता आर के कालोनी मुरथल जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जो अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. नं.-7419410540
अनुसंधानकर्ता मो. नं.-9466846009
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3674/2026/36936/88/7 दि. 24.07.25


## साढ़े 10 लाख से ज्यादा की ऑनलाइन ठगी में दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने झारखंड और वेस्ट बंगाल में कई जगहों पर छापेमारी करने के बाद दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। एक को झारखंड के धनबाद और दूसरे को पश्चिम बंगाल के वीरभूम से दबोचा गया। इन्होंने दिल्ली के एक शख्स के फोन में डॉट एपीके फाइल भेजकर 10.64 लाख की ठगी को अंजाम दिया था। यह ठगी सरकारी बैंक का प्रतिनिधि बनकर की गई थी। पकड़े गये आरोपियों के नाम शंकर और प्रदीप बताये गये हैं। इनके पास से छह स्मार्ट मोबाइल और कॉलिंग डिवाइस बरामद हुई है। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 30 जून को चीटिंग की शिकायत



पुलिस को मिली थी। बताया गया कि एक सरकारी बैंक का प्रतिनिधि बनकर फोन कॉल पर संपर्क किया गया। फिर चेक बाउंस होने की बात कह कर उन्हें बातों में उलझाया। इसके बाद उनके मोबाइल पर डॉट एपीके फाइल भेजकर चीटिंग की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित को पता चला कि उनके खाते से 10 लाख 64 हजार रुपये डेबिट हुये हैं। एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की। जिस नंबर से कॉल किया गया था और बैंक अकाउंट का विश्लेषण किया गया। टीम ने लगभग 20 दिनों की छानबीन के बाद दो आरोपियों का पता झारखंड के धनबाद और वेस्ट बंगाल के बीरभूम में लगाया। फिर उनके ठिकाने पर छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि शंकर मर्डर और साइबर चीटिंग के मामले में पहले भी शामिल रह चुका है। इसका काम बैंक अधिकारी या प्रतिनिधि बनकर लोगों को संपर्क करना होता था। उन्हें बातों में उलझाना होता था, बाकी काम इसके दूसरे साथी करते थे। दूसरा आरोपी प्रदीप भी मर्डर के मामले में पहले से शामिल रह चुका है। यह पेमेंट एप्लिकेशन चलाने में माहिर था, जिससे चीटिंग के अमाउंट को अलग अलग जगह तुरंत ट्रांसफर किया जाता था।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बरवाला में बस स्टैंड के मौजूदा परिसर में प्रस्तावित नये 6 बेज बस स्टैंड का निर्माण (सिक्योरिटी/स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 23.07.2025 30.07.2025 | 12.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में धांगेर में राजकीय बहुतकनीकी में अग्निशमन प्रणाली का प्रावधान। | 21.07.2025 29.07.2025 | 14.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में शौचालय ब्लॉक (महिलाएं एवं पुरुष) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 29.07.2025 | 8.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज पिंजौर | गांव जोहरीवाला जीपी-मंगनीवाला, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 22.07.2025 29.07.2025 | 20.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज हिसार | आर्य नगर, हिसार-2, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के नाम सामुदायिक केन्द्र का निर्माण (एचजीवीवाई) + 9 कार्य। | 23.07.2025 04.08.2025 | 193.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज गन्नौर | गांव खुबडू में समक्ष्य तालाब के निकट चारदिवारी का निर्माण, डी-प्लान 2025-26. | बंद होने की तिथि 29.07.2025 | 10.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 7 | वन विभाग, सिरसा | सिरसा जिले के 8 ब्लॉक में प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा और प्लांटेशन कार्य। | बंद होने की तिथि 29.07.2025 | 31.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा चरखी दादरी | विभिन्न गांवों के बाढ़ प्वाइंट्स के लिए सामग्री की आवश्यकता। | बंद होने की तिथि 28.07.2025 | 0.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा चरखी दादरी | बाढ़ ऋतु 2025-26 के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर स्थापित इलैक्ट्रोमेकेनिकल उपकरणों के प्रचालन व रखरखाव और देखभाल के लिए हैल्पर/चौकीदार/ऑपरेटर का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 28.07.2025 | 66.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन करनाल | करनाल जिले में विभिन्न राजकीय स्वास्थ्य सुविधाओं को ईडीएल के अनुरूप औषधि और कंज्यूमेबल्स, डेंटल मदों और अन्य मदों की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा के सम्बन्ध में। | 30.07.2025 22.08.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842267796 dhs.csknl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/36953/I/88/7 दि. 24.07.25

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली का किया शुभारंभ

# दिल्ली के अस्पतालों में अब मरीज घर बैठे ले सकेंगे डॉक्टर से अपॉइंटमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अब मरीज दिल्ली के किसी भी अस्पताल में घर बैठे डॉक्टर से अपॉइंटमेंट और ओपीडी में पंजीकरण करा सकेंगे। इस बाबत गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली (एचआईएमएस) का डिजिटली शुभारंभ किया। वहीं मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता को 34 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आठ नए जन औषधि केंद्रों को समर्पित किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के अस्पतालों का डिजिटलीकरण होना उनकी सरकार की प्रगति का सूचक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद दिया और कहा कि केंद्र के मिले बजट से हम दिल्ली का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को अब इतना विकसित स्वास्थ्य सिस्टम मिलेगा कि उन्हें अपना इलाज करवाने में कोई तकलीफ नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब अगर किसी व्यक्ति को ओपीड़ी, टेस्टिंग के लिए टाइम लेना है, अस्पताल से जुड़े लैब, रेडियोलोजी, मेडिकल रिकॉर्ड, बिलिंग, एंबुलेंस, एडमिनिस्ट्रेशन, हर तरह की प्रक्रिया की जानकारी लेनी है तो इस डिजिटल प्लेटफार्म पर जाकर अस्पताल से संपर्क कर सकते हैं। अब मरीज या उसका रिश्तेदार को कहीं धक्के खाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली की जनता का हेल्थ रिकॉर्ड बना रही है। लोग अपना कार्ड प्रस्तुत करेंगे, उसकी जांच के बाद इलाज शुरू हो जाएगा। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, कई विधायक, मुख्य सचिव धर्मेंद्र व स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब दवाइयों की खरीद में भ्रष्टाचार रोक दिया गया है। अब डिजिटल प्लेटफार्म से दवाओं की खरीद की जा रही है। महंगी दवाइयों की खरीद हमने पहले भी जन औषधि केंद्र खोल कर बंद कर दी है। स्वास्थ्य सिस्टम को और मजबूत बनाने के लिए अस्पतालों के लिए स्थायी भर्ती शुरू कर दी गई है। हमने 1350 से अधिक नर्सिंग स्टाफ को परमानेंट करने के पत्र जारी किए। यह पद पिछले 10 सालों से भरे नहीं गए थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि आरोग्य मंदिरों में अनेक प्रकार के लैब टेस्ट किए जा रहे हैं। ये आरोग्य मंदिर प्राइमरी हेल्थ इंस्टीट्यूशन है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि गुरुवार को दिल्ली को मिली तीन स्वास्थ्य पहलों का उद्देश्य स्वस्थ दिल्ली, समृद्ध दिल्ली है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि हर नागरिक तक सस्ती, सुलभ और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दिल्ली में कुल 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना करना है, ताकि हर मोहल्ले और कॉलोनी तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें।

### '34 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन'

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बुराड़ी, करोलबाग, राजेंद्र नगर, कोंडली, मायापुरी, गांधी नगर, वजीरपुर, सीलमपुर, सीमापुरी, महरौली, शकूरबस्ती आदि विधानसभाओं में 34 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का डिजिटली उद्घाटन किया गया। इन नए आरोग्य मंदिरों के शुरू होने के बाद दिल्ली में अब इनकी संख्या 67 हो गई है। ये आरोग्य मंदिर टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य सेवा, टीबी-कुष्ठ रोग उन्मूलन और गैर-संचारी रोगों की जांच व प्रबंधन जैसी 12 मुख्य सेवाएं प्रदान करते हैं। साथ ही इन आरोग्य मंदिरों में लैब जांच, योग सत्र और टेली-मेडिसिन सेवाएं भी उपलब्ध हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक लगभग 93 लाख आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता आईडी बनाए जा चुके हैं, जो मरीजों के स्वास्थ्य इतिहास को सुरक्षित रखने और विभिन्न अस्पतालों के बीच रेफरल प्रणाली को आसान बनाएंगे।

### खोले गए 8 और नए जन औषधि केंद्र

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय, संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल, जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, डॉ. हेडगेवार आरोग्य संस्थान और दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट आदि में 8 नए जन औषधि केंद्र खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही, दिल्ली में अब कुल 25 जन औषधि केंद्र संचालित हो चुके हैं, जिनमें से 17 पिछले माह प्रारंभ किए गए थे। इन केंद्रों में आम जनता को बाजार दर से 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध होती हैं। इस योजना के अंतर्गत 2,047 जेनेरिक दवाएं और 300 सर्जिकल उत्पाद शामिल हैं।

### सीएम ने दी शुभकामनाएं

## सरकारी स्कूलों के 14 छात्र जाएंगे व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए जर्मनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के स्कूलों में से चयनित 14 बच्चों को एपीएएल प्रोजेक्ट 2025 के अंतर्गत जर्मनी में वोकेशनल एजुकेशन में जाने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित बच्चों ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों को पंख दिए। अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता के माध्यम से, उन्होंने अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक स्थान अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की हमेशा से प्रतिबद्धता रही है कि प्रत्येक बच्चे को उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना विश्व स्तरीय शिक्षा, कौशल विकास और वैश्विक अवसर मिलें। इन बच्चों का चयन उसी प्रतिबद्धता का एक जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इन सभी बच्चों को हार्दिक बधाई देती हूं। यह यात्रा केवल उनकी नहीं है, बल्कि एक नए भारत के निर्माण की दिशा में भी एक कदम है - एक ऐसा भारत जहां सपनों की कोई सीमा नहीं है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि एपीएएल कार्यक्रम युवा छात्रों को जर्मनी में दोहरी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का एक असाधारण अवसर प्रदान करता है। सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार और जर्मन सरकार के बीच एक तरह का आदान-प्रदान किया गया है जो कौशल और रोजगार दोनों पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम के तहत, ये 14 छात्र जर्मनी जाएंगे, जहां वे 3 से 3.5 साल की अवधि के लिए प्रशिक्षण और उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे, और प्लेसमेंट हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि ये छात्र देश के राजदूत बनेंगे, और वे जहां भी जाएंगे, वे गर्व से भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# दीमकों का भोजन बन रही हैं एमसीडी की लकड़ियां

दया राम ⏭ नई दिल्ली

- जवाबदेही से बच रहा है निगम प्रशासन
- जनता का पैसा, जवाबदेही भी जरूरी



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) भले ही राजस्व की कमी से जुझ रही है, इसके बावजूद भी निगम अधिकारियों की कार्यशैली में कोई विशेष बदलाव नहीं आ रहा है। बता दें कि करीब तीन महीने पहले हरिभूमि ने 'दिल्ली नगर निगम के लिए लकड़ियां बनी गले की फांस' प्रकाशित की थी और उस समय निगम के जन स्वास्थ्य विभाग में इन लकड़यों को लेकर हड़कंप मचा था लेकिन 'चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात' वाली कहावत की तरह ही निगम प्रशासन भी फिर से सो गया और एमसीडी द्वारा लाखों रुपए की लागत से खरीदी गई लकड़ियां अब दीमकों का भोजन बन रही हैं। जानकार लोग अब इस मामले को लेकर निगम की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं। तीन साल पहले कोविड महामारी के दौरान अंतिम संस्कार हेतु खरीदी गई लकड़ियां अब नजफगढ़ जोन के एक सुनसान जंगल में दीमकों का भोजन बन रही हैं, और निगम प्रशासन की चुप्पी इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। जागरूक लोग कहते हैं कि यदि जनता का पैसा खर्च हुआ है, तो उसका उपयोग भी ईमानदारी से होना चाहिए। यह मामला सिर्फ लकड़यों के सड़ने का नहीं, बल्कि सिस्टम के सड़ने का है।

### कोरोना काल में हुई थी बड़ी खरीदारी

बता दें कि कोरोना की भयावह लहर के दौरान दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने अंतिम संस्कार के लिए भारी मात्रा में लकड़ियां खरीदी थीं। तब मानवीय संकट के समय इस कदम को जरूरी और सराहनीय बताया गया था, लेकिन अब ये वही लकड़ियां बिना उपयोग के खुले में पड़ी-पड़ी सड़ रही हैं। वर्ष 2022 में नगर निगमों के एकीकरण के बाद से न तो इनका कोई उपयोग किया गया, और न ही इनके संरक्षण की कोई योजना बनी।

### प्रशासन मौन, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि द्वारा जब इस विषय पर दिल्ली नगर निगम से जानकारी मांगी गई तो एक सप्ताह तक कोई जवाब नहीं दिया गया। यह चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि या तो निगम के पास कोई ठोस जवाब नहीं है या फिर वह जानबूझकर इस गड़बड़ी को छिपाना चाहता है। सूत्रों की मानें तो इस मामले की जानकारी नजफगढ़ जोन के उपायुक्त से लेकर मुख्यालय में बैठे एमएचओ तक को है, लेकिन कोई भी अधिकारी इस पर कोई निर्णय नहीं ले रहा।

### जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बने चौकीदार

सूत्रों के अनुसार, इन लकड़ियों की रखवाली के लिए जन स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मियों को तैनात किया गया है, जो अब अपने मूल कार्य छोड़कर जंगल में लकड़ियों की पहरेदारी कर रहे हैं। यह न केवल मानव संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि विभागीय प्राथमिकताओं पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

## प्रवेश वर्मा ने निर्माण एवं ध्वस्तीकरण वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को बक्करवाला में निर्माण एवं ध्वस्तीकरण वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। यहां निर्माण से जुड़े कचरे से ईंटें, टाइल्स और अन्य निर्माण सामग्रियां बनाई जा रही है।

अपने दौरे की तस्वीरे एक्स पर शेयर करते हुए मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने लिखा कि गुरुवार को बक्करवाला में निर्माण एवं ध्वस्तीकरण वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। यहां निर्माण से जुड़े कचरे को सुनियोजित तरीके से प्रोसेस कर उसे ईंटों, टाइल्स और अन्य निर्माण सामग्रियों में परिवर्तित किया जा रहा है, जो पर्यावरण-संवेदनशील विकास की दिशा में एक सशक्त पहल है। अधिकारियों के साथ इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा की कि कैसे इस प्रकार के वेस्ट का और भी व्यापक स्तर पर अन्य क्षेत्रों में पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वेस्ट टू वेल्थ और सकुर्लर इकोनॉमी की सोच को जमीन पर उतारने का कार्य तेजी से हो रहा है।

## दिल्ली महिला कांग्रेस ने की महिलाओं के लिए सैनिटरी पैड बनाने व सिलाई केंद्र स्थापित करने की शुरुआत

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस ने गुरुवार को नेतृत्व सृजन कार्यक्रम के साथ प्रियदर्शिनी उड़ान व प्रियदर्शिनी सिलाई योजना की शुरुआत की। दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित जिला अध्यक्षों व ब्लॉक अध्यक्षों के लिए नेतृत्व सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव शामिल हुए और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस बारे में महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने बताया कि जिन दो योजनाओं की शुरुआत की गई है जिसमें प्रियदर्शिनी उड़ान योजना के अंतर्गत महिलाओं को सैनिटरी पैड बनाने का कार्य देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इस पहल के तहत गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए जा रहे हैं। लांबा ने बताया कि जबकि प्रियदर्शिनी सिलाई योजना की भी शुरुआत की गई है जिसके अंतर्गत दिल्ली के हर जिले में सैनिटरी पैड बनाने के अलावा सिलाई केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस पहल की सराहना करते हुए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस इन योजनाओं को हर विधानसभा तक ले जाएगी और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

## पिछले 6 महीनों में 118 दिन दिल्ली की हवा रही साफ : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पिछले 6 महीनों में 118 दिन दिल्ली की हवा साफ रही। ये आंकड़ा 2016 में पूरे साल में दर्ज 110 दिनों को पार कर गया है। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। मंत्री सिरसा ने प्रैसवार्ता में कहा कि 1 जनवरी से 24 जुलाई 2025 तक दिल्ली में 118 ऐसे दिन दर्ज किए गए हैं जब वायु गुणवत्ता 'साफ श्रेणी में रही। यह रुझान दर्शाता है कि 2025 के अंत तक पिछले एक दशक में दिल्ली पहले के मुकाबले दोगुनी संख्या में स्वच्छ वायु वाले दिन हासिल कर सकती है। अगर गुरुवार को जारी पर्यावरण हेल्थ बुलेटिन की बात करें तो गुरुवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 91 रहा, जो 'सैटिसफैक्टरी' श्रेणी में आता है। 24 जुलाई को पंजाबी बाग (64), बवाना (71) और नरेला (77) शहर के सबसे साफ हॉटस्पॉट्स रहे। मंत्री सिरसा ने कहा कि हम रुकने की स्थिति में नहीं हैं।

हमारी टीमें रोजाना जमीन पर मौजूद हैं। हमारा लक्ष्य केवल प्रदूषण को घटाना नहीं, बल्कि उसे लगातार नीचे बनाए रखना है। सिरसा ने कहा कि ये 118 स्वच्छ वायु वाले दिन संयोग नहीं हैं। यह विभिन्न एजेंसियों के समन्वय, त्वरित प्रवर्तन और जनता की भागीदारी का नतीजा है। हम हर वार्ड, हर जोन में हर दिन काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की यह पर्यावरणीय प्रगति 'विकसित भारत, विकसित दिल्ली' मिशन का हिस्सा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। मंत्री सिरसा ने कहा कि साल 2016 के जनवरी-जुलाई कालखंड में दिल्ली में केवल 45 स्वच्छ वायु वाले दिन दर्ज किए गए थे, जबकि वर्तमान वर्ष में यह आंकड़ा 118 तक पहुँच चुका है, यानी 160 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई। डेटा यह भी दर्शाता है कि खराब श्रेणी के दिनों की संख्या में भी बड़ी गिरावट आई है।

## आवारा कुत्तों पर काबू पाने में नाकाम है भाजपा : नाजिया

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कांग्रेस दल की नेता नाज़िया दानिश ने महापौर राजा इकबाल सिंह के इस्तीफे की मांग करते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है और भाजपा शासित एमसीडी इसे नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। नाज़िया दानिश ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में पहले आम आदमी पार्टी ने निगम को पूरी तरह बर्बाद कर दिया और अब भाजपा भी इसे सँभालने में असफल हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली प्रदेश में भाजपा अध्यक्ष रेखा गुप्ता और नगर निगम में महापौर राजा इकबाल सिंह है और इन तीनों के होते हुए भी राजधानी दिल्ली में कुत्तों के आतंक पर लगाम नहीं लगाई जा सकी है।

### 'आप' ने भाजपा पर लगाया दलित विरोधी होने का आरोप

# निगम सदन की विशेष बैठक में हुआ जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर स्थित निगम सदन की विशेष बैठक में गुरूवार को उस समय हंमागा शुरू हो गया जब आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने एससी (अनुसूचित जाति) समिति में भाजपा द्वारा दलित सदस्यों की संख्या कम करने के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया और भाजपा पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की।

बता दें कि महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह जैसे ही सदन में पहुंचे और सदन बैठक में एजेंडा पर नेता सदन प्रवेश वाही को चर्चा करने की बात कही तभी आप पार्षदों ने वेल में आकर 'भाजपा दलित विरोधी है' लिखे पोस्टर हवा में लहराने शुरू कर दिए और नारेबाजी करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व वाली नगर निगम ने एससी (अनुसूचित जाति) समिति और अन्य विशेष समितियों में सदस्यों की संख्या 35 से घटाकर 21 कर दी है, जिससे दलित प्रतिनिधित्व में भारी कटौती हुई है। महापौर ने कहा कि आज की विशेष बैठक में भी आम आदमी पार्टी ने अपनी उसी मानसिकता को दोहराया और सदन में चर्चा से बचने के लिए जानबूझकर हंगामा किया। हंगामे के बीच महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कई बार विपक्षी पार्षदों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। स्थिति को बेकाबू होता देख अंततः महापौर ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा कर दी और बैठक कुछ ही मिनटों में समाप्त हो गई।

महापौर के बाहर जाने के बाद भी 'आप' पार्षदों का विरोध जारी रहा और वे काफी देर तक सदन में नारेबाजी करते रहे। दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि 'विशेष और तदर्थ समितियों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है तथा चुनाव 6 और 7 अगस्त को संपन्न होंगे।

### 'सदस्यों की संख्या फिर से 35 करने की मांग'

आप के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बताया कि भाजपा ने जानबूझकर समिति की सदस्य संख्या कम की है ताकि दलित पार्षदों को उनकी उचित भागीदारी और अधिकारों से वंचित किया जा सके। इसे उन्होंने दलित विरोधी कदम करार दिया और समिति की सदस्य संख्या पुनः 35 करने की मांग की। नगर निगम की अगली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा के आसार हैं। वहीं 'आप' ने चेतावनी दी है कि यदि समिति की सदस्य संख्या बहाल नहीं की गई, तो उनका विरोध प्रदर्शन और तेज होगा।

### आईवीपी ने आप की नीतियों पर उठाए सवाल

इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने एससी कमेटी के नाम पर हंगामा करने वाली आम आदमी पार्टी की नीतियों पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप नेताओं को कोई आपत्ति है तो जब सदन में यह प्रस्ताव लाया गया था, तभी औपचारिक चर्चा के साथ विरोध दर्ज कराना चाहिए था। यदि आप नेताओं को वास्तव में दलित पार्षदों के हितों का इतना ही ख्याल है तो उन्हें कमेटी के सदस्यों के नामांकन करने का भी बहिष्कार करना चाहिए था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

## झुग्गी झौपड़ी उजाड़ने के खिलाफ चलाएंगे विस्तृत अभियान : कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ऐलान किया है कि जल्द ही झुग्गी झौपड़ी और रेहड़ी पटरी को उजाड़े जाने को लेकर सड़कों पर अभियान चलाकर लोगों की आवाज बनेगी। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरूवार को लोकसभा,जिला आर्ब्जवर तथा जिला अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक में इस बात का ऐलान किया। बैठक में यादव के अलावा दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में यादव ने सभी जिला प्रशिक्षण शिविरों की सफलता पर कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश स्तर की एक कमेटी बनाई है जो बहुत जल्द दिल्ली के मुद्दों को लेकर अपनी रिपोर्ट देगी कि किस प्रकार से कांग्रेस को जन सरोकार के मुद्दों को आगे लेकर चलना है। जिसमें मुख्यत झुग्गी झौपड़ी और रेहड़ी पटरी के उजाड़े जाने को लेकर विस्तृत रुपरेखा बनाकर अगले महीने जमीनी स्तर पर काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां झुग्गी वहीं मकान का वादा करने वाली भाजपा आज गरीबों के सिर से झुग्गी की छत भी तोड़ रही है। जबकि रेहड़ी पटरी के सहारे गरीब अपने परिवार को चलाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### 6 लाख 81 हजार रुपए की ठगी, आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 6,81,896 रुपए की ठगी करने के आरोपी को साइबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में तिरखा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक कॉल आया जिसमें वर्क फॉर्म होम के लिए बोला गया जिसके बाद उसे कुछ टास्क दिए।



### सामान चोरी करने वाले चार आरोपी पकड़ाएं

**फरीदाबाद।** प्लांट से सामान चोरी करने वाले चार आरोपियों को अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में पंकज निवासी श्याम नगर, गांव सरूरपुर फरीदाबाद ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 21-22 जुलाई की रात को नामालूम व्यक्ति 9 फ्रैंडस कॉम्पलेक्स नंगला एल्युमिनियम वॉयर 80 बंडल व 50 पेटी मोटर की चोरी करके ले गया है।



### दो लाख रुपए की ठगी, एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के माध्यम से 2 लाख 10 हजार रुपए की ठगी करने में खाता उपलब्ध करवाने वाला आरोपी साइबर थाना बल्लभगढ़ ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में कृष्णा कॉलोनी सेक्टर-20 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि 9 अप्रैल को उसके पास टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब करके कम समय में पैसे कमाने बारे मैसेज प्राप्त हुआ। जिस मैसेज को देख कर उसने काम करने के लिए हां कर दिया और फिर उससे उसकी निजी जानकारी ली गई।



# ट्रांसप्लांटकॉन सेमिनार में किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़ी नई तकनीक पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल की ओर से हाईवे स्थित होटल रेडिसन ब्लू में ट्रांसप्लांटकॉन का आयोजन किया गया। जिसमें यूरोलॉजी और अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र के देशभर के 250 से अधिक जाने-माने डॉक्टर, विशेषज्ञ और मेडिकल छात्र शामिल हुए। यह सम्मेलन नॉर्थ जोन यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के मिड-टर्म मीट के रूप में आयोजित किया गया, जिसकी मेजबानी हरियाणा यूरोलॉजिकल एसोसिएशन ने की। एकॉर्ड अस्पताल के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से चिकित्सा क्षेत्र में काम कर रहे डॉक्टरों, शोधकर्ताओं और छात्रों को आपस में सीखने और अनुभव सांझा करने का बेहतरीन मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि अंग प्रत्यारोपण और यूरोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निरंतर तकनीकी और चिकित्सकीय बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में ट्रांसप्लांटकॉन जैसे सम्मेलन चिकित्सा समुदाय को न केवल अपडेट रखते हैं, बल्कि उन्हें नई दिशा भी देते हैं।

सेमिनार में देशभर के 250 से अधिक जाने-माने डॉक्टर, विशेषज्ञ और मेडिकल छात्र शामिल हुए



### दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

दो दिवसीय सेमिनार की अध्यक्षता एकॉर्ड अस्पताल के यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डा. सौरभ जोशी ने की। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों से विभिन्न अस्पतालों और संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलता है, जो अंततः मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने में मदद करता है। कार्यक्रम संचालन समिति के सचिव डॉ. वरुण कटियार ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य सिर्फ ज्ञान सांझा करना ही नहीं, बल्कि चिकित्सा समुदाय के बीच आपसी सहयोग, संवाद और नेटवर्किंग को बढ़ावा देना भी है। इस तरह के कार्यक्रमों से डॉक्टरों को अपने काम के प्रति नई ऊर्जा और दृष्टिकोण मिलता है, जो सीधे तौर पर मरीजों की बेहतर देखभाल में मदद करता है। कार्यक्रम की संरक्षक मंडली में डॉ. अनंत कुमार और डॉ. एसपी यादव शामिल रहे, जिन्होंने लंबे समय से इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

### डॉक्टरों ने अपने अनुभव साझा किए

सम्मेलन में विभिन्न सत्रों के माध्यम से अंग प्रत्यारोपण, यूरोलॉजी, नई तकनीकों और रिसर्च पर आधारित चर्चाएं हुईं। डॉक्टरों ने अपने अनुभव सांझा किए और नई चुनौतियों व समाधान पर विचार प्रस्तुत किए। मेडिकल छात्रों और रेजिडेंट्स के लिए यह सम्मेलन सीखने का एक बड़ा अवसर बना।

### बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई

# हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन से की मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन फरीदाबाद की मांग पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन बल्लभगढ़ द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग में बिजली पेंशनर्स, फैमिली पेंशनर्स व उनके आश्रितों का डेटा उनको मिलने वाली चिकित्सा सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के एन आई सी पोर्टल पर अपलोड करवाने की मांग की गई ताकि पेंशनर्स को हरियाणा सरकार के पैनल पर उपलब्ध हॉस्पिटलों में इलाज करवाते वक्त कोई परेशानी न हो।



इसी कड़ी में पेंशनर्स को 15 साल का समय पूरा करने पर कम्युटेशन रिकवरी को रोक कर पेंशन में जोड़ने का नियम है परंतु महकमे द्वारा समय पर कम्युटेशन रिकवरी न तो बंद की जा रही हैं और न ही पेंशनर्स के खाते में बहाल की जा रही हैं। इससे पेंशनर्स को वित्तीय परेशानी का खामियाजा भुगतना पड़ता है। कम्युटेशन रिकवरी को समय पर रीस्टोर करने की जरूरत है। इसी तरह एसोसिएशन द्वारा पेंशनर्स को पति-पत्नी के जॉइंट फोटो के साथ पेंशन भुगतान आदेश बुक देने की मांग भी की जा रही है। ताकि पेंशनर्स को उनकी पहचान करवाने में कोई दिक्कत न हो। परंतु बार बार मांग करने के बावजूद बिजली पेंशनर्स को हरियाणा सरकार के पेंशन रुल के मुताबिक फॉर्म 16 पर पीपीओ नहीं दिया जा रहा है। बैठक में पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का जल्द भुगतान करने व जनवरी 2016 से पेंशन संशोधित के बकाया मामले निपटने की मांग भी की गई। कार्यकारी अभियंता कार्यालय द्वारा सभी मांगो पर जल्द सहानुभूति पूर्वक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। मीटिंग में डी एच बी वी एन प्रशाशन की तरफ से कार्यकारी अभियंता संजीव मंगला व सुभाष चंद तथा एसोसिएशन की तरफ से केंद्रीय परिषद के नेता बीर सिंह, जिला प्रधान देवी दयाल दिसोदिया, उप प्रधान महेंद्र सिंह, सचिव सुभाष चंद त्यागी, खूब सिंह धारीवाल, राम निवास, सुभाष चंद शर्मा व राम कुमार शामिल थे।

### प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री त्यागी को दी श्रद्धांजलि

# सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले समर्पित जननेता थे राजपालः भूपेंद्र चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक गुरुवार को लोहिया नगर गाजियाबाद पहुंचे और यहां प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवंगत राजपाल त्यागी को अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजपाल त्यागी एक सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले समर्पित जननेता थे, जिनका समूचा जीवन जनसेवा को समर्पित रहा। उनका जाना न केवल क्षेत्र के लिए, बल्कि प्रदेश की राजनीति के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि राजपाल त्यागी जी ने अपने कार्यकाल में समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया। उनका व्यवहार, नेतृत्व और नीति आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम सभी उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर



दोनों नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

चौधरी एवं पाठक ने वर्तमान विधायक अजीत पाल त्यागी को पितृशोक होने पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि भाजपा परिवार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग का तुगलकी फरमान, बढ़े हुए ट्रैरिफ से उद्योगपतियों में मचा हड़कंप

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तुगलकी फरमानों से जहां एक ओर समूचे विश्व में हडकंप मचा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग के बिजली टैरिफ से उद्योगपतियों में हड़कंप मच गया है। उद्योगपति अब बिजली विभाग के इस टैरिफ को रोल बेक करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगा रहे है। काबिलेगौर यह है कि बिजली विभाग द्वारा 11 अप्रैल 2025 को लैटर नंबर डी/4/2025 के मार्फत एक तुगलकी फरमान जारी किया। इस लैटर के मार्फत बिजली विभाग ने उद्योगों के बिजली बिल पर लगने वाले फिक्स चार्ज 165 रुपए प्रति केवीए, प्रति माह को 75 प्रतिशत बढ़ाकर 290 रुपए केवीए प्रति माह कर दिया। वहीं एनर्जी चार्ज को 6.45 पैसे प्रति यूनिट 6.75 पैसे प्रति यूनिट कर दिया। बिजली विभाग द्वारा लगाए गए इस टैरिफ से उद्योगपति कराह उठे है। उद्योगपतियों का कहना है कि विभाग ने उद्योग संगठनों से बिना कोई सलाह मशविरा करें यह तुगलकी फरमान जारी कर दिया, जोकि उद्योगों पर भारी बोझ डाल रहा है। उनका कहना है कि इस गला काट स्पर्धा के युग में जहां एक ओर उद्योग की कमर पहले ही टूटी हुई है। इस टैरिफ के लगने के बाद उद्योग धंधे चौपट हो जाएगें। वैसे बिजली विभाग के इस तुगलकी फरमान को यमुनानगर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने हरियाण स्टेट विद्युत विनमायक आयोग में चैलेंज कर दिया और इसकी पहली तारीख पर आयोग के चेयरमैन ने औद्योगिक संगठनों के पक्ष को सुन भी लिया है।

### सीएम सैनी ने दिया है आश्वासन

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अरुण बजाज का कहना है कि यह टैरिफ उद्योगों पर भारी पड़ रहा है तथा इसके संदर्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चर्चा भी की है तथा उन्होंने इस पर विचार करने का आश्वासन भी दिया है।

# यूनिवर्सल बिल्डवेल के तीन प्रमोटर और पूर्व निदेशक ईडी की गिरफ्त में

## कोर्ट ने आरोपियों को 29 जुलाई तक ईडी की हिरासत में सौंपा

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

मनी लॉड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने मेसर्स यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर और पूर्व निदेशक रमन पुरी, वरुण पुरी और विक्रम पुरी को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सात साल से अधिक समय से अदालती समन के बावजूद फरार थे। अदालतों द्वारा रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामलों में उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया था और बाद में दिल्ली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले, आरोपियों को कोर्ट द्वारा जारी प्रोडक्शन वारंट के आधार पर विशेष न्यायालय, गुरुग्राम के समक्ष पेश किया गया था। आरोपियों को अब 29 जुलाई 2025 तक ईडी की हिरासत में भेजा गया है।

ईडी ने मेसर्स यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज 30 से अधिक एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है। रमन पुरी, विक्रम पुरी और वरुण पुरी पर रियल एस्टेट परियोजनाओं को समय पर पूरा नही करने और घर खरीदारों से उनकी मेहनत की कमाई ठगने का आरोप लगाया है। कंपनी को सीआईआरपी कार्रवाई में ले जाया गया, जिसके परिणामस्वरूप घर खरीदारों की मांग स्वीकार कर ली और राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने कुछ संपत्तियाँ घर खरीदारों को सौंपने का आदेश दिया। अधिकांश घर खरीदारों ने वर्ष 2010 से पहले ही अपना धन निवेश कर दिया था और घर खरीदारों को फ्लैट नहीं दिए गए। पूर्व प्रमोटरों द्वारा 2010 से निर्माण रोका हुआ था, इसलिए परियोजनाओं को पूरा नहीं किया गया। वर्ष 2010 से पहले ही बॉयर्स से जुटाए थे एक हजार करोड़ यह मामला यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आरोपी व्यक्तियों द्वारा घर खरीदारों के धन को धोखाधड़ी से जुटाने से जुड़ा है। जो 2010 तक परियोजना को पूरा करने के झूठे वादों और वाणिज्यिक परियोजनाओं में सुनिश्चित रिटर्न का वादा करने के आधार पर किया गया था।

# गाजियाबाद के क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी निलंबित

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी को निलंबित कर दिया। सिद्दीकी का निलंबन मेरठ से 2019 में गायब हुई लड़की के धर्मांतरण के मामले में शिकायत करने पर लड़की के परिजनों को धमकाने और चुप रहने की धमकी कार्रवाई करने के मामले में की गई है।

छांगुर बाबा उर्फ उर्फ जमालुद्दीन को पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर चुकी है। साथ ही उसके ठिकानों को भी बुलडोजर चलाकर तहस-नहस किया जा चुका है। इस मामले की आंच गाजियाबाद तक पहुंच गई है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने बुधवार को क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी को निलंबित कर दिया है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि मेरठ से 2019 में गायब हुई उनकी लड़की के धर्मांतरण के मामले में शिकायत करने पर उन्हें धमकाया गया और चुप रहने को कहा गया। साथ ही कार्रवाई भी नहीं की। पीड़ित परिजनों का कहना है कि 2019 में अब्दुल रहमान सिद्दीकी मेरठ में थाना प्रभारी थे।

# आशा वर्कर यूनियन चार अगस्त को स्वास्थ्य मंत्री राव के निवास का घेराव करेगी

**फरीदाबाद।** आशा वर्कर यूनियन ने लगाया हरियाणा सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप यूनियन ने मांगों की प्राप्ति के लिए बनाई आंदोलन की रणनीति, आगामी 4 अगस्त को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के रेवाड़ी निवास का होगा घेराव।

इसमें फरीदाबाद से सैकड़ों आशा वर्कर भाग लेंगी। यह निर्णय गुरुवार को सुकोमल सेन भवन में संपन्न हुई बैठक में लिया गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान हेमलता ने की। जबकि संचालन जिला सचिव सुधा ने किया।

इस बैठक में कूयूबा के लिए एकजुटता फंड अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया। उन्होंने बताया कि यूनियन की राज्य स्तर की कन्वेंशन भी रोहतक में 31 अगस्त से एक अगस्त को होगी। इसमें राज्य स्तर के घेराव की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

# इंस्टाग्राम पर कमेंट करने दिल्ली के रेहान को मिली मौत दोस्त ने साथियों के साथ मिलकर मौत के घाट उतारा

## दस घंटे के भीतर पुलिस ने किया रेहान हत्याकांड का खुलासा, तीन दोस्त गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली के किशोर रेहान हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने मौत के 10 घंटे के भीतर कर दिया है। रेहान की हत्या उसी के दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर सिर्फ इसलिए कर दी थी चूंकि वह इंस्टाग्राम पर उनके द्वारा डाली गई वीडियो पर कमेंट करता था। पुलिस ने रेहान के दोस्त समेत तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है और उस चाकू को भी बरामद कर लिया है जिसे उन्होंने रेहान की हत्या की थी।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने गुरुवार को बताया कि श्रीराम कॉलोनी, कच्ची खजूरी दिल्ली ने थाना ट्रोनिका सिटी पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22जुलाई को उसके भांजे रेहान पुत्र मौ. सगीर उम्र करीब 17 वर्ष के साथ उसके दोस्त वसीम, साहिल उर्फ टुल्ली तथा रिहान उर्फ पंडत ने पहले मारपीट की और फिर उसे चाकुओं से



गोदकर हत्या कर दी। तीनों ही आरोपी मूल रूप से श्रीराम कॉलोनी कच्ची खजूरी दिल्ली के निवासी हैं।

फिलहाल इलायचीपुर कासिम विहार फेस-2 थाना ट्रोनिका सिटी के निवासी हैं। गौतम ने बताया कि जाँच पड़ताल के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी निशानदेही पर आलाकत्ल एक चाकू नाजायज व घटनास्थल से आलाकत्ल एक छुरी बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों अपने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वसीम व साहिल उर्फ टुल्ली व रिहान उर्फ पंडत आपस में दोस्त हैं तथा खजूरी दिल्ली के रहने वाले हैं। खाने पीने व नशा का शौक करते हैं। मृतक रिहान से भी वसीम की काफी समय से दोस्ती थी तथा वसीम व साहिल उर्फ टुल्ली के पड़ोस में खजूरी दिल्ली में रहते थे। मृतक रिहान इंस्टाग्राम चलाता था और हम लोग भी इंस्टाग्राम चलाते हैं। मृतक रिहान इंस्टाग्राम पर नई-नई स्टोरी व पोस्ट डालता रहता था और हमारे ऊपर गलत गलत कमेंट करता रहता था। जिस लड़की के फोटो या वीडियो को वसीम लाइक या कमेंट करता था उसी पर मृतक रिहान भी लाइक व कमेंट करता था। इसी बात को लेकर वसीम व मृतक रिहान में कुछ दिनो पहले खजूरी में झगड़ा हुआ था। मृतक रिहान ने हमारे साथी वसीम के साथ मारपीट, गाली गलौच करते हुए काफी बेईज्जती की थी और अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

मुख्य अभियंता/निर्माण/आरएसपी/एनआर, 901 बी, टॉवर–I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टावॅर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिलली–110002 भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का पूरा नाम | उत्तर रेलवे, नई दिल्ली में सड़क सुरक्षा परियोजना इकाई (आरएसपीयू) के अंतर्गत लखनऊ मंडल के लखनऊ–दिलकुशा खंड पर समपार संख्या 213–विशेष के स्थान पर जाफराबाद–सुल्तानपुर–लखनऊ खंड पर जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशन के निकट किमी 830/21–23 पर समपार संख्या 9बी (केवल रेलवे पुल भाग) के स्थान पर 4–लेन आरओबी का निर्माण और 4–लेन सड़क उपरि पुल का निर्माण। |
| लगभग कार्य की लागत | ₹104,48,60,839.51 मात्र (रुपये एक सौ चार करोड़ अड़तालीस लाख साठ हजार आठ सौ उनतालीस दशमलव पांच एक) |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 18 महीने की अवधि |
| बयाना राशि | ₹53,74,300/- मात्र (तिरेपन लाख चौहत्तर हजार तीन सौ रुपये मात्र) |
| रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/ उपलब्धता | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर **23.07.2025 से 19.08.2025** तक उपलब्ध रहेंगे। |
| निविदाएं अपलोड करने की तिथि/समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर **19.08.2025** से **11:30 बजे** तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19.08.2025 को 11:30 बजे के बाद किसी भी समय |

पत्रांकः 16-W-09-2025-WA-DyCEC-RSP दिनांकः 23.07.2025 2238/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इकबाल पुत्र स्वर्गीय मुबारक निवासी पी–1/369, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 1346/2014 दिनांक 25.11.2014 अन्तर्गत धारा 356/379/34 आईपीसी थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इकबाल** मिल नहीं रहा है और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इकबाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 1346/2014 दिनांक 25.11.2014 अन्तर्गत धारा 356/379/34 आईपीसी थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इकबाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**अभिनव सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं. 102
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/9829/OD/2025**
**(Court Matter)**



## एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड

FCS The efficiency catalyst

(CIN: L72100DL1993PLC179154)

**पंजीकृत कार्यालय** : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली–110092
**कार्पोरेट कार्यालय** : एफसीएस हाउस, प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज–II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा–201305

### वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि एफसीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस लिमिटेड के सदस्यों की 32वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस ('वीसी') / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ('ओएवीएम') के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सूचीबद्धता विनियम) के लागू प्रावधानों के अनुपालन में एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसायों का संचालन किया जा सके, जिसे सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 के साथ पढ़ा जाए, जिसे एमसीए द्वारा जारी पिछले परिपत्रों परिपत्र संख्या 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, 14/2020, परिपत्र के साथ पढ़ा जाए। संख्या 17/2020, परिपत्र संख्या 20/2020, परिपत्र संख्या 2/2021, परिपत्र संख्या 2/2022 ("एमसीए परिपत्र") नवीनतम परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/POD- 2PCIR/2024/133 दिनांक 3 अक्टूबर 2024, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD- 2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर, 2023, SEBI/HO/ CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 5 जनवरी, 2023 के अनुसरण में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी इस संबंध में सेबी द्वारा जारी पिछले परिपत्रों परिपत्र संख्या SEBI/ HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79, SEBI/HO/CFD/ CMD2/CIR/P/2021/11 और SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 के साथ पढ़ा गया। सेबी द्वारा जारी (जिसे आगे सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र या सेबी परिपत्र या परिपत्र" कहा जाएगा) के अनुसार, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को 30 सितंबर, 2025 तक सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित करने की अनुमति है। कंपनी के निदेशक मंडल ने वीसी/ओएवीएम के माध्यम से कंपनी की वार्षिक आम बैठक आयोजित करने में एमसीए और सेबी द्वारा जारी उपरोक्त परिपत्रों को अपनाने का निर्णय लिया है।

सेबी सरकुलर/एस के साथ पठित उक्त एमसीए सरकुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां सभी सदस्यों को बृहस्पतिवार, 24 जुलाई 2025 को पंजीकृत ई–मेल आईडीज पर भेज दी गई है। जिनके ई–मेल आईडीज कम्पनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं। कृपया ध्यान दें कि 32वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति सदस्यों को भेजने की आवश्यकता एमसीए सरकुलर/एस और सेबी सरकुलर के तहत समाप्त कर दी गई है। सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर www.fcsltd.com और स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और www.nseindia.com क्रमशः, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं पर भी उपलब्ध होगी। उन सदस्यों को जिनके ई–मेल आईडीज पंजीकृत नहीं है को एक पत्र जिसमें एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए वेबलिंक उपलब्ध करवाया गया है, भेजा जाएगा।

तरीका जिसमें शेयरधारक दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से अथवा एजीएम के समय ई–वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर सकते हैं और वीडियो कांफ्रेसिंग ('वीसी') / अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं, के सम्बन्ध में निर्देश एजीएम की सूचना में निहित हैं।

या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में कट ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 के अनुसार शेयरधारण करने वाले सदस्य, एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट सामान्य और विशेष बिजनेसेज पर एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के इलैक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम्स के माध्यम से इलैक्ट्रोनिकली अपना मतदान कर सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-

1. एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार सामान्य और विशेष बिजनेसेज इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से सम्पादित किए जाएंगे ;
2. दूरस्थ ई–वोटिंग शनिवार, 16 अगस्त, 2025 को (पूर्वा. 9.00 बजे) प्रारम्भ होगी।
3. दूरस्थ ई–वोटिंग सोमवार, 18 अगस्त, 2025 को (अप. 5.00 बजे) समाप्त होगी।
4. एजीएम में अथवा इलैक्ट्रोनिक साधनों के द्वारा मतदान करने की पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट ऑफ तिथि मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 है और कोई व्यक्ति जो कट ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, इस सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजनों हेतु माने।
5. व्यक्ति, जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और एजीएम की सूचना भेजने के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है तथा शेयर धारण करता है और मतदान करने के लिए पात्र है, एजीएम की सूचना में प्रदान किए अनुसार लॉगइन आईडी और पासवर्ड जनरेट करने के लिए प्रक्रिया का पालन कर सकता है। यदि ऐसा कोई व्यक्ति पहले से ही ई–वोटिंग हेतु एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के पास पंजीकृत है, मतदान करने हेतु मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है ;
6. सदस्य ध्यान दें कि :
   ए) दूरस्थ ई–वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात् वोटिंग हेतु एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और एक बार किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिया गया तो तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति सदस्य को नहीं दी जाएगी ;
   बी) जो सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजोएम में भी उपस्थित रह सकते हैं परन्तु उन्हें अपना मत दोबारा देने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा ;
   सी) इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी; और
   डी) कोई व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में अथवा कटऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, को ही केवल दूरस्थ ई–वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का अधिकार होगा।

दूरस्थ ई–वोटिंग और एजीएम में वोटिंग से सम्बन्धित मुद्दों और चिंताओं समेत किन्हीं प्रश्नों के मामले में, आप शेयरधारकों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूस) और एनएसडीएल तथा सीडीएसएल वेबसाइट पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं। एनएसडीएल के पास डिमैट मोड में सिक्योरिटीज धारण करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक सदस्य जो लॉगइन में किसी तकनीकी मुद्दे का सामना करते हैं, evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजकर एनएसडीएल हैल्प डेस्क पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नं. 022-48867000 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सीडीएसएल के पास डिमैट मोड में सिक्योरिटीज धारण करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक सदस्य जो लॉगइन में किसी तकनीकी मुद्दे का सामना करते हैं, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक आग्रह भेजकर सीडीएसएल हैल्प डेस्क पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा 1800-21-09911 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

यदि भौतिक मोड में सिक्योरिटीज धारण करने वाले शेयरधारक / सदस्य / संस्थानात्मक शेयरधारकों के पास ई–वोटिंग के सम्बन्ध में कोई प्रश्न हैं, वे बारम्बर पूछे जाने वाले प्रश्न ('एफएक्यूस') और हैल्प सेक्शन के तहत Instavote-Linkintime पर उपलब्ध इंस्टावोट ई–वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा enotices@in.mpms.mufg.com को एक ई–मेल भेज सकते हैं अथवा टेली : 022-49186000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड
हस्ता/–
दीप्ति सिंह
(कम्पनी सचिव एवं अनुपालना अधिकारी)

स्थान : नोएडा
दिनांक : 24.07.2025

## यूपी में कृषि श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी तय

# वयस्क श्रमिकों को 252 रु. प्रतिदिन की दर से 6552 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे

**सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि मजदूरी का भुगतान अब नकद आंशिक नकद कृषि उपज या डिजिटल माध्यमों से किया जा सकता है लेकिन किसी भी स्थिति में मजदूरी की कुल राशि तय दर से कम नहीं होनी चाहिए। इस कदम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलेगा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी आदित्यनाथ सरकार ने कृषि मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी की दरों में व्यापक संशोधन किया है। अब सभी जिलों में कृषि कार्यों से जुड़े वयस्क श्रमिकों को 252 रुपए प्रतिदिन या 6552 रुपए प्रतिमाह न्यूनतम मजदूरी प्राप्त होगी। इस निर्णय से लाखों खेतिहर मजदूरों, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, कुक्कुट पालन जैसे कृषि आधारित उद्योगों से जुड़े लोगों को वित्तीय सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का आधार मिलेगा।

प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग डॉ. एम.के. शनमुगा सुन्दरम ने बताया कि यह दरें राज्य के हर प्रकार की खेती पर लागू होंगी, चाहे वह परंपरागत कृषि हो, मशरूम उत्पादन हो या मंडी तक फसल पहुंचाने का श्रम। इसमें दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, कुक्कुट पालन और इनसे जुड़ी सभी सहायक गतिविधियां भी शामिल हैं।

### खास बातें

- नकद, आंशिक नकद, कृषि उपज या डिजिटल माध्यमों से भी भुगतान
- कृषिकरण में पशुपालन, मधुमक्खी पालन व मशरूम उत्पादन भी शामिल



### प्रति घंटे मजदूरी की न्यूनतम सीमा भी तय की गई

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि मजदूरी का भुगतान अब नकद, आंशिक नकद, कृषि उपज या डिजिटल माध्यमों से किया जा सकता है, लेकिन किसी भी स्थिति में मजदूरी की कुल राशि तय दर से कम नहीं होनी चाहिए। इस कदम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलेगा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। न्यूनतम मजदूरी की प्रति घंटे दर भी दैनिक मजदूरी का 1/6 भाग से कम नहीं हो सकेगी, जिससे अल्पकालिक श्रमिकों के हितों की भी रक्षा होगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी श्रमिक को पहले से इस दर से अधिक मजदूरी मिल रही है, तो वह जारी रहेगी और इसे ही न्यूनतम मानक माना जाएगा। योगी सरकार का यह फैसला सिर्फ मजदूरी तय करने का नहीं, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की श्रमिक नीति में मूलभूत बदलाव का संकेत है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे लाखों श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा और कृषि कार्यों में श्रम की गुणवत्ता व निरंतरता सुनिश्चित होगी।

### श्रमिकों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि श्रमिकों के हितों की रक्षा करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पहले भी सरकार ने ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के करोड़ों मजदूरों का पंजीकरण कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा था। न्यूनतम मजदूरी की यह नई अधिसूचना उसी श्रृंखला में एक और मजबूत कड़ी है। यह फैसला न केवल श्रमिक कल्याण, बल्कि कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की स्थायीत्व और उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देगा। साथ ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देकर आधुनिक और पारदर्शी प्रणाली की नींव भी रखेगा। सरकार का यह कदम स्पष्ट करता है कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ कृषि उत्पादक राज्य नहीं, बल्कि कृषि श्रमिकों के लिए भी कल्याणकारी प्रदेश बन चुका है।*

## खबर संक्षेप

### पति ने तकिया से मुंह दबा पत्नी को मार डाला



**मुजफ्फरपुर।** तकिया से मुंह दबाकर पत्नी की हत्या करने का मामला सामने आया है। शव घर में छोड़कर आरोपी पति और परिवार वाले फरार हो गए। घटना छपरा की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मृतका के मायके वालों को छोटी बेटी से घटना की जानकारी मिली। आरोप है पहले भी आरोपी अपनी पत्नी को जहर देकर मारने की कोशिश कर चुका है।

### 11 साल की बच्ची का तेंदुए ने किया शिकार



**बिजनौर।** यहां तेंदुए की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब नहटौर इलाके के मंडौरा गांव में घर के बाहर खेल रही बच्ची को तेंदुआ उठाकर ले गया और उसे मार डाला। अगले दिन बच्ची की लाश बुरी हालत में खेत में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## बिहार विधानसभा में फिर भिड़े तेजस्वी और सम्राट चौधरी

# सम्राट बोले-जिसका बाप अपराधी है, वो क्या बोलेगा, तेजस्वी बोले- मां-बहन की गाली दी

एजेंसी ▶▶ पटना

*बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन में जबरदस्त सियासी गर्मी देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के बीच तीखी बहस हुई, जिसमें व्यक्तिगत हमले व तंज से सदन का माहौल पूरी तरह गरमा गया*

पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने विधानसभा के बाहर मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि सदन में उन्हें मां-बहन की लगातार गालियां दी गईं। उन्होंने भाजपा विधायक जनक सिंह पर गाली देने का आरोप लगाया। तेजस्वी ने कहा कि लालगंज से भाजपा विधायक संजय सिंह माइक तोड़कर मुझे मारने आए थे। इनके उपमुख्यमंत्री ही ऐसे हैं तो सदस्य कैसे होंगे। हमने कोई अपशब्द नहीं कहा। सिर्फ यह कहा था कि ज्यादा जोर से बोलेंगे तो पैंट गीला हो जाएगा। मेरे माता-पिता और बहन को गालियां दी गईं। कल डिप्टी सीएम गाली दे रहा था, आज इनका चेला-चपाटा गाली दे रहा है।

वहीं तेज प्रताप यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सम्राट चौधरी का अस्तित्व गिर चुका है। जनहित के मुद्दे पर ये लोग गाली-गलौज कर रहे हैं।

### खास बातें

- *सम्राट चौधरी ने तेजस्वी पर नकली समाजवादी होने का आरोप लगाया*
- *तेजस्वी ने सम्राट पर सदन में झूठ बोलने का लगाया आरोप*
- *'बाप' पर विधानसभा में जबरदस्त बवाल*

### सम्राट चौधरी ने कहा- लालू जी ने लाठी से मुझको पिटवाया





*कार्यवाही के दौरान गुरुवार को तेजस्वी और सम्राट के बीच दो बार बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष के नीतीश सरकार पर पेपर लीक के आरोपों पर डिप्टी सीएम भड़क गए। दोनों के बीच तीखी बहसबाजी हुई। स्पीकर ने दोनों को शांत कराया। कुछ देर बाद तेजस्वी ने जब वोटर लिस्ट रिवीजन पर बोल रहे थे तो सम्राट चौधरी दोबारा उठ गए। उन्होंने कहा कि जिसका बाप अपराधी हो, लुटेर हो, वो कौन होता है बोलने वाला। इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भारी हंगामा हो गया। राजद और भाजपा के विधायक आमने सामने हो गए। उनके बीच धक्कामुक्की भी हुई। हंगामा होते देख स्पीकर नंद किशोर यादव ने सदन को स्थगित कर दिया। सदन में विजय सिन्हा को लेकर भी तेजस्वी ने तीखा तंज कसा। उन्होंने सम्राट चौधरी की ओर इशारा करते हुए कहा कि उनका कद इतना लंबा है कि आप पीछे-पीछे बौना टाइप चलते हैं। इस पर विजय सिन्हा ने भी जवाबी हमला किया। आपके पिताजी ने बिहार को लूटकर खटारा बना दिया।*

### 1992 में लालू यादव ने कहा था घुसपैठियों को बिहार से बाहर ले जाना है

सम्राट चौधरी सदन में कहा कि एसआईआर के माध्यम से बार-बार सवाल उठ रहे है। 1992 में इसी सदन में लालू यादव ने कहा था घुसपैठियों को बिहार से बाहर ले जाना है। 2005 में ममता बनर्जी ने भी इस तरह का बयान दिया था। उन्होंने कहा कि बिहार से बाहर गए 26 लाख लोगों को भी चिन्हित गया है। 2005 में बिहार में 11 प्रतिशत लोग बाहर जाते थे। आज की रिपोर्ट 2 प्रतिशत से नीचे चली गई है। वहीं तेजस्वी ने सम्राट चौधरी पर सदन में झूठ बोलने का आरोप लगाया।

## उर्दू टीचरों की भर्ती समेत 21 फैसले

# झारखंड में अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदला



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने का फैसला लिया है। गुरुवार को हुए मंत्रिमंडल की बैठक में झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 को मंजूरी देने सहित कुल 21 निर्णय लिए गए।

झारखंड सरकार ने गुरुवार को भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

### राज्य में 140 अटल मोहल्ला क्लीनिक कार्यरत

पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने राज्य की शहरी मलिन बस्तियों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को दूर करने के लिए अगस्त 2019 में इस योजना की शुरुआत की थी। राज्य में 140 अटल मोहल्ला क्लीनिक कार्यरत हैं, जो निःशुल्क और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं।

### नियुक्तियों के लिए विवि सेवा आयोग के गठन

सोरेन मंत्रिमंडल द्वारा झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 को मंजूरी देने सहित कुल 21 निर्णय लिए गए। दादेल ने कहा कि वर्तमान में झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए अलग-अलग अधिनियम हैं। मेडिकल और एग्रीकल्चर विश्वविद्यालयों को छोड़कर सभी विश्वविद्यालयों के लिए एक व्यापक अधिनियम लाने का प्रस्ताव है। नियुक्तियों के लिए एक विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन का भी प्रस्ताव है।

## पेज एक का शेष

### भारत और ब्रिटेन के बीच...

प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मौजूदगी में भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने समझौते को दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। तो वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने सीईटीए को एक ऐतिहासिक समझौता बताते हुए इसे ब्रिटेन की बड़ी जीत करार दिया। दोनों देशों ने दोहरी कराधान संधि पर भी सहमति जताई है। सीईटीए पर हस्ताक्षर के बाद ब्रिटेन में इसके प्रभावी होने से पहले ब्रिटिश संसद से अनुमोदन की आवश्यकता होगी। जिस प्रक्रिया में करीब एक साल का समय लग सकता है। अधिकारियों ने बताया, सीईटीए से बाजार पहुंच बढ़ने के साथ ही दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार लगभग 34 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसके अलावा आगामी पांच वर्षों में 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। यहां बता दें कि पीएम मोदी बीते बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय (23 से 26 जुलाई तक) यात्रा पर हैं। जिसके पहले पड़ाव ब्रिटेन में समझौते पर हस्ताक्षर की कवायद पूरी की गई है।

दोनों देशों को होगा यह लाभ : सीईटीए से भारत द्वारा ब्रिटेन को किए जाने वाले 99 फीसदी निर्यात को टैरिफ यानी कर से छूट मिलेगी। जिससे चमड़ा, कपड़ा, फुटवेयर, समुद्री उद्योग, रत्न-आभूषण और खिलौने जैसे श्रम-प्रधान उत्पाद आसानी से ब्रिटेन के बाजारों तक पहुंच सकेंगे। जबकि ब्रिटेन की कंपनियां भारत में आसानी से व्हिस्की, लग्जरी कारें, कॉस्मेटिक का सामान, मेडिकल सामग्री, बिस्किट-चॉकलेट और अन्य उत्पादों का निर्यात कर सकेंगी।

**वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनेगा भारत** : पीएम मोदी ने एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए समझौते को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, समझौते पर हस्ताक्षर से भारत-ब्रिटेन के बीच आर्थिक साझेदारी का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। यह हमारी व्यापार को बढ़ाने, समावेशी विकास को गति देने और किसानों, महिलाओं, युवाओं, एमएसएमई और पेशेवरों के लिए साझा अवसर पैदा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसकी मदद से अंतरराष्ट्रीय विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा में और तेजी आएगी। कपड़ा, चमड़ा एवं जूते, समुद्री उद्योग, रत्न-आभूषण, जैविक रसायन, प्लास्टिक, आटो पार्ट्स, हस्तशिल्प उत्पाद और सेवाएं जैसे श्रम प्रधान क्षेत्र मजबूत विकास के लिए तैयार हैं। एक अन्य पोस्ट में पीएम ने कहा कि ये समझौता भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च-गुणवत्ता वाली वस्तुएं उपलब्ध कराएगा। मेक इन इंडिया आधारित विकास और निर्यात संवर्धन को भी गति प्रदान करेगा। सीईटीए भविष्य में दोनों देशों के बीच और अधिक समृद्धि व गहरे संबंधों का वादा है। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने समझौते को दोनों देशों के लिए भारी लाभ वाला बताते हुए कहा कि इससे वेतन बढ़ेगा, जीवनस्तर में सुधार होगा और कामकाजी लोगों की जेब में ज्यादा पैसा जाएगा। नौकरी-व्यापार के लिए भी ये एक अच्छी डील है।

**गोयल ने बताया भारत को होने वाला फायदा** : केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सीईटीए से भारत को होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अपनी विस्तृत एक्स पोस्ट में सबसे पहले उन्होंने दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों और आम जनता को समझौते पर हस्ताक्षर होने की बधाई दी। साथ ही कहा कि इससे भारतीय निर्यात के करीब 99 फीसदी भाग के लिए शुल्क मुक्त पहुंच से श्रम प्रधान क्षेत्रों के लिए 23 बिलियन डॉलर के अवसर खुलेंगे। जो समावेशी और लैंगिक समान विकास के लिए एक नए युग का सूत्रपात करेगा।

### उपभोक्ताओं को मिलेंगे गुणवत्ता...

*समझौते के तहत ब्रिटेन में सामाजिक सुरक्षा अंशदान से तीन साल की छूट भारतीय कामगारों और उनके नियोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिससे रसोइये, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और व्यावसायिक आगंतुक लाभान्वित होंगे और वैश्विक प्रतिभा केंद्र बनने के भारत के लक्ष्य को बल मिलेगा।*

### पीएम मोदी और स्टार्मर ने...

विदेश यात्रा का पहला पड़ाव है। यहां पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका बेहद गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। ब्रिटेन के बाद प्रधानमंत्री 25 से 26 जुलाई तक मालदीव की यात्रा पर रहेंगे।

**समझौते की सराहना की** : उद्योगपतियों से मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी और स्टार्मर ने ऐतिहासिक व्यापार समझौते की सराहना की और उम्मीद जताते हुए कहा कि ये व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक नए युग की शुरुआत करेगा। जिससे न केवल व्यापार, अर्थव्यवस्था बल्कि उभरती हुई प्रौद्योगिकियों, शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में भी सहयोग को और अधिक गहनता प्रदान करने में मदद मिलेगी। दोनों नेताओं ने आगामी वर्षों में आर्थिक सहयोग के बंधनों को मजबूत बनाने के लिए छोटे और बड़े व्यवसायों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**भारत में लोकप्रिय फुटबॉल क्लब** : उधर, प्रधानमंत्री ने अपनी कुछ एक्स पोस्ट में ब्रिटेन में हुई कुछ अन्य मुलाकातों के बारे में भी जानकारी दी। जिसमें उन्होंने भारतीयों के फुटबॉल और क्रिकेट प्रेम की खासतौर पर बात की और कहा कि भारत के युवाओं में फुटबॉल की काफी प्रशंसा की जाती है। इतना ही नहीं ब्रिटेन के कई फुटबॉल क्लब भी भारत में लोकप्रिय हैं। क्रिकेट को लेकर दोनों देशों में जुनून रहता है। चेकर्स में प्रधानमंत्री मोदी और स्टार्मर ने बकिंघमशायर स्ट्रीट क्रिकेट हब्स के खिलाड़ियों से बातचीत की। भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि ये देखकर अच्छा लगा कि खेल हमारे देशों के बीच लोगों के आपसी संबंधों को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने ब्रिटेन की युवा क्रिकेट टीम को टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा हस्ताक्षरित एक बल्ला भी दिया।

### 50 कंपनियों और 35 से...

2017 और 2019 के बीच यस बैंक से लगभग 3,000 करोड़ रुपए के अवैध ऋण डायवर्जन के आरोपों की जांच कर रहे हैं। ईडी ने पाया है कि लोन दिए जाने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रमोटरों को उनके बिजनेस में धन प्राप्त हुआ था। इसीलिए एजेंसी रिश्व और लोन के इस मामले की जांच कर रही है।

**कैसे सामने आया यह मामला** : मनी लांड्रिंग का यह मामला कम से कम दो सीबीआई एफआईआर और राष्ट्रीय आवास बैंक, सेबी, राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा साझा की गई रिपोर्टों से उपजा है।

**कंपनी ने दिया स्पष्टीकरण** : कंपनी ने कहा उक्त कार्रवाइयों का रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के कारोबार ऑपरेशन, फाइनेंस परफॉर्मेंस, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य स्टेकहोल्डर्स पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर एक अलग और इंडिपेंडेंट लिस्टेड यूनिट है जिसका आरसीओएम या आरएचएफएल से कोई व्यावसायिक या वित्तीय संबंध नहीं है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले...

**जमानत हासिल करने के लिए आरोपी आदेश का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे** : जस्टिस एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर सिंह ने सभी आरोपियों को भी नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले को मिसाल नहीं माना जाएगा। इसका मतलब है कि जो लोग इसी तरह के आरोपों में जेल में बंद हैं, वे जमानत हासिल करने के लिए इस आदेश का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि सोमवार को, बॉम्बे उच्च न्यालाय के जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने मुंबई ट्रेन धमाके के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया और कहा कि अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में पूरी तरह विफल रहा और यह विश्वास करना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है। उच्च न्यायालय का फैसला महाराष्ट्र एटीएस के लिए बड़ा झटका है। एजेंसी का दावा है कि आरोपी प्रतिबंधित छात्र संगठन सिमी के सदस्य थे और उन्होंने ही पाकिस्तान स्थित आतंकी सगंठन लश्कर ए तैयबा के सदस्यों के साथ मिलकर बम धमाके की साजिश रची थी।

**मुंबई ट्रेन धमाके में हुई थी 187 लोगों की मौत** : गौरतलब है कि 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट में 187 लोगों की मौत हुई थी, वहीं 800 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के बाद इन धमाकों का कोई जिम्मेदार नहीं रह गया था। पूर्व में निचली अदालत ने 12 दोषियों में से पांच को मौत की सजा और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया गया था। निचली अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय ने पलट दिया था।

### पंजाब से भागा....

व्यक्ति आकाशदीप को पकड़ा था और उसे लेकर दिल्ली रवाना हो गई। दिल्ली पुलिस को वहां दर्ज एक मामले में उसकी तलाश थी। यह आतंकी बब्बर खालसा से जुड़ा है या नहीं इसे लेकर उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस ने शेयर नहीं की है। बता दें कि अप्रैल 2025 में पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला में किला सिंह थाने पर ग्रेनेड से हमला किया गया था। आकाशदीप पर आरोप है कि उसने ही यह हमला किया था। इस हमले में आकाशदीप के साथ कुछ अन्य आरोपी भी शामिल थे जिन्हें पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। हमले के बाद सोशल मीडिया पर हैप्पी पचिया, मन्नू अगवान और गोपी नवांशहरिया ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। ये सभी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े हुए हैं। इन लोगों ने दिल्ली में आतंकी हमले की भी धमकी दी थी। इस घटना के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ऐसे आतंकियों की तलाश कर रही है।

**गुजरात में भी फरारी काट चुका है आकाशदीप** : आकाशदीप लगातार फरार चल रहा था। वह इसके पहले गुजरात में भी फरारी काट चुका था। जब दिल्ली की स्पेशल टीम को आकाशदीप के गुजरात में होने की जानकारी लगी थी तो गुजरात में भी दिल्ली की स्पेशल टीम के द्वारा दबिश दी गई थी लेकिन वह वहां से फरार हो गया था। गुजरात से आकाशदीप भागकर इंदौर आ गया था। यहां रहकर एक क्रेन चालक का काम कर रहा था। जिस समय दिल्ली की टीम ने इंदौर के हीरानगर क्षेत्र में दबिश दी तो वह वहां एक बिल्डिंग के निर्माण से संबंधित जगहों पर क्रेन का काम कर रहा था। इस दौरान दिल्ली की टीम ने हीरानगर पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर दिल्ली ले गई है

### पूर्व वित्त सचिव...

अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे तीन वर्षों तक इस पद पर रहेंगे। सरकार की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने बीमा नियामक के अध्यक्ष के रूप में सेठ की नियुक्ति को तीन साल की अवधि के लिए या जब तक वह 65 वर्ष के नहीं हो जाते या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, मंजूरी दे दी है। कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी सेठ चार साल के कार्यकाल के बाद इस साल जून में आर्थिक मामलों के सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए। आईआरडीएआई के चेयरमैन की नियुक्ति पद खाली होने के लगभग चार महीने बाद हुई है ।

# यूपी के कई जिलों में पकड़ा गया अवैध धर्मांतरण का खेल




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में इन दिनों धर्मांतरण की बहार आई हुई है। एक तरफ बलरामपुर और आगरा में धर्मांतरण का खेल चल रहा था तो दूसरी तरफ ईसाई मिशनरियां भी इस काम में पीछे नहीं हैं। ताजा मामला अंबेडकरनगर जिले का है, जहां गरीब घर की महिलाओं को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है।

फिलहाल,अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने मामले को स्वतः संज्ञान में लेकर चर्च के पादरी प्रमोद कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, अंबेडकरनगर के रतनपुर में स्थित एक चर्च में प्रार्थना सभा के नाम पर जुटी महिलाओं को विभिन्न प्रकार के लालच देकर उन्हें हिंदू धर्म छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। जब हिंदू संगठनों ने इसका विरोध किया तो पुलिस मौके पर पहुंची। गिरफ्तार पादरी प्रमोद कुमार पर आरोप है कि वह हर रविवार को गरीब घर की महिलाओं को प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए बुलाता था।

### मदद, रोगों से मुक्ति दिलाने जैसे प्रलोभन

*जब हिंदू संगठनों ने इसका विरोध किया तो पुलिस मौके पर पहुंची। गिरफ्तार पादरी प्रमोद कुमार पर आरोप है कि वह हर रविवार को गरीब घर की महिलाओं को प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए बुलाता था। इस प्रार्थना सभा में आई महिलाओं को विभिन्न प्रकार के लालच देकर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता था। जिसमें आर्थिक मदद, रोगों से मुक्ति दिलाने जैसे प्रलोभन शामिल हैं। वहीं, सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज कस्बे के निवासी अखंड प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अल फारुख इंटर कालेज के प्रबंधक पर अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने का लगाया आरोप, साथ ही एक्शन लेने की मांग की।*

# परिषदीय स्कूलों के विलय को लेकर हाईकोर्ट का बड़ा आदेश




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के विलय मामले में योगी आदित्यनाथ सरकार को बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सीतापुर में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट का यह आदेश फिलहाल सिर्फ सीतापुर जिले पर लागू होगा और आगे की सुनवाई तक स्टे रहेगा। मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को तय की गई है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की पीठ ने एक अंतरिम आदेश में राज्य प्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सीतापुर जिले के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के विलय के संबंध में सूचीबद्धता की अगली तिथि तक यथास्थिति बनाए रखें। इससे प्रदेश के शिक्षा ढांचे पर बड़ा असर पड़ सकता है।

जिन स्कूलों में 50 से अधिक बच्चे उनको भी विलय की सूची में शामिल कर दिया गया था। याचियों की ओर से अधिवक्ता एलपी मिश्रा, गौरव मेहरोत्रा और उत्सव मिश्रा ने तर्क रखे। हाई कोर्ट ने सीतापुर में भी 210 विद्यालयों में सिर्फ 14 विद्यालयों पर यथास्थिति बनाए रखेंगे का निर्देश दिया है।

# रांची से जमशेदपुर तक दौड़ेगी फ्लैश चार्जिंग बस, मिलेंगी लग्जरी सुविधाएं





एजेंसी ▶▶ रांची

केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने फ्लैश चार्जिंग बस के संचालन के लिए डीपीआर बनाने का निर्देश जारी किया है। फ्लैश चार्जिंग बस रांची से जमशेदपुर के बीच तो चलेगी ही, रांची शहर में भी परिचालन होगा। बस में 135 लोग बैठकर यात्रा कर सकेंगे। फ्लैश चार्जिंग बस में दिव्यांगजनों के लिए बैठने की सीट आरक्षित रहेगी। चाय-कॉफी के लिए अलग से काउंटर होगा। बस की विशेषता है कि महज 15 सेकेंड चार्ज होने के बाद यह 40 किमी तक की दूरी तय कर सकती है। यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद दी। बता दें कि नागपुर के बाद रांची देश का दूसरा शहर होगा, जहां यह बस चलेगी।

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

## डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

## जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

## डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस



**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

## मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस




**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

## शीप एंड डॉग बिल्डिंग



**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी
शिवानी छाया

बच्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।

**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।



**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है। जैसे-जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।

**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

# बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले



**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी** : गुलाबजामुन।
**रिंकी** : कैसे?
**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
**-तृप्ति, रायपुर**

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन** : कैसे?
**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है।
**-किंशुक, बिलासपुर**

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी
आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ



आज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा,'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# शिक्षा का महत्व बताती कहानी

बच्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *




**किताब**-रेवा, **लेखक**-प्रभात, **चित्र**-प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**-75 रुपए, **प्रकाशक**-एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर



वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर



अनन्या, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद

## रोजगार आधारित शिक्षा: रुझान एवं नए अवसर विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की




# मप्र के सभी कॉलेजों में शुरू की जाएगी वेटरनरी से जुड़ी शिक्षा

### रोजगार की संभावनाओं के लिए तैयार करें पाठ्यक्रम : राज्यपाल पटेल

### प्रदेश में 6 करोड़ से अधिक पशुधन के लिए ज्यादा विशेषज्ञों की जरूरत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। हम इसमें पहले स्थान पर आने के लिए प्रयासरत हैं। हमारे पास 6 करोड़ से अधिक पशुधन है। इसके लिए हमें ज्यादा वेटरनरी विशेषज्ञों की जरूरत है। यह जरूरत सिर्फ एक कॉलेज से पूरी नहीं हो सकती है। इसलिए प्रदेश के सभी कॉलेजों में वेटरनरी से जुड़ी शिक्षा शुरू की जाएगी।

डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में 'विकसित भारत अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षाः रुझान एवं नए अवसर' विषय पर बुधवार को आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी मौजूद रहे।



#### राज्यपाल पटेल ने की डॉ. यादव की पहल की सराहना

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं को पहचान कर विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम तैयार करें। उन्होंने प्रदेश में देश-विदेश से निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल की सराहना की है। अपेक्षा की है कि निवेश परियोजना क्रियान्वयन के साथ ही उद्योग में रोजगार के लिए उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध कराने के लिए कोर्स प्रारम्भ करें, जिससे परियोजना शुरू होने के साथ ही आवश्यकता अनुसार स्थानीय स्तर के युवा उपलब्ध हो सकें।

#### हर काल में सर्वोच्च रही है शिक्षा: मंत्री इंदर

*उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि शिक्षा हर काल में सर्वोच्च रही है। भारतीय संस्कृति में संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए रोजगार देने की परंपरा थी। बिना संस्कारों के हम श्रेष्ठ और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक नहीं बना सकते हैं। प्रदेश में नई शिक्षा नीति और कार्य की जवाबदेही तय करने की पहल देश भर में स्थान बनाएगी और प्रदेश के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यशाला के प्रारंभ में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने स्वागत उद्बोधन दिया। मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. भरत शरण सिंह ने आभार व्यक्त किया।*

### खेती की पढ़ाई को सामान्य महाविद्यालयों तक लेकर गए




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज करेंसी का जमाना है, लेकिन स्किल (कौशल) ही करेंसी है, भारत इसे अच्छी तरह समझता है। इसीलिए हम नवाचार करते हुए कौशल विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मध्यप्रदेश एक कृषि प्रधान और तेजी से बढ़ता राज्य है। इसीलिए हम खेती की पढ़ाई को सामान्य महाविद्यालयों तक लेकर गए हैं। अगर कोई युवा खेती में करियर बनाना चाहे तो उसे आधुनिक तकनीक की जानकारी होनी चाहिए। विश्वविद्यालयों के दायरे विस्तृत होने चाहिए।

#### शिक्षा केवल कागज की डिग्री लेने के लिए नहीं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में शासकीय और निजी मिलाकर 70 से अधिक विश्वविद्यालय हैं। सरकार प्रदेश में 10 हजार से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं में एनईपी लागू करने पर आगे बढ़ चुकी है। प्रदेश में 220 से अधिक सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है। यहां विद्यार्थियों के लिए आधुनिक कंप्यूटर कोडिंग लैब स्थापित की गई हैं। शिक्षा केवल कागज की डिग्री लेने के लिए न हो, बल्कि वह भविष्य की चुनौतियों से लड़ने और उसे समझने में समर्थ हो। इसीलिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्युटिंग और बायोटेक्नोलॉजी जैसे कोर्स शुरू किए गए हैं।*

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल व पदाधिकारियों ने किया क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने बुधवार को क्रांतिकारी, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर गीतांजलि चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

जिसके बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण भी किया। भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के जीवन पर विचार प्रकट



किए। सभी पदाधिकारियों ने अमर शहीद चन्द्रशेखद आजाद के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। इधर, महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा मध्य विधानसभा के तिलक चौराहे पर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शैलेंद्र निगम एवं सह संयोजक रवि पंवार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## पुलिस असहाय हो जाए तो राज्य में कैसे मिलेगा न्याय

# प्रमोद पावन द्वारा आत्महत्या मात्र एक घटना नहीं, एक खतरनाक चलनः जीतू

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पुलिसकर्मी प्रमोद पावन की



आत्महत्या को भाजपा सरकार की विफलता, माफिया के बेलगाम आतंक और जातिगत उत्पीड़न की शर्मनाक तस्वीर बताया है।

उन्होंने कहा कि यह मात्र एक घटना नहीं, एक खतरनाक चलन है। मध्य प्रदेश में पिछले 6 महीनों में 10 पुलिसकर्मियों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा भाजपा शासन की प्रशासनिक असफलता और पुलिस बल के भीतर गहराते मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक तनाव को दर्शाता है। पटवारी ने कहा कि पावन ने आत्महत्या से पहले साफ शब्दों में कहा कि मेरे ही टीआई मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं और रेत माफिया कुचलने की धमकी दे रहा है। यह बयान केवल किसी एक व्यक्ति की व्यथा नहीं है, यह पूरे पुलिस महकमे के भीतर जहर बन चुके दबाव, भ्रष्टाचार, जातिवाद और माफिया-संरक्षण की गवाही है। भाजपा सरकार में पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा के शासनकाल में माफिया को खुली छूट दी गई है। पुलिसकर्मी मानसिक दबाव, राजनीतिक हस्तक्षेप और जातिवादी उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं।

## चंद्रशेखर आजाद नगर में हुआ 'स्मरण आजाद' कार्यक्रम, डॉ.मोहन ने अमर शहीद क्रांतिकारी को किया नमन

# आजाद ने दी शहादत, नहीं आए अंग्रेजों के हाथ, यह देश प्रेम की पराकाष्ठा : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमें गर्व है कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे महानायक मध्यप्रदेश की धरती पर जन्मे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी समूची चेतना, जीवन और अस्तित्व भारतमाता के चरणों में समर्पित करने वाले अमर बलिदानी चंद्रशेखर आज़ाद के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर हम गौरवान्वित हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि आजाद ने जब यह देखा कि अब गिरफ्तारी से बच पाना मुश्किल है तो अपने हाथों से ही खुद के प्राणोत्सर्ग कर शहादत दे दी, पर अंग्रेजों के हाथ नहीं आये, यह देश प्रेम की परकाष्ठा है। मुख्यमंत्री बुधवार को आजाद की जयंती के अवसर पर अलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आज़ाद नगर (भाभरा) में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम 'स्मरण-आजाद' को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। वीसी में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला सहित अधिकारी भी उपस्थित थे।

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीसी के जरिए किया संबोधित



#### ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी थी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद एक साधारण परिवार में जन्मे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। आजाद एक ऐसी आंधी थे, जिसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी थी। उन्होंने कहा कि आजाद एक नाम नहीं, भारत की क्रांति का वह तेजस्वी स्वर था, जिसकी गूंज आज भी देशभक्ति की शपथ लेने वालों के हृदय में सुनाई देती है। जब काशी में उन्होंने असहयोग आंदोलन में भाग लिया और गिरफ्तार हुए, तब न्यायाधीश के पूछने पर जो जवाब उन्होंने दिया, वह आज भी हर देशभक्त के हृदय में बसा है। जब उनसे, उनका नाम पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया- 'आजाद'। पिता का नाम पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया-स्वाधीनता। तीसरी बार जब उनके घर का पता पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया था- जेल। वे केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, एक विचारधारा और आत्मबल के प्रतीक थे, जिन्होंने यह संकल्प लिया था कि 'मैं आजाद था, आजाद हूं और आजाद ही रहूंगा।'*

## कांकेर, नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर में किया आत्मसमर्पण

# प्रदेश भर में अलग-अलग 75 नक्सलियों का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 'लाल आतंक' को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। बस्तर संभाग में 67 नक्सलियों ने 24 जुलाई को हरेली तिहार पर सरेंडर किया है। इनमें कांकेर जिले में 13, नारायणपुर जिले में 8, सुकमा में 5, दंतेवाड़ा में 16 और बीजापुर में 25 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले में आठ नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया। इन नक्सलियों पर 33 लाख रुपये के इनाम घोषित थे। इन आठ नक्सलियों में चार महिला नक्सली भी शामिल हैं। दंतेवाड़ा एसपी रॉबिंसन गुरिया ने मामले की पुष्टि की है। नक्सलियों के प्लाटून 16 के कमांडर कमलेश और डॉक्टर टीम के सदस्य सुखलाल ने भी आत्मसमर्पण किया। दोनों अबूझमाड़ क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय थे। कई बड़ी नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया था।



#### नक्सलियों में चार महिलाएं भी शामिल

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में गुरुवार को आठ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें चार महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रॉबिन्सन गुड़िया ने बताया कि ये नक्सली मुख्य रूप से हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति में संलिप्त थे। एसपी गुड़िया ने कहा, 'पिछले ऑपरेशन में हमने इनके हथियारों का जखीरा बरामद किया था। नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 की जानकारी है। कई नक्सली अब इस जीवन को छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं। यह उनके लिए एक अच्छा अवसर है।'आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। यह घटना नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# प्रदेश में जल्द निकाली जाएगी पुलिस भर्ती तैयारी में जुट जाएं सभी अधिकारी : सीएम

## मुख्यमंत्री ने बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के झोझूकलां में की जनसभा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को चरखी दादरी के बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के झोझूकलां में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में सैनी ने कहा कि युवाओं को राहत देते हुए कहा कि प्रदेश में जल्द ही पुलिस भर्ती निकाली जाएगी और इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को कहा गय है कि तैयारी में जुट जाएं। सैनी ने कहा कि आगामी 26-27 जुलाई को प्रदेशभर में सीईटी परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बसों की व्यवस्था की गई है, ताकि वे परीक्षा केंद्रों तक सुचारू रूप से पहुंच सकें। लड़कियों के साथ उनके परिवार के एक सदस्य को भी बस में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है।



**चंडीगढ़।** झोझूकलां में आयोजित जनसभा को संबोधित करते मख्यमंत्री नायब सैनी।

#### जनसेवा के लिए नॉन-स्टॉप सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा राजनीति नहीं जन सेवा के लिए नॉन स्टॉप काम कर रही है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के साथ-साथ हम हरियाणा को विकसित भारत के विकास का इंजन भी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है पूरे हरियाणा का संतुलित विकास, चाहे वह शहर हो या गांव।

#### देश सेवा में दादरी की अग्रणी भूमिका

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने हमेशा देश की रक्षा, सेवा और निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। सीमाओं की सुरक्षा हो या देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की बात हो, यह इलाका समर्पित लोगों का रहा है। आज यहां उमड़ी अपार भीड़ इस बात का प्रमाण है कि लोगों का भरोसा भाजपा की नीतियों में बढ़ रहा है।

## आश्रम के शिष्य-बाबा का वीडियो आया सामने

# आश्रम का शिष्य कर रहा था नाबालिग से दुष्कर्म!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में एक आश्रम में 12 साल की नाबालिग के साथ पांच महीने पहले हुए यौन शोषण का मामला उजागर हुआ है। यह जघन्य अपराध एक वायरल वीडियो के बाद सामने आया। आश्रम के एक शिष्य पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप है। इसके अतिरिक्त, कथित बाबा पर मामले को दबाने का प्रयास करने का भी आरोप लगा है। पुलिस ने एक सह आरोपी को हिरासत में लिया है और उससे सख्ती से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 20 में पाररास रोशन नगर में दीनदयाल योग वेदांत फाउंडेशन आश्रम के शिष्य पर नाबालिग से यौन शोषण का आरोप है। लगभग



पांच माह पुराने मामले से जुड़े कुछ वीडियो वायरल हुए हैं। इसमें कथित बाबा और एक युवक नजर आ रहा है। आरोपी शिष्य शादीशुदा है। दोनों के बीच आश्रम की शिष्या के साथ अनाचार मामले में बातचीत होती है। इसी दौरान आरोपी शिष्य अपराध करना कबूलता है। एसपी पटेल ने बताया कि वीडियो मिलने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया और पीड़िता के पिता के माध्यम से एक आवेदन लेकर जांच कर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## पति के साथ सास-ससुर पर भी केस दर्ज

# बच्चों ने पापा से लगाई 'मम्मी को मत मारो' की भावुक गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर इलाके से एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक शख्स अपनी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट करते दिख रहा है, जबकि उनके छोटे बच्चे रोते-गिड़गिड़ाते हुए 'मम्मी को मत मारो' की चीख पुकार कर रहे हैं। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति, सास और ससुर सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता एक शिक्षाकर्मी वर्ग-3 के तौर पर शासकीय सेवा में हैं और गायत्री मंदिर रोड के पास अपने बच्चों के साथ अलग रहती है। उनका विवाह शांति कुमार कश्यप से हुआ था और उनके दो बेटियां और एक बेटा है। साल 2021 में पारिवारिक विवाद के बाद से ही पीड़िता अपने तीनों बच्चों के साथ पति से अलग रह रही हैं। बावजूद इसके, वह बीच-बीच में पति के शांति नगर स्थित मकान में बच्चों से मिलने या घर के काम से जाती रहती हैं। आरोप है कि पति शांति कुमार उन्हें अपने साथ रखने को तैयार नहीं है, बल्कि घर जाने पर अक्सर बेवजह विवाद और लड़ाई-झगड़ा करता है। बताया जा रहा है कि 20 जुलाई को सुबह करीब 11:30 बजे पीड़िता अपने बच्चों को लेकर पति के घर शांति नगर गई हुई थीं। उस समय पति शांति कुमार बालको प्लांट में अपनी ड्यूटी पर था। पीड़िता के घर आने पर कथित तौर पर उनकी सास मालती कश्यप और ससुर रघुनाथ कश्यप ने उनके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस दौरान अन्य लोगों ने भी उन्हें तरह-तरह के ताने दिए। कुछ देर बाद, किसी ने फोन पर पति शांति कुमार को सूचना दी तो उसने घर आकर पत्नी की पिटाई लगा दी।

## सीएम हाउस में धूमधाम से मनाया गया हरेली पर्व, ग्रामीण परिवेश में सजाया गया परिसर

# 'छत्तीसगढ़ वासियों को अपने मूल से जोड़ता है हरेली तिहार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व का गरिमामय आयोजन हुआ। त्यौहार मनाने के लिए पूरे परिसर को ग्रामीण परिवेश में सजाया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार का मुख्य ध्येय है। हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा, प्रकृति और खेती-किसानी से जुड़ा ऐसा पर्व है, जो हमें अपने मूल से जोड़ता है।

आज पूरा छत्तीसगढ़ हरेली की खुशी में डूबा है। मुख्यमंत्री निवास में भी यह पर्व पूरे उल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा तक हरेली को मनाने का अपना-अपना अंदाज है। लेकिन सभी जगह इसका रंग एक ही है, आस्था और उत्साह एक ही है। जिस तरह प्रकृति हमारा ख्याल रखती है, उसी तरह हमें भी प्रकृति का ख्याल रखना चाहिए। हरेली केवल खेती-किसानी का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह अपनी धरती की हरियाली और प्रकृति पूजा का भी त्यौहार है। छत्तीसगढ़ महतारी की कृपा हम सब पर बरसती रहे और सभी किसान भाई खुशहाल रहें। यही मंगल कामना है हरेली त्योहार पर

#### खास बातें

- मुख्यमंत्री साय ने किया लोगों को संबोधित
- विस अध्यक्ष रमन सिंह भी रहे कार्यक्रम मे मौजूद
- जिस तरह प्रकृति हमारा ख्याल रखती है, उसी तरह हमें भी प्रकृति का ख्याल रखना चाहिए




#### विस अध्यक्ष ने भी दीं शुभकामनाएं

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और किसान जीवन का उत्सव है। इस पावन अवसर पर मैं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह त्योहार प्रकृति, कृषि और पशुधन से जुड़े हमारे जीवन मूल्यों की गूंज है। उन्होंने कहा कि ऐसा विश्वास है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती स्वयं धरती पर आकर किसानों के बीच उपस्थित होते हैं और उनके खेतों का निरीक्षण करते हैं। यही कारण है कि इस दिन किसान अपने कृषि यंत्रों, हल-बैल और खेत-खलिहानों की पूजा करते हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायकगण, निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चिंतन

# भारत-ब्रिटेन में एफटीए दोनों के लिए फायदेमंद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ वार के चलते विश्व के दूसरे प्रमुख देशों ने तेजी से विकल्प की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। जो यूरोप अपनी अधिकांश चीजों के लिए अमेरिका पर निर्भर होता था, वो अब अमेरिका मुक्त वैश्विक विकल्प की ओर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को देखा जाना चाहिए। वर्ष 2022 से भारत व ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत चल रही थी, लेकिन ट्रंप के टैरिफ वार के बाद एफटीए को अंतिम रूप देने में तेजी आई। राष्ट्रपति ट्रंप ने यूरोप पर 30 फीसदी टैरिफ लगाया है, इससे यूरोप असहज है। ब्रिटेन बेशक ब्रेक्जिट कर चुका है, लेकिन यूरोपीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका में है। भारत व ब्रिटेन के बीच सामरिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध पहले से मजबूत हैं, लेकिन इस एफटीए के बाद दोनों देशों के बीच ट्रेड संबंध और मजबूत होंगे। ब्रिटेन दैनिक जरूरतों के बहुत सामानों के लिए आयात पर निर्भर है। चीन ने अपने सस्ते सामानों से ब्रिटेन समेत पूरे यूरोप को पाट रखा है। इस एफटीए के बाद भारत को ब्रिटेन में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी, अमेरिका के बाद भारत को ब्रिटेन का समृद्ध बाजार भी मिलेगा। यूरोपीय संघ छोड़ने (ब्रेक्जिट) और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद ब्रिटेन के चीनी आयात पर निर्भरता से दूर होने के मद्देनजर यह एफटीए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे दोनों देश के निर्यातकों को लाभ होगा और आम नागरिक को सस्ते उत्पाद मिल सकेंगे। इस समझौते से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश व्हिस्की, कारों एवं कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी। ब्रिटेन से भारत में आयात होने वाले करीब 90 फीसदी उत्पाद या तो शुल्क मुक्त होंगे या उस पर कम शुल्क लगेंगे। यह एफटीए ऐतिहासिक होने के साथ-साथ दोनों देशों के लिए 'विन विन' है। हालांकि भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन के बाजार में चीनी निर्यातकों से कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी होगी। अमेरिका ने टैरिफ वार छेड़कर वैश्विक व्यापार में ऐसा संशय का माहौल पैदा कर दिया है, जिसमें दूसरे मुल्क आपसी ट्रेड बढ़ाने पर जोर देने लगे हैं। सितंबर में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच भी एफटीए पूर्ण होगा। भारत व ब्रिटेन के बीच हुए एफटीए से इंडो-ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने में भी मदद मिलेगी। अब भारत अमेरिका के साथ जारी ट्रेड वार्ता में भी दबाव में नहीं होगा। खास बात है कि चीन 25 जुलाई को ईयू के साथ एफटीए को पूर्ण करेगा। इससे भी भारत को यह देखने का अवसर मिलेगा कि ईयू और चीन के साथ शुल्क को लेकर किस तरह की डील हुई है। भारत और अमेरिका के बीच भी ट्रेड वार्ता अगस्त तक पूर्ण हो सकती है, हालांकि टैरिफ दर को लेकर अभी दोनों देशों के बीच कई स्तर पर मतभेद हैं। अभी ब्रिटेन भारत से 11 अरब पाउंड का आयात करता है। इस एफटीए से दोनों मुल्कों के बीच आपसी व्यापार में करीब 34 अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है, अभी यह 56 अरब डॉलर है। इस एफटीए में भारत-यूके के बीच व्यापार को 2030 तक 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस समझौते से भारत में आगरा-कानपुर के चमड़ा उद्योग, सूरत-लुधियाना-वाराणसी के टेक्सटाइल उद्योग और सूरत-मुंबई के रत्न-आभूषण उद्योग को सस्ता बाजार मिलेगा। भारत और ब्रिटेन के रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में भी साझेदारी बढ़ेगी। यह एफटीए विश्व की दो बड़ी आर्थिक शक्तियों के बीच समझौता है।

## मानसून सत्र

डॉ. आशीष वशिष्ठ



# संसद में हंगामा, समय और संसाधनों की बर्बादी

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी का जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदुभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर पर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है। ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट की आड़ में संसद का समय बर्बाद कर रहा है। धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान-सम्मान पर बेजा टीका-टिप्पणियां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष-विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते देश के मान-सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए। मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का उपयोग देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिए करता है। 2023 के बजट सत्र में अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट सामने आई थी। तब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के समय को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा था कि पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले विदेश से एक रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। इसको आधार बनाकर विपक्ष संसद में हंगामा खड़ा करता है। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया था। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है। उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे प्रतिनिधि संसद के चालू सत्र में हंगामा करके राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की बजाय संसद के बहुमूल्य समय और संसाधनों का सकारात्मक और सार्थक उपयोग करेंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मोटापे के खिलाफ अभियान आज की जरूरत



विचार

- डॉ. संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसी साल फरवरी में अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ' मन की बात' में देशवासियों से मोटापे को नियंत्रित करने के लिए भोजन में कम तेल उपयोग करने और तेल की खपत में 10 फीसदी कटौती लाने का आव्हान किया था। पीएम मोदी ने मोटापे के खिलाफ इस अभियान में विभिन्न क्षेत्रों के 10 प्रमुख हस्तियों को नामित किया है जो अपने खाने के तेल में 10 फीसदी कटौती करेंगे। ये हस्तियां अन्य दस लोगों को नामित करेंगे जो इस चुनौती को स्वीकार करेंगे। मोटापे के खिलाफ हालिया अभियान सामयिक है क्योंकि स्वस्थ नागरिक से ही समृद्ध राष्ट्र संभव है और मोटापा सेहत का सबसे बड़ा दुश्मन है। दरअसल मोटापा एक बीमारी ही नहीं बल्कि अनेक गैर संचारी बीमारियों का कारण भी है जिससे आज पूरी दुनिया जूझ रही है। भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अजीब विरोधाभास है देश में जहां कुपोषण की दर 55 फीसदी है वहीं 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष मोटापे से जूझ रहे हैं। पश्चिमी देशों की सबसे बड़ी समस्या मोटापा अब भारत के लिए भी सबसे बड़ी चुनौती बन रही है जिसका असर देश के आर्थिक विकास और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ना लाजिमी है।

मेडिकल जर्नल ' द लैंसेट' के रिसर्च ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के अनुसार भारत में 2050 तक मोटे और अधिक वजन वाले वयस्कों की संख्या 45 करोड़ हो सकती है जिससे भारत दुनिया का दूसरा मोटे लोगों वाला देश बन जाएगा। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया के शीर्ष तीन मोटापाग्रस्त देशों में शामिल है जहां की 70 फीसदी शहरी आबादी अधिक वजन वाली श्रेणी में आती है। दुनिया में टॉप 10 मोटापाग्रस्त देशों की सूची में अमेरिका और चीन के बाद भारत मोटापे के मामले में अभी तीसरे पायदान पर है। कुछ अर्सा पहले राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ( एनएफएचएस- 5) ने अपने सर्वे में संकेत दिया है कि मौजूदा समय में देश में हर चार में से एक व्यक्ति को मोटापे की समस्या है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह कि जिनके कंधों पर देश का भविष्य निर्भर है यानी बच्चे और युवा बड़ी तेजी से मोटापे का शिकार हो रहे हैं। एक अन्य शोध के मुताबिक हमारे देश में 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा बच्चों का वजन मोटापे के श्रेणी में आता है यानी साल 2030 में दुनिया के 10 में से एक बच्चा भारतीय होगा।

चिकित्सा विज्ञान के अनुसार मोटापे का मानक व्यक्ति का बॉडी मास इंडेक्स यानि बीएमआई यानि शरीर में वसा की मात्रा का आंकलन है। बीएमआई की गणना व्यक्ति के वजन ( किलोग्राम) को उसके ऊंचाई या लंबाई (मीटर) के वर्ग से विभाजित कर की जाती है। किसी व्यक्ति के 25 या उससे अधिक बीएमआई को अधिक वजन और 30 अथवा अधिक को मोटापे की श्रेणी में माना जाता है।जैसे के पहले ही बताया गया है कि मोटापा अनेक बीमारियों का जन्मदाता है। गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, फेफड़ों का रोग, फैटी लीवर, जोड़ों का रोग, कैंसर और अवसाद, चिंता, तनाव, आत्मविश्वास में कमी, यौनेच्छा में अरूचि, सहित अनेक मानसिक रोगों की मुख्य वजह मोटापा ही है। इसी प्रकार महिलाओं में मोटापे की वजह से पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज, अनियमित मासिक धर्म, बांझपन यानि निः संतति, यौनेच्छा में कमी, हार्मोनल असंतुलन, ऑस्टियो आर्थराइटिस ( हड्डियों के जोड़ों का रोग) अवसाद, चिंता सहित अनेक जीवनशैली गत रोग होते हैं। अधिक वजन वाले बच्चों में आमतौर पर टाइप 2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्लीप एप्निया ( नींद में सांस लेने में रूकावट) , कैंसर, लिवर से जुड़े शारीरिक रोग सहित अधिक मोटे बच्चों में हीनभावना, अवसाद, गुस्सा जैसे मानसिक रोग भी देखे जा रहे हैं जो उनके शैक्षणिक और सामाजिक विकास में बाधक बन रहे हैं। इसी प्रकार युवा जिनकी देश में आबादी 65 है उनमें मोटापे की बढ़ती समस्या चिंताजनक बनी हुई है। युवाओं में आमतौर पर मोटापे की वजह से मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, लिवर और फेफड़े से संबंधित रोग, कैंसर, जोड़ों का रोग, नपुंसकता, हार्मोनल असंतुलन, त्वचा से संबंधित रोग, निरूत्साह, आत्मविश्वास में कमी, स्लीप एप्निया, अवसाद और एकाकीपन जैसे शारीरिक और मानसिक बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है।



एक अनुमान के मुताबिक इस साल 2025 में देश में 7 करोड़ से अधिक मधुमेह के मरीज होने की संभावना है। इसी प्रकार बच्चों से लेकर बुजुर्गों में मोटापे की वजह से हाई कोलेस्ट्रॉल, हृदयरोग और उच्च रक्तचाप के रोगी आश्चर्यजनक रूप से बढ़ रहे हैं। यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आने वाले वक्त में कैंसर देश के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी दूसरी ओर फैटी लीवर और फेफड़े व किडनी से जुड़ी बीमारियां जनस्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। शारीरिक वजन का सीधा असर घुटनों पर पड़ता है जिसके चलते आज घुटना प्रत्यारोपण " नी- रिप्लेसमेंट" के मामले लगातार बढ़ रहे हैं जो काफी खर्चीला है। निश्चित तौर पर इन बीमारियों के लिए सीधे तौर पर हमारी खराब जीवनशैली और खान-पान ही जिम्मेदार है जिसका परिणाम मोटापा है। अमूमन इन रोगों से पीड़ित व्यक्ति को सर्जरी और आजीवन दवा और जांच की जरूरत होती है जिसका खर्च उसे अपने घरेलू बजट से ही उठाना पड़ता है। हालांकि भारत सरकार ने सेहत के क्षेत्र में अनेक सुधारात्मक कदम भी उठाया है जिसमें आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र सहित अनेक योजनाएं लागू किया है लेकिन इन योजनाओं को प्रभावी बनाने की जरूरत है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नागरिकों को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध है लेकिन इस योजना में जारी भ्रष्टाचार और विसंगतियों के चलते सरकार के कोशिशों पर पलीता लग रहा है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के दवाईयों की गुणवत्ता पर भी अनेक बार सवालिया निशान लगते रहा है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या और कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में सरकार अपने कुल जीडीपी का मात्र 2 फीसदी खर्च कर रहा है जबकि जरूरत 2.5 फीसदी खर्च करने की है। वर्तमान परिदृश्य में जब देश 'विकसित भारत - 2047' की ओर बढ़ रहा है तब सरकार के साथ समाज की भी जवाबदेही है कि वह मोटापे से जुड़े स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक हों ताकि मानव संसाधन का भरपूर उपयोग इस लक्ष्य के पूर्ति में किया जा सके।

दरअसल मोटापे की प्रमुख वजह हमारे खान-पान, जीवनशैली और दिनचर्या से जुड़ा है। वसा और शक्कर युक्त प्रोसेस्ड फूड, शराब सेवन, शारीरिक गतिविधियों में कमी, शहरीकरण एवं प्रदूषण, मानसिक तनाव, अनुवांशिक और स्टेरॉइड सहित कुछ दवाओं की वजह से मोटापा बढ़ता है। इधर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद 'आईसीएमआर' ने अपने एक शोध में देश में विवाहित जोड़ी 'कपल ओबेसिटी' को चिंताजनक माना है। शोध के मुताबिक 27.4 फीसदी विवाहित कपल्स मोटापे या अधिक वजन का शिकार हैं। स्कूलों में योग और खेलकूद के लिए अनिवार्य तौर पर कालखंड निर्धारित करना चाहिए ताकि बच्चों में मोटापे को नियंत्रित किया जा सके। सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान दौर में जब बच्चे से लेकर बुजुर्ग इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के गिरफ्त में हैं तब उन्हें अपने ' स्क्रीन टाइम ' को कम करना होगा क्योंकि यह शारीरिक निष्क्रियता के साथ अनिद्रा और तनाव पैदा करता है जो मोटापे की वजह है।

अलबत्ता मोटापा जहां राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में बाधक है वहीं यह परिवार के लिए भी त्रासदी दायक है। गैर संचारी रोगियों के उपचार और सेवा- सुश्रुषा में होने वाला खर्च और मानव संसाधन का असर उस परिवार के शिक्षा, भोजन, आवास जैसी बुनियादी जरूरतों पर पड़ता है। बहरहाल मोटापे से बचाव और वजन नियंत्रण के लिए भारतीय परिवारों को अपने खान-पान में अनुशासन लाने की जरूरत है तथा तेल, घी, शक्कर व नमक के उपयोग को तुरंत सीमित करने की दरकार है। बच्चों, युवाओं और महिलाओं को वजन नियंत्रण के लिए नियमित व्यायाम और योगाभ्यास के साथ संतुलित व पौष्टिक आहार को अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। बच्चों में बढ़ते वजन तथा मधुमेह के दृष्टिगत अभिभावकों को बच्चे के खान-पान और शारीरिक सक्रियता के संबंध में विशेष सतर्क होने की जरूरत है ताकि देश का भविष्य सेहतमंद रहे। भारत सरकार द्वारा मोटापे के खिलाफ अभियान पर काफी संजीदगी दिखाई जा रही है। अभियान के तहत जहां जंक फूड और नशाखोरी के खिलाफ जन-जागरूकता को प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं मिलेट्स यानि श्री अन्ना को भोजन में शामिल करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मोटापा और गैर संचारी रोगों के बचाव और नियंत्रण के लिए आयुर्वेद और योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण ( स्क्रीनिंग) के लिए भी सरकारी कोशिशें जारी है। अलबत्ता इस अभियान में जन भागीदारी भी आवश्यक है क्योंकि मोटापे से बचाव जहां सेहत के लिए जरूरी है वहीं यह जेब को भी राहत पहुंचाने वाला है जिसकी आज सबसे बड़ी जरूरत है।

## हम स्वयं अपने कर्म से ही दुःख भोग रहे



संकलित

दर्शन

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि अधिकाधिक चिंता और अधिकाधिक प्रतियोगिता। धन प्राप्त करना बहुत कठिन कार्य है उसे बचाए रखना और भी कठिन काम है। तुम थोड़ा सा धन जोडऩे के लिए सारे संसार से झगड़ते हो (और) समस्त जीवन उसकी रक्षा के लिए लड़ते हो। (इसलिए) दरिद्र की अपेक्षा धनवान की चिंता अधिक है। संसार की गति ही ऐसी है। वस्तुएं जैसी हैं, उनकी विवेचना करने के लिए हमें दर्शन शास्त्र की ओर लौटना पड़ेगा, हम स्वयं अपने कर्म से ही दुःख भोग रहे हैं। इसमें ईश्वर का दोष नहीं है, जो हम करते हैं, उसमें हमारा अपना दोष होता है, और कुछ नहीं। ईश्वर को दोष क्यों दिया जाए? अशुभ का अस्तित्व क्यों है? (इस प्रश्न को) हल करने का एकमात्र मार्ग (यह कहना है कि) ईश्वर शुभ और अशुभ, दोनों का कारण है। सगुण ईश्वर के सिद्धांत में बड़ी कठिनाई यह है कि यदि तुम यह कहते हो कि वह केवल शुभ है, अशुभ नहीं, तो अपने तर्क के फंदे में स्वयं फंस जाते हो। तुम कैसे जानते हो कि ईश्वर? तुम कहते हो कि (वह) इस विश्व का पिता है और तुम कहते हो कि मंगलमय है और चूंकि संसार में अशुभ (भी) है, इसलिए ईश्वर को अशुभ होना चाहिए, वही कठिनाई! यहां न कोई शुभ है और न कोई अशुभ है। जो कुछ है, सब ईश्वर है । शुभ क्या है, यह तुम कैसे जानते हो? तुम (उसे) अनुभव करते हो। जो) अशुभ है, तुम उसे कैसे जानते हो? (यदि) अशुभ आता है, तो उसे अनुभव करते हो। हम शुभ और अशुभ को अपने भावों से जानते हैं।

## अपने मन को सद्गुरु के चरणों में लगाना चाहिए




संकलित

प्रेरणा

मन को कितना ही शुद्ध किया जाए ये मन ही रहेगा। जैसे जहर को शुद्ध नहीं करना होगा, क्योंकि जहर जितना शुद्ध हो जाएगा ये जहर ही रहेगा और ये जहर और खतरनाक हो जाएगा चूंकि मन का स्वभाव असाध्य है, ये किसी भी तरह से पवित्र नहीं हो सकता। मन इतना कुशल है, इतना चालाक है और इसका गणित इतना जटिल है कि मनुष्य एक से हटे कि मन तत्क्षण मनुष्य के लिए दूसरा जाल बिछा देता है। एह मन कदे नहीं निर्मल होणा बाझ गुरु दे कहे अवतार। इसलिए अपने मन को सदैव सद्गुरु के चरणों में लगाना चाहिए। सद्गुरु की कृपा से ही मन का अज्ञान दूर होता है। अतः जो लोग अज्ञानता का शिकार है, वही मन के उत्पातों से डरते हैं, मन को मार देने की बातें करते हैं। सत्य के ज्ञाता मन को मारने की नहीं, बल्कि मन को मोडऩे की बात करते हैं। इनका मत है कि दिशा बदलने से दशा अपने अपने आप ही बदल जाती है। चेतना पर बंधी इस ग्रंथि 'मन' को हम अकसर सुलझाना चाहते हैं, यानी 'मन' से 'मन' को सुलझाने की कोशिश करते हैं और यहां भूल हो जाती है, क्योंकि मन स्वयं एक उलझाव है। मन से कोई सुलझाव हल नहीं हो सकता, जैसे कोई अपने ही हाथ से उसी हाथ को पकडऩे की कोशिश करता है या जैसे कोई चश्मा लगाकर उसी चश्मे को खोजता फिरे कि कहां है चश्मा? अतः महात्मा फरमाते हैं कि साक्षी को बिना जगाए ये मन रूपी ग्रंथि कभी नहीं सुलझ सकती। मानो हमें द्रष्टा को इस ग्रंथि के भीतर लाना होगा, ताकि ये ग्रंथि आसानी से टूट सके और ये कला पूर्ण सद्गुरु ही हरिनाम रूपी दात देकर प्रदान कर सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं।

*-विनय कुमार साहू*

## करंट अफेयर


# अमेरिका के साथ ये कैसी डील पीएम इस्तीफे को मजबूर



अमेरिका के साथ हुए एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते ने जापान की सियासत में भूचाल ला दिया है। इस समझौते के तुरंत बाद जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के इस्तीफे की खबरें सुर्खियों में हैं। इशिबा ने अपने करीबी सहयोगियों को यह संकेत दिया है कि वह जल्द ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। पीएम इशिबा ने कहा कि वह अमेरिका के साथ हुए टैरिफ समझौते का गहन अध्ययन करने के बाद इस्तीफा देने के संबंध में फैसला लेंगे। पिछले सप्ताह के अंत में हुए चुनाव में इशिबा की सत्तारूढ़ पार्टी को ऐतिहासिक हार मिलने के बाद उन पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। उनके दल 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' और सहयोगी दल 'कोमिटो' ने रविवार को 248 सदस्यीय उच्च सदन में बहुमत खो दिया है। इशिबा ने घोषणा की थी कि वह अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता समेत विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए पद पर बने रहेंगे। अमेरिका के साथ टैरिफ समझौते के बाद उनके संभावित इस्तीफे का रास्ता साफ हो गया है। जापानी मीडिया ने कहा है कि वह अगस्त में पद छोड़ने के बारे में घोषणा कर सकते हैं। ट्रंप द्वारा भारी टैरिफ लगाए जाने की धमकियों के चलते जापान को अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते के लिए मजबूर होना पड़ा।

## ऑफ बीट

# बाबा शिब्बोथान जिनके पानी से उतर जाता है सांप का जहर



कांगड़ा जिला के भरमाड़ में स्थित सिद्धपीठ शिब्बोथान को सिद्ध संप्रदाय गद्दी, सिद्ध बाबा शिब्बोथान और सर्वव्याधि विनाशक के रूप में भी जाना जाता है। कहा जाता है कि लगभग 600 वर्ष पूर्व भरमाड़ के निकट सिद्धपुरघाड़ के आलमदेव के घर में शिब्बू नामक बालक ने जन्म लिया। बाबा शिब्बो जन्म से पूर्ण रूप से दिव्यांग थे। उन्होंने जाहरवीर गुग्गा जी की दो वर्षों तक घने जंगलों में तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जाहरवीर ने बाबा शिब्बो को तीन वरदान दिए। प्रथम में उन्होंने कहा कि यह स्थान आज से शिब्बोथान नाम से प्रसिद्ध होगा। दूसरे में कहा कि तुम नागों के सिद्ध कहलाओगे और इस स्थान से सर्पदंशित व्यक्ति पूर्ण रूप से ठीक होकर जाएगा। तुम्हारे कुल का कोई भी बच्चा अगर यहां पानी की तीन चूलियां जहर से पीड़ित व्यक्ति को पिला देगा, तो पीड़ित व्यक्ति जहर से मुक्ति पाएगा और स्वस्थ हो जाएगा। तीसरे और अंतिम वर में उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर बैठकर तुमने तपस्या की है, उस स्थान की मिट्टी जहरयुक्त स्थान पर लगाने से विदेश में बैठा व्यक्ति भी जहर से मुक्ति पाएगा। बाबा शिब्बोथान के गर्भगृह में मछिंद्रनाथ, गोरखनाथ, क्यालू बाबा, अजियापाल, गुग्गा जाहरवीर मंडलिक, माता बाछला, नाहर सिंह, बहन गोगड़ी, बाबा शिब्बोथान, बाबा भागसूनाग, 10 पिंडियां और बाबा जी के 12वीं शताब्दी के लोहे के 31 संगल मौजूद हैं।

## ट्रेंड

### आर्थिक साझेदारी



भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी में आज एक नया अध्याय शुरू हो रहा है! व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर व्यापार को बढ़ाने, समावेशी विकास को गति देने और उद्यमों के लिए अवसर पैदा करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राष्ट्रीय सहकारिता नीति



भारत के सहकारिता क्षेत्र के लिए आज ऐतिहासिक दिन है, जब मोदी जी के नेतृत्व में देश को नई 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025' मिलेगी। यह नीति सहकारिता आंदोलन को नवाचार, आधुनिक तकनीक और युवा शक्ति से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार करेगी।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मदनदास देवी को नमन



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रथम राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह-सरकार्यवाह श्रद्धेय मदनदास देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन। मदनदास ने युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति बनाने में सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री**

### भाजपा जाए तो शिक्षा आए



भाजपा की नीतियों में शिक्षा शराब से पिछड़ जाती है क्योंकि शिक्षा जगाती है, चेतना बढ़ाती है जबकि शराब सुलाती है, चेतना हर जाती है। रूढ़िवादी भाजपा को जाग्रत समाज नहीं चाहिए। भाजपा जाए तो शिक्षा आए!

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# राज्यसभा : तमिलनाडु के छह सांसदों के लिए विदाई भाषण और उज्जवल निकम के शपथ के बाद विपक्ष ने ठप किया कामकाज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लगातार चौथे दिन विपक्षी हंगामे की शिकार हुई राज्यसभा की कार्यवाही। राज्यसभा में प्रश्नकाल सहित संसदीय विधायी कार्य नहीं निपटाये जा सके। विपक्ष पहले ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में बहस की मांग कर रहा था, जो



तय कर दिया गया। मंगलवार का दिन 16 घंटे की व्यापक बहस के लिए मुकर्रर कर दिया गया है। मगर अब विपक्षी दलों की ओर से बिहार में चल रहे मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान, यानी एसआईआर को बंद किये जाने की मांग को लेकर हंगामा जारी है। जब कि विपक्षी दलों को इस का इल्म है कि एसआईआर से केंद्र सरकार का कोई लेनादेना नहीं। ये विशेष अभियान पूरी तरह से चुनाव आयोग के अधीन है। चुनाव आयोग की देखरेख में ये अभियान बिहार में चल रहा है और आयोग एक संवैधानिक स्वायत्तशासी संस्था है, न कि केंद्र सरकार के अधीन है। ये बात अलग है कि चुनाव आयोग ने एसआईआर केवल बिहार में ही नहीं, बल्कि देशभर में कराने की घोषणा पहले कर रखी है। विपक्षी दलों ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका



दाखिल की हुई है। इन सबके बावजूद राज्यसभा के वेल में आकर विपक्षी दलों ने 'एसआईआर वापिस लो' का नारा तब तक बुलंद किया जब तक उच्चसदन की कार्यवाही शुक्रवार के लिए स्थगित नहीं की गई।

इससे पहले उपसभापति हरिवंश ने राज्यसभा की कार्यवाही शुरू की। महाराष्ट्र से राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत राज्यसभा सांसद वरिष्ठ अधिवक्ता उज्जवल निकम ने संसद सदस्यता की शपथ मराठी में ली। शपथ ग्रहण के बाद उपसभापति ने तीन पेज का रिवाइज्ड बिजनेस सदन पटल पर रखने को बारी बारी से संबंधित मंत्रियों और सांसदों से कहा। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, डा. चंद्रखेखर पेम्मासानी, सुश्री शोभा करांदलाजे ने अपने अपने मंत्रालयों पेपर सदन के पटल पर रखे। जब कि शिवसेना, शिंदे गुट के सांसद मिलिंद देवडा ने टेलिकॉम साइबर सिक्योरिटी रूल्स के पेपर्स रखे। बीजद संसदीय दल के नेता सस्मित पात्रा ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की रिपार्ट उपसभापति के निर्देश पर सदन पटल पर रखा। इरन्ना कराडी ने पंचायती राज मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट पटल पर रखी और केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने विभिन्न मंत्रालयों के स्टेटमेंट रखे।

उपसभापति ने सदन को बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत 13 विपक्षी सांसदों के नोटिस विभिन्न विषयों को लेकर मिले हैं लेकिन सभी तय नियमों की कसौटी पर खरे नहीं लिहाजा सभी नोटिसों को खारिज किया जाता है। उनके इतना कहते ही विपक्षी दल नेता शोर शराबा करने लगे। उपसभापति ने तुरंत स्थिति संभालने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आज छह सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। हम सभी को उन्हें विदाई देनी है इसीलिए विपक्षी दलों से आग्रह है कि संयम से सदन की कार्यवाही चलने दें। राज्यसभा के इतिहास में लंबे समय के बाद ऐसा मौका आया जब एक ही राज्य के छह सांसद एक साथ अपना कार्यकाल पूरा कर गुरूवार को निवृत हुए। सभी सांसद तमिलनाडु से हैं। अंबुमणि रामदॉस, वाइको, मोहम्मद अब्दुल्ला, एन चंद्रशेखरन, एम शनमुगम और पी विल्सन आज रिटायर हो गए। इनमें से डीएमके के पी विल्सन को फिर से उनके दल ने राज्यसभा भेजा है। सभी सांसदों का विदाई भाषणा लगभग एक घंटा बीस मिनट तक चला।

सदन के नेता जेपी नड्डा से लेकर कांग्रेस संसदीय दल के उपपनेता प्रमोद तिवाडी और सभी दलों के संसदीय दल के नेताओं ने रिटायर हो रहे सांसदों के उत्तम स्वास्थ्य और बेहतर राजनीतिक जीवन के लिए मंगलकामनाएं दी। उनके बेहतर संसदीय कार्यों को याद किया। खासकर तमिलनाडु के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार वाइको के भाषण कला और राज्य के विषय उठाने की कला का समूचे सदन ने एकसुर में खैरमगदम किया। रिटायर हो रहे सभी छह सांसदों ने भी अपने संसदीय अनुभव सदन में साझा किये। सभी दल के नेताओं का बेहतर समन्वय और साथ के लिए शुक्रिया अदा किया। सुबह 11 बजे से दोपहर 12.20 रिटायर हो रहे सांसदों के विदाई भाषण तक राज्यसभा की कार्यवाही चली। सदन पटल पर रखे जाने वाले कुछ विधायी कार्य भी निपटाये गये लेकिन उसके बाद न जीरो ऑवर हो सका, न प्रश्नकाल। दोहपर 2.20 पर उपसभापति भुबनेश्वर कालीता ने विपक्ष के हंगामें के बीच पूरे दिन के लिए उच्चसदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। संसद का मॉनसून सत्र 21 अगस्त तक चलेगा, जिसमें 12 से 18 अगस्त तक का अवकाश भी शामिल है।

## खबर संक्षेप

### महिमा गोसाईं एक्सप्रेस की बोगी पटरी से उतरी

**संबलपुर।** ओडिशा के संबलपुर में गुरुवार की सुबह महिमा गोसाईं एक्सप्रेस की एक बोगी अचानक



पटरी से उतर गई। यह घटना संबलपुर सिटी स्टेशन के पास सुबह करीब 9:15 बजे हुई, जब ट्रेन भुवनेश्वर से संबलपुर की ओर आ रही थी। खबर मिलते ही रेलवे और पुलिस विभाग तुरंत हरकत में आए। राहत रही कि किसी को कोई चोट नहीं पहुंची।

### खिलाड़ी हुड्डा को गंगा में डूबने से बचाया

**प्रयागराज।** गंगा में बह रहे युवक को बचाकर बुधवार को उत्तराखंड पुलिस ने दावा किया कि भारतीय



कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा को बहने से बचाया गया है। हुड्डा ने पहले तो पुलिस के इस दावे को खारिज कर दिया। लेकिन कबूला कि वे ही नदी में गिर गए थे। हरकी पैड़ी क्षेत्र में उनको घाट पर मौजूद 40वीं वाहिनी पीएसी की आपदा राहत टीम ने सकुशल बचा लिया।

### निकम ने ली राज्यसभा में मनोनीत सदस्य की शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में वरिष्ठ वकील एवं न्यायविद् उज्ज्वल निकम ने मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ ली। निकम ने मराठी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ लेने के बाद सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका स्वागत किया। निकम एक विख्यात वकील हैं, जिन्होंने सरकारी वकील के रूप में 2008 सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुकदमों को अभियोजन पक्ष की ओर से लड़ा था। उन्होंने 2024 में मुंबई उत्तर मध्य सीट से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें वह हार गये थे।

### 15 दिन में बनाएंगे नई पार्टी: टीएमसी विधायक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भरतपुर विधानसभा सीट से विधायक हुमायूं कबीर ने बगावती



तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने अपनी ही पार्टी को अल्टीमेटम देते हुए 15 दिन का समय दिया है। उनका कहना है अगर पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं हुआ तो वह नई पार्टी बना लेंगे। पार्टी के ही नेता विकासमें बाधा डाल रहे हैं।

### सुरों के सरताज बाबला मेहता का निधन

**नई दिल्ली।** 'वॉयस ऑफ मुकेश' के जरिए सिनेमा जगत में अपनी खास पहचान बनाने वाले प्लेबैक



सिंगर बाबला मेहता को लेकर बुरी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि अब बाबला इस दुनिया में नहीं रहे हैं। 90 के दशक में अपनी जादुई आवाज से बाबला मेहता ने फैंस के दिलों को सुकून पहुंचाया था। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री को एक बड़ा झटका पहुंचा है।

## बिहार मुद्दे पर चुनाव आयोग की राहुल को दो टूक, दागे गंभीर सवाल

# फर्जी, मृत और विदेशी मतदाताओं को हम मतदान करने दें, विरोध के डर से काम छोड़ दें



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण की मांग को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। इसे लेकर बिहार विधानसभा और संसद में हंगामा जारी है। अब चुनाव आयोग ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर बयान जारी किया है और सवाल किया है कि क्या चुनाव आयोग को फर्जी मतदाताओं को भी मतदाता सूची में शामिल कर लेना चाहिए?चुनाव आयोग ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर हो रही आलोचना को लेकर कहा कि 'भारत का संविधान, भारतीय लोकतंत्र की मां है। तो क्या विरोध से डरकर चुनाव आयोग को कुछ लोगों के दबाव में भ्रमित हो जाना चाहिए और उन लोगों का रास्ता साफ कर देना चाहिए, जो मृत मतदाताओं के नाम पर फर्जी मतदान करते हैं? जो मतदाता स्थायी तौर पर पलायन कर गए हैं, जो मतदाता फर्जी या विदेशी हैं, क्या उन्हें संविधान के खिलाफ जाकर, पहले बिहार में और फिर पूरे देश में मतदान करने दें?'

### मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र का आधार

*आयोग ने पूछा कि क्या हमें निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए मतदाता सूची को तैयार नहीं करना चाहिए? मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र का आधार होती है। इन सभी सवालों पर हम सभी भारतीयों को गंभीरता से और राजनीतिक वैचारिकता से परे जाकर विचार करना चाहिए। इन सभी मुद्दों पर अब गंभीरता से विचार करने का सही समय आ गया है।*




**'सर' पर फिर संसद से बवाल**

*ईसी ने पूछा क्या हमें निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए मतदाता सूची को तैयार नहीं करना चाहिए?*




**चुनाव आयोग ने दी राहत**

### वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए मिलेंगे 30 दिन

बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर पटना से लेकर नई दिल्ली तक भारी विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इन सब के बीच इलेक्शन कमीशन ने वोटर्स और सियासी दलों को बड़ी राहत दी है। आयोग ने बताया है कि बिहार में मतदाता सूची संबंधी आदेश के पैरा 7(5) के तहत पृष्ठ 3 पर कहा गया है कि कोई भी मतदाता या कोई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को 1 अगस्त से लेकर 1 सितंबर तक एक महीने का समय मिलेगा। अगर उसका नाम बीएलओ/बीएलए द्वारा छोड़ दिया गया हो। साथ ही किसी भी मतदाता का नाम कटवा सकते हैं अगर बीएलओ/बीएलए द्वारा गलत तरीके से नाम शामिल किया गया हो।

### गोवा संबंधी विधेयक पर विपक्ष ने नहीं लिया भाग, मेघवाल ने सुनाई खरी-खरी

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2024 पेश करने का प्रयास किया, जो गोवा विधानसभा में पहली बार अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक विधेयक है। हालांकि, विपक्ष ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया, जिससे मेघवाल ने निराशा व्यक्त की।

**वेणुगोपाल ने ईसी की मंशा पर लगाया प्रश्नचिन्ह**

बिहार चुनाव बहिष्कार संबंधी बयान पर कांग्रेस महासचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देश में मौजूदा परिस्थितियों ने तेजस्वी यादव पर यह कहने का दबाव बनाया। चुनाव आयोग अप्रत्यक्ष रूप से मतदाता सूची से इतने सारे नाम हटाने की मंजूरी दे रहा है। उनकी मंशा सही नहीं है।

### बिहार चुनाव का मुद्दा फिर उठाया, बहिष्कार की धमकी दी

**संसद में किया बवाल**

लोकसभा में बिहार में चल रही वोटर लिस्ट 'सर' प्रक्रिया के खिलाफ संसद भवन के बाहर विपक्षी दलों ने गुरुवार को भी प्रदर्शन किया। एक बार फिर हंगामेदार सत्र देखने को मिला जब विपक्षी सदस्यों (सांसदों) ने नारेबाजी और तख्तियों के साथ कार्यवाही बाधित की, जिससे कई बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी और आखिरकार पूरे दिन के लिए विधायी कार्य ठप रहा। तेदेपा नेता कृष्ण प्रसाद टेनेटी के अध्यक्ष बनते ही विपक्षी सदस्यों ने तुरंत नारेबाजी शुरू कर दी और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की मांग करने लगे। हंगामे के कारण निर्धारित कार्य नहीं हो पाया, जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा पार्टी समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना और जनार्दन मिश्रा द्वारा ग्रामीण विकास और पंचायती राज से संबंधित नियम 377 के तहत उठाए गए मामले शामिल थे।



**कांग्रेस सदस्यों पर बिरला का तंज, देश देख रहा आचरण**

## लोकसभा में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी हंगामे की भेंट चढ़ी सदन की कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों पर आक्रोश व्यक्त करते हुए तंज कसा। उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार सदन में नारेबाजी करने, तख्तियां लाने और मेजें ठोंकने के लिए नहीं रहे हैं, लेकिन इस दल के मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात का उल्लेख किया कि संसद पर जनता के करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के बाद नियमों के तहत हर मुद्दे पर चर्चा का अवसर दिया जाएगा। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। दो बजे कार्यवाही शुरू होने पर फिर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया जिसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय पर हंगामा किया जिससे कार्यवाही बाधित हुई। सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा करने लगे। विपक्षी सांसदों ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की और तख्तियां लहराईं, जिन पर एसआईआर विरोधी नारे लिखे हुए थे। बिरला ने कहा, "आपसे पहले भी कहा गया है कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। इसमें जनता के महत्वपूर्ण सवाल होते हैं और सरकार की जवाबदेही होती है...कई सांसदों ने कहा कि उनका प्रश्नकाल के दौरान मुश्किल से प्रश्न आता है, लेकिन आप लोगों का जिस तरह का व्यवहार होता है, वो संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है।" उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बगैर कहा, "आप लोग इतने पुराने राजनीतिक दल के संसद सदस्य हो, जिसका इस सदन के अंदर गरिमा और मर्यादा का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

**निशिकांत का राहुल पर बड़ा हमला**

### वे हरियाणा, दिल्ली और पंजाब की बात क्यों नहीं कर रहे? पिताजी के ही कानून को भूले

राहुल के बयानों पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि उनका बयान बता रहा है कि उनको अपने पिता द्वारा पारित कानून की जानकारी नहीं है। युवा मतदाताओं को आकर्षित



करने ये राजीव गांधी का पारित कराया हुआ कानून है। 2003 में भी बिहार में ऐसा ही किया गया था। महाराष्ट्र की ही तरह हरियाणा और दिल्ली में भी चुनाव हुए हैं। राहुल वहां के चुनाव पर तो कोई सवाल नहीं उठाते हैं।

**उमर भी उठा चुके राहुल पर सवाल**

राहुल के सवाल उठाने पर जम्मू-कश्मीर में उनके गठबंधन सहयोगी उमर अब्दुल्ला भी सवाल उठा चुके हैं। राहुल गांधी के स्टैंड पर सवाल खड़े होने की वजह भी यही है।

# हरियाणा में कुपोषण की गिरफ्त में बच्चे, भाजपा सरकार की नाकाम योजनाओं का परिणाम: सैलजा

### सांसद बोली, हरियाणा सरकार की पोषण संबंधी योजनाएं जमीनी स्तर पर बेअसर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में बच्चों की सेहत को लेकर जो आंकड़े सामने आए हैं, वे अत्यंत गंभीर और चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि हजारों नन्हे जीवन आज पोषण की कमी और सरकारी उपेक्षा के कारण खतरे में हैं।

ये स्थिति सरकार की नाकाम योजनाओं का ही परिणाम है। सरकार इस गंभीर स्थिति पर आत्ममंथन करने के बजाय केवल आंकड़ों को चमकाने और विज्ञापन में करोड़ों खर्च करने में व्यस्त है। कांग्रेस हर बच्चे के अधिकार, पोषण और स्वास्थ्य के लिए आवाज़ बुलंद करती रहेगी। मीडिया को जारी बयान में सैलजा ने कहा कि हरियाणा में खेल-खिलाड़ी और मजबूत कद-काठी को लेकर दूध दही का खाणा, यो मेरा हरियाणा कहावत काफी प्रसिद्ध है। वर्तमान में प्रदेश की नई पीढ़ी की स्थिति पर यह कहावत फिट नहीं बैठ रही है। राज्य में 25,962 आंगनवाड़ी केंद्र हैं, जिनमें 23,447 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 21,127 आंगनवाड़ी सहायिका हैं। सुधार की दिशा में 149 प्रोजेक्ट भी चल रहे हैं। वहीं, कुल 19 लाख 85 हजार 134 बच्चे लाभार्थी है। दूध उपहार योजना के तहत बच्चों (1-6 वर्ष) के साथ-साथ गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को इंस्टेंट खीर, प्रोटीन मिल्क बार और स्किम्ड मिल्क पाउडर सहित विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बावजूद इसके बच्चों का कुपोषण का शिकार होना गंभीर चिंता विषय है। राज्य में जन्म से 5 वर्ष तक की आयु के 23.41 प्रतिशत बच्चे बौनेपन का शिकार हैं। यह उत्तर भारत में सबसे अधिक है। इसके अतिरिक्त 7.85 प्रतिशत बच्चे कम वजन के हैं और 3.83 प्रतिशत बच्चे अत्यधिक कुपोषित हैं। यह स्थिति केवल सरकारी आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि हरियाणा के हजारों नन्हे जीवन आज पोषण की कमी और सरकारी उपेक्षा के कारण खतरे में हैं। सैलजा ने कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्नपूर्णा योजना, पोषण मिशन और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण देने की व्यवस्था है। इनका जमीनी असर न के बराबर रह गया है।

# छत्तीसगढ़िया हरेली की महक पहुंची दिल्ली आवासीय आयुक्त ने कर्मियों संग मनाया पर्व

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ की मिट्टी की सुगंध आज दिल्ली तक पहुंची- जब छत्तीसगढ़ भवन में हरेली पर्व पूरे उत्साह और लोक परंपरा के साथ मनाया गया। आवासीय आयुक्त श्रुति सिंह के नेतृत्व में भवन परिसर में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने न केवल परंपरा निभाई, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया। दिल्ली में छत्तीसगढ़ की परंपरा, प्रकृति से प्रेम और सांस्कृतिक आत्मा का अद्भुत संगम देखने को मिला। छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली में हरेली पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और सामूहिक सहभागिता के साथ मनाया गया। छत्तीसगढ़ की यह पारंपरिक कृषि आधारित त्योहार अब केवल गांवों और खेतों तक सीमित नहीं, बल्कि राजधानी की रिहायशी गलियों में भी अपनी हरियाली बिखेर रहा है।

हरेली, छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार होता है, जो सावन माह के अमावस्या को मनाया जाता है। यह पर्व धरती, बैल, किसान और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक है। आमतौर पर इस दिन किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं, पशुओं को नहलाते हैं, गांवों में गेड़ी चढ़ी जाती है और बच्चे पारंपरिक खेलों में भाग लेते हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि पर्यावरण, कृषि संस्कृति और लोकजीवन से जुड़ने की प्रेरणा है।

दिल्ली में जैसे ही हरेली की तैयारी शुरू हुई, वातावरण में लोकगीतों और मिट्टी की खुशबू तैरने लगी। सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन में भवन के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। हर हाथ में एक पौधा और हर चेहरे पर मुस्कान यह दृश्य जैसे प्रकृति से एक नये संवाद का प्रतीक बन गया। सिंह ने पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कर्मचारियों को हरेली के महत्व से अवगत कराते हुए कहा, हरेली केवल परंपरा नहीं, प्रकृति के साथ हमारी साझेदारी का उत्सव है। छत्तीसगढ़ भवन इसे पर्यावरणीय जिम्मेदारी के रूप में भी निभा रहा है।

**संसद में गांधी मूर्ति से मकर द्वार तक मार्च निकालेगी**

# देश भर के ओबीसी नेताओं को जुटाकर कांग्रेस 50 फीसदी आरक्षण सीमा को हटाने की करेगी केंद्र सरकार से मांग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय, समानता और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अपने अभियान 'सामाजिक न्याय 2.0' को मजबूती देने के लिए शुक्रवार को संसद में ओबीसी नेताओं के साथ गांधी मूर्ति से मकर द्वार तक मार्च निकालने और ओबीसी नेताओं की बैठक आयोजित करने की घोषणा की है। तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन भी आयोजित करने की योजना बनाई है। सम्मेलन का उद्घाटन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। समापन भाषण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी देंगे। इस आयोजन में तेलंगाना, कर्नाटक, और अन्य राज्यों से ओबीसी समुदाय के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मार्च और बैठक का उद्देश्य ओबीसी समुदाय के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना है।

### सामाजिक न्याय 2.0

खड़गे ने कहा कि तेलंगाना में शुरू हुआ सामाजिक न्याय 2.0 आंदोलन देश भर में कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक नया कदम है। उन्होंने बताया कि देश की अधिकांश आबादी एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस समुदायों से होने के बावजूद, इन समुदायों का कॉरपोरेट बोर्ड, न्यायपालिका, नौकरशाही और प्रमुख संस्थानों में प्रतिनिधित्व न के बराबर है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रोफेसरों के लिए 80 फीसदी ओबीसी पद और 83 फीसदी एसटी पद खाली पड़े हैं। कांग्रेस ने लंबे समय से राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना और आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा हटाने की मांग की है। खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार ने जन दबाव के कारण जाति जनगणना कराने की सहमति दी है, लेकिन आरक्षण की सीमा हटाने पर अभी कोई प्रगति नहीं हुई है। तेलंगाना में किए गए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण को राष्ट्रीय मॉडल के रूप में अपनाने की वकालत करते हुए, खड़गे ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने इस सर्वेक्षण के आधार पर स्थानीय निकाय चुनावों और शैक्षिक संस्थानों में ओबीसी के लिए 42 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की है। विधेयक वर्तमान में भारत की माननीय राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए लंबित है।

### तेलंगाना मॉडल और नेतृत्व की सराहना

कांग्रेस ने तेलंगाना में इस सर्वेक्षण के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञ कार्य समूह (आईईडब्ल्यूजी) के नेतृत्व में पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज, जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी, तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों और सांसदों के योगदान की सराहना की है। तेलंगाना के इस मॉडल को देश भर में लागू करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने अपने अभियान को तेज कर दिया है।

**बेंगलुरु भगदड़ मामले में कैबिनेट का फैसला**

## आरसीबी और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स कंपनियों पर होगी कार्रवाई

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के निकट हुई भगदड़ की घटना पर न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी कुन्हा की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। स्टेडियम में चार जून को हुई भगदड़ की घटना में 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे।कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने बैठक के बाद बताया कि मंत्रिमंडल ने यह भी निर्णय किया कि वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने में शामिल निजी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी।



उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी कुन्हा की रिपोर्ट को स्वीकार करने और उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि कानूनी कार्रवाई निजी संघों, आरसीबी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स जैसी कंपनियों के खिलाफ की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सोना 1,400 रुपये टूटा, चांदी में 3,000 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,400 रुपये टूटकर 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,200 रुपये गिरकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में 1,00,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ व चांदी की कीमतें 3,000 रुपये गिरकर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।

### मारुति सुजुकी का वाहन निर्यात 96 हजार इकाई पार

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 96,000 से ज़्यादा गाड़ियों का निर्यात किया है। कंपनी ने बताया कि उसका मॉडल फ्रॉन्क्स भारत से सबसे तेजी से एक लाख इकाई के निर्यात को पार करने वाला स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) बन गया है। अप्रैल-जून तिमाही में भारत से यात्री वाहन निर्यात में मारुति सुजुकी की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत रही।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

7534997731

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ट्रंप ने भारतीयों को नौकरियां देने पर रोक लगाई

# अमेरिकी कंपनियों के चीन में कारखाने लगाने भारत में लोगों को काम देने के दिन लद गए

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन में कारखाने लगाने और भारत में लोगों को काम पर रखने के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की आलोचना की और आगाह किया कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में ऐसा करने के ''दिन अब लद चुके हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी बुधवार को एआई शिखर सम्मेलन में की, जहां उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए।

इसमें एआई के उपयोग के लिए व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की कार्य योजना भी शामिल है। इन सभी के बीच उन्होंने अपने ही देश में अपने साथी नागरिकों को बरगलाने और यहां तक कि उन पर 'सेंसरशिप' (नियंत्रित करने) लगाने का काम किया है।

### ट्रंप भारत के खिलाफ लगातार उगल रहे जहर

गौरतलब है कि डोनल्ड ट्रंप जबसे व्हाइट हाउस पहुंचे हैं, सिर्फ भारत के खिलाफ ही काम कर रहे हैं। उनके बयान भी सिर्फ भारत के खिलाफ ही निकल रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगला है। उन्होंने कहा कि अब वो दिन लद चुके हैं कि अमेरिकी कंपनियां चीन में अपना कारखाना लगाएं और भारतीयों को नौकरियां दें। उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को भी चेतावनी दी और कहा कि ऐसा करने के दिन खत्म हो चुके हैं, उनके कार्यकाल में ऐसा हरगिज नहीं चलेगा।

### मेरी पॉलिसी ही है अमेरिका फर्स्ट : ट्रंप



राष्ट्रपति ट्रंप ने टेक इंडस्ट्री के 'ग्लोबल माइंडसेट' की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस रवैये की वजह से कई अमेरिकी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा ट्रंप की पॉलिसी ही 'अमेरिका फर्स्ट' की है, जिसके तहत वह सबसे पहले अमेरिकी नागरिकों और देश का भला चाहते हैं। ट्रंप ने दावा किया कि कुछ टॉप अमेरिकी कंपनियों ने देश से मुनाफा कमाया और देश के बाहर भारी निवेश किया है।

**अमेरिकी कंपनियों को चीन में कारखाने लगाने से मना किया**

**एआई निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप ने तीन आदेशों पर हस्ताक्षर किए**

### एआई की दौड़ जीतने नई भावना की आवश्यकता

ट्रंप ने कहा, '' एआई की दौड़ जीतने के लिए सिलिकॉन वैली और उससे भी आगे तक देशभक्ति और राष्ट्रीय निष्ठा की एक नई भावना की आवश्यकता होगी।'' उन्होंने कहा, '' हमें अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की जरूरत है जो अमेरिका के लिए पूरी तरह से समर्पित हों। हम चाहते हैं कि आप अमेरिका को प्राथमिकता दें। आपको ऐसा करना ही होगा। हम बस यही चाहते हैं।''

### लाखों अमेरिकी नागरिक ठगा महसूस करते रहे

उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक अमेरिका का अधिकतर प्रौद्योगिकी उद्योग ''कट्टरपंथी वैश्वीकरण'' का अनुसरण करता रहा, जिसके कारण लाखों अमेरिकी ''ठगा'' महसूस करते रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हमारी कई बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने चीन में अपने कारखाने बनाकर, भारत में मजदूरों को नौकरी देकर और आयरलैंड में मुनाफे में कटौती करके अमेरिकी आजादी का फायदा उठाया है।

### एआई से संबंधित आदेशों पर किए हस्ताक्षर

ट्रंप ने इस मौके पर एआई से संबंधित तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें व्हाइट हाउस कार्ययोजना भी शामिल है, जो अमेरिकी एआई प्रौद्योगिकी 'पैकेज' के निर्यात को बढ़ावा देकर अमेरिकी एआई उद्योग को समर्थन देने के लिए एक समन्वित राष्ट्रीय प्रयास स्थापित करता है।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज अपनी नई शाखा का उद्घाटन ग्रेटर नोएडा वेस्ट में किया। इस अवसर पर बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री महेंद्र दोहरे ने शाखा का उद्घाटन किया, जिनके साथ निदेशक महोदया श्रीमती पूनम सिन्हा (**NIESBUD**) भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर दिल्ली क्षेत्रीय प्रमुख श्री शीश राम टुंडवाल, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री विकास पुरवे ,दिल्ली उत्तर क्षेत्रीय प्रमुख श्री पुरुषोत्तम मीना, दिल्ली दक्षिण क्षेत्रीय प्रमुख श्री अनिल अग्निहोत्री, दिल्ली सेंट्रल क्षेत्रीय प्रमुख श्री सन्नी कालरा एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख दिल्ली उत्तर श्री महावीर मीना भी उपस्थित थे। श्री महेंद्र दोहारे ने अपने संबोधन में बैंक की ग्राहक-केंद्रित उत्पादों और सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य ग्राहकों को सर्वोत्तम संभव सेवाएं प्रदान करना है।

## राजधानी दिल्ली में 'खादीफैशन उत्सव' का आयोजन




**नई दिल्ली।** फैशन की दुनिया में खादी ने बुधवार को एक नया मुकाम हासिल किया, जब फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (**FDCI**) के प्रयासों से राजधानी दिल्लीमें 'खादी वर्कशॉप एवं खादी रनवे'कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम सिर्फ फैशन शो नहीं था, बल्कि यह खादी की उस जीवंत क्रांति का उत्सव था, जो आजादी के बाद पहली बार पूरे जोश और आत्मगौरव के साथ देश के युवाओं को न केवल उसकी विरासत से जोड़ रही है, बल्कि उसे "**Khadi for Nation**, **Khadi for Fashion**"के रूप में पुनर्परिभाषित कर रही है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने भारत की विरासत खादी के पुनर्जागरण का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए "नव्य खादी आंदोलन" को दिया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र–1**

कार्य का नाम "वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का अनुसूची एसएस1/एसएस2/एसएस3 के दौरान व्यापक रखरखाओ के लिए अनुबंध।

| कार्य का नाम | जमा करने की मौजूदा तिथि | जमा करने की संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| "वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का अनुसूची एसएस1/एसएस2/एसएस3 के दौरान व्यापक रखरखाओ के लिए अनुबंध। | 25.07.2025 | 04.08.2025 |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस मे कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा शुद्धिपत्र वेबसाइट **https://nr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड किया जाए।
पत्र सं. 311337 दिनांक 24.07.2025 2245/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82(2)(ii) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राजन ठाकुर उर्फ करण पता:** मकान नं. साइड I–43, विकास पुरी, नई दिल्ली और घुमक्कड़ चैन एण्ड ग्रिल विकास पुरी, नई दिल्ली, **28/2022, U/s 394/411/34 IPC**, थाना: राजौरी गार्डन, जिला पश्चिमी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजन ठाकुर उर्फ करण** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजन ठाकुर उर्फ करण** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **28/2022, U/s 394/411/34 IPC**, थाना: राजौरी गार्डन, जिला पश्चिमी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राजन ठाकुर उर्फ करण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शशांक नंदन भट्ट
महानगर दण्डाधिकारी (पश्चिम)
कमरा नं. 356, तीसरी मंजिल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8888/WD/2025
(Court Matter)

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली अंचल द्वारा स्टाफ सदस्यों के साथ टाऊन हाल मीटिंग का आयोजन

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के दिल्ली अंचल कार्यालय द्वारा आज आईआईसी सेंटर में टाऊन हाल मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली एनसीआर के सभी स्टाफ सदस्य शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को बैंक की नयी नीतियों एवं योजनाओं से अवगत कराना तथा कार्यस्थल से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना था। बैठक में अंचल प्रबंधक श्री शीशराम तुंदवाल ने सभी का स्वागत करते हुए आव्हान किया कि वे ग्राहक सेवा को सबसे बेहतर बनाऐं एवं ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री महेंद्र दोहरे कार्यपालक निदेशक ने अपने वक्तव्य में बैंक की प्रगति, आगामी योजनाओं की जानकारी दी और सेवा स्तर को और बेहतर बनाने के लिए टीम के योगदान को सराहा। श्री डीपी खुराना महाप्रबंधक ने सभी को संबोधित करते हुए शाखाओं को और सुविधाजनक बनाने एवं बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने पर बल दिया। इस अवसर पर दिल्ली स्थित 3 क्षेत्रीय कार्यालयों के क्षेत्रीय प्रमुखों श्री पुरुषोत्तम मीना, श्री अनिल अग्निहोत्री एवं सन्नी कालरा ने भी संबोधित किया।

### भारतीयों के लिए वैश्विक भुगतान करना हुआ आसान, पेपाल से जुड़ा यूपीआई

**नई दिल्ली।** वैश्विक भुगतान कंपनी पेपाल ने 23 जुलाई को पेपाल वर्ल्ड लॉन्च किया है, जो भारत के **UPI** समेत दुनिया के कुछ बड़े डिजिटल वॉलेट्स को जोड़ने वाला एक प्लेटफॉर्म है। यह नया सिस्टम भारत की एनपीसीएल इंटरनेशनल, टेनपे ग्लोबल, मर्काडो पेगो और वेनमो के साथ मिलकर शुरू किया गया है। इसके जरिए दुनियाभर में लगभग 2 अरब उपभोक्ताओं के लिए भुगतान और पैसे ट्रांसफर करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा। कैसे करेंगे भारतीय यूजर्स इसका इस्तेमाल? अब भारतीय यूजर्स पेपाल इंटरफेस में अपने यूपीआई ऐप्स जैसे फोनपे या गूगल पे का उपयोग करके विदेशों में भी भुगतान कर सकेंगे। उदाहरण के लिए, अमेरिका से ऑनलाइन खरीदारी करते समय उन्हें पेपाल के अंदर यूपीआई बटन दिखेगा, जिससे रुपये में तुरंत भुगतान हो सकेगा। यह क्रेडिट कार्ड या अन्य चैनलों की जरूरत को खत्म कर देगा। इससे पेमेंट प्रोसेस और सरल होगा और हर यूपीआई ऐप को अलग-अलग देश में लॉन्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्लेटफॉर्म तकनीक-न्यूट्रल और भविष्य के लिए तैयारपेपाल वर्ल्ड तकनीक-न्यूट्रल प्लेटफॉर्म है, जिसमें एआई-शॉपिंग, स्टेबलकॉइन पेमेंट और डायनामिक पेमेंट बटन जैसी सुविधाएं भी आने वाले समय में मिलेंगी। कंपनी का दावा है कि यह सिस्टम क्लाउड-आधारित है, जिसमें ओपन एपीआई, मजबूत सुरक्षा और बेहतर ग्लोबल अपटाइम शामिल हैं। चीन में वेक्सिन पे या अमेरिका में वेनमो जैसे स्थानीय वॉलेट्स के साथ सीधा पेमेंट संभव होगा। इस बदलाव से भारतीय यूजर्स को वैश्विक लेनदेन में काफी आसानी होगी।

## गोवा की फेनी, केरल की ताड़ी को मिलेगी ब्रिटेन में जगह

**नई दिल्ली।** गोवा की फेनी, नासिक की वाइन और केरल की टोडी (ताड़ी) सहित भारत के अनूठे पारंपरिक पेय पदार्थों को ब्रिटेन में मान्यता मिलने वाली है। दोनों देशों ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही विशिष्ट प्रकार के अल्कोहल-आधारित भारतीय पेय पदार्थों को न केवल अपने पारंपरिक भौगोलिक संकेतक (जीआई) संरक्षण का लाभ मिलेगा, बल्कि ब्रिटेन जैसे विकसित बाजारों में भी उनकी पहुंच होगी, जहां प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। ये पेय पदार्थ ब्रिटिश पेय पदार्थों को अपना अनूठा स्वाद, विशिष्ट स्वाद और विरासत प्रदान करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि भारत वर्तमान में अल्कोहल वाले पेय पदार्थों के निर्यात के मामले में दुनिया में 40वें स्थान पर है, और आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष 10 निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य है। एफटीए न केवल स्कॉच व्हिस्की और अन्य के साथ पारंपरिक भारतीय पेय पदार्थों को ब्रिटेन में जगह दिलाने में मदद करेगा, बल्कि आतिथ्य जैसे विशिष्ट माध्यमों का पता लगाने में भी मदद करेगा। जीआई सुरक्षा के साथ वैश्विक स्तर पर मिलेगी पहचान अधिकारी ने आगे कहा, ''गोवा की फेनी, नासिक की विशिष्ट वाइन और केरल की ताड़ी जैसे भारतीय पेय अब भौगोलिक संकेतक (जीआई) सुरक्षा के साथ ब्रिटेन में जगह बना पाएंगे। यह सरकार के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, जो वैश्विक बाजारों में भारतीय अल्कोहल वाले पेय पदार्थों के निर्यात को बढ़ावा दे रही है।यह एक नया क्षेत्र है, सरकार को उम्मीद है कि देश का अल्कोहल वाले पेय पदार्थों का निर्यात मौजूदा 37.05 करोड़ डॉलर से बढ़कर वर्ष 2030 तक एक अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

### स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या, 14 अगस्त को दिल्ली से स्वर्णिम भारत यात्रा के लिए रवाना होगी

**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी की विशेष यात्रा पेशकश में अहमदाबाद, मोढेरा, पाटन, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (केवड़िया), पुणे, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद, एलोरा, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, अजंता, ओरछा और झांसी शामिल होंगे। अत्याधुनिक डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन, जिसमें एसी I, एसी II और एसी III श्रेणी के कोच होंगे, कुल 150 पर्यटकों के लिए उपयुक्त होगी। पर्यटक इस पर्यटक ट्रेन से दिल्ली सफदरजंग, गुड़गांव, रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा, अजमेर रेलवे स्टेशन भी जा सकते हैं। आईआरसीटीसी की नवीनतम पेशकश स्वर्णिम भारत यात्रा भारत गौरव डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों का प्रचार-प्रसार करेगी। यह यात्रा 14 अगस्त, 2025 को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। प्रस्तावित ट्रेन यात्रा आधुनिक सुविधाओं से युक्त भारत गौरव डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन में संचालित की जाएगी। इस ट्रेन यात्रा का पहला गंतव्य अहमदाबाद है, जो महात्मा गांधी और स्वतंत्रता आंदोलन से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ शहर है। यहाँ पर्यटक साबरमती आश्रम जाएँगे, जो राष्ट्रवादी गतिविधियों और दांडी मार्च का केंद्र रहा है।

### हरियाणा CET-2025 परीक्षा के अवसर पर उत्तर रेलवे द्वारा स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन

नई दिल्ली। सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि हरियाणा में विभिन्न स्थानों
पर 26 एवं 27 जुलाई, 2025 को आयोजित होने वाली हरियाणा **CET**-2025 परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ की निकासी
हेतु उत्तर रेलवे ने स्पेशल रेलगाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया है जिसका विवरण
निम्नानुसार है:
प्रस्थान समय
प्रथम रेलगाड़ी द्वितीय रेलगाड़ी
चंडीगढ़ -सहारनपुर जं. 26जुलाई 2025 चंडीगढ़ सें प्रस्थान 13.15 बजे चंडीगढ़ सें प्रस्थान 19.15 बजे
27जुलाई 2025 चंडीगढ़ सें प्रस्थान 13.15 बजे चंडीगढ़ सें प्रस्थान 19.15 बजे चंडीगढ़ -करनाल 26जुलाई 2025 चंडीगढ़ सें प्रस्थान 13.30 बजे चंडीगढ़ सें प्रस्थान 19.00 बजे 27जुलाई 2025 चंडीगढ़ सें प्रस्थान 13.30 बजे चंडीगढ़ सें प्रस्थान 19.00 बजे
(हिमांशु शेखर उपाध्याय)
मुख्य जनसंपर्क अधिकार

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | एम.सी. टोहाना में रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी का चयन। | 19.07.2025 11.08.2025 | रु. 8.63 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 mctohana1@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद टोहाना | एम.सी. टोहाना में प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों, हस्तांतरण स्टेशनों, प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। | 10.07.2025 31.07.2025 | रु. 13.61 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 mctohana1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36943/I/88/7 दि. 24.07.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में डब्ल्यू-10 के गांव बोहर और बाबा मस्तनाथ नगर में आईपीबी गलियों का निर्माण + 2 कार्य। | 23.07.2025 04.08.2025 | रु.2,08,87,475/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36945/I/88/7 दि. 24.07.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | एम.सी. हिसार में मिल्क डेयरियों की शिफ्टिंग। | बंद होने की तिथि 12.07.2025 | रू. 34,61,76,297/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662237001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36942/I/88/7 दि. 24.07.25

## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद–विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** – नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** – आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

### लाल निशान पर शेयर बाजार हुआ बंद 542 अंक टूटा सेंसेक्स, निफ्टी भी लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में आज गुरुवार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गिरावट दर्ज हुई है। सेंसेक्स 542 अंक की गिरावट के साथ आज 82,184.17 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 157 अंक फिसलकर 25,062.10 अंक पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव भरा माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 127 अंकों की गिरावट के साथ 16,566.85 अंक पर बंद हुआ। ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स टॉप गेनर्स में आज केनरा बैंक, इंडियन बैंक और मदरसन ने क्रमशः 5.30 फीसदी, 4.44 फीसदी और 4.27 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। इटरनल और वन 97 पेटीएम के शेयरों में भी क्रमशः 3.67 फीसदी और 3.28 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। आईईएक्स, कोफोर्ज लिमिटेड, पेरसिस्टेंट, नेस्ले और ट्रेंट क्रमशः 29.58 फीसदी, 9.39 फीसदी, 7.70 फीसदी, 5.32 फीसदी और 3.83 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे। शेयर बाजार में क्यों दर्ज हुई गिरावट भारतीय शेयर बाजार में गिरावट की कई वजहें हैं।

### मेटा की टीम में दो भारतीय भी शामिल

**नई दिल्ली।** मेटा ने आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के निर्माण के लिए एक खास टीम बनाई है, जिसे 'सुपरइंटेलिजेंस' नाम दिया गया है। इस टीम में दुनिया की कई बड़ी कंपनियों जैसे ओपनएआई, गूगल डीपमाइंड और एंथ्रोपिक से 44 विशेषज्ञों को जोड़ा गया है। इन लोगों को करोड़ों डॉलर के पैकेज दिए जा रहे हैं। इस टीम में 2 भारतीयों को भी शामिल किया गया है, जिनका नाम त्रपित बंसल और हम्माद सैयद है। इस टीम में अलग-अलग पृष्ठभूमियों के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं और इसे मेटा की अब तक की सबसे बड़ी एआई पहल माना जा रहा है।हम्माद सैयद खुद ही हैं एक संस्था के सीईओ हम्माद सैयद प्ले.एचटी नामक वॉइस जेनरेशन प्लेटफॉर्म के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। यह प्लेटफॉर्म टेक्स्ट को इंसानी जैसी आवाज में बदलने का काम करता है।

### भारतीयों के लिए वैश्विक भुगतान करना हुआ आसान, पेपाल से जुड़ा यूपीआई

**नई दिल्ली।** वैश्विक भुगतान कंपनी पेपाल ने 23 जुलाई को पेपाल वर्ल्ड लॉन्च किया है, जो भारत के **UPI** समेत दुनिया के कुछ बड़े डिजिटल वॉलेट्स को जोड़ने वाला एक प्लेटफॉर्म है। यह नया सिस्टम भारत की एनपीसीएल इंटरनेशनल, टेनपे ग्लोबल, मर्काडो पेगो और वेनमो के साथ मिलकर शुरू किया गया है।

## शब्द पहेली - 5938




मंगल सैणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 5937 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | य | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |



# तीसरी सब जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

▶▶|चार दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता में भाग ले रहे 700 खिलाड़ी

▶▶|कुलदीप बिश्नोई व रणधीर पनिहार ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

तीसरी सब जूनियर बॉयज़ एवं गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 निकटवर्ती गांव गंगवा स्थित मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब में शुरू हुई। चार दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई एवं नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने किया। प्रतियोगिता 27 जुलाई तक चलेगी।

## पढ़ाई के साथ खेलों में भी हिस्सा लें: बिश्नोई

*प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। खेलों में भी बच्चों को स्वर्णिम भविष्य है। सरकार ने खेलों को बढ़ावा देकर खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए अनेक योजनाएं लागू की है ताकि हमारे खिलाड़ी देश व विदेश में नाम रोशन कर सकें। उन्होंने प्रतियोगिता में लड़कियों के भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है। वे हर क्षेत्र में अपना कामयाबी प्रदर्शित कर रही है। अच्छी बात है कि बॉक्सिंग जैसी प्रतियोगिओं में भी लड़कियां बढ़-चढ़कर भाग ले रही है।*



हिसार। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते कुलदीप बिश्नोई व रणधीर पनिहार।

## पदाधिकारियों ने दिया ब्यौरा

इस अवसर पर इस अवसर पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के महासचिव रविन्द्र पान्नू, यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन, हिसार के अध्यक्ष भगत सिंह, यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन, हिसार के उपाध्यक्ष मनोज कुश, मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब के बॉक्सिंग कोच विकास लोहान एवं अन्य पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें पूरी प्रतियोगिता का ब्यौरा दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में लगभग 700 बॉक्सर भाग ले रहे हैं। इसमें 150 कोच व मैनेजर, 35 पदाधिकारी शामिल है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को 6 से 14 अगस्त तक नोएडा में होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए तैयार करना है। प्रतियोगिता के चलते सभी खिलाड़ियों के लिए रहने और खाने की सुविधा सुनिश्चित की गई है और अनुभवी ऑफिसियल टीम द्वारा मुकाबलों का संचालन किया जा रहा है।

**सरकार ने चलाई अनेक योजनाएं:** नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं लागू की है ताकि हमारे खिलाड़ी खेलों में भी भविष्य सुरक्षित कर सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ व अन्य संस्थाएं मिलकर समय-समय पर प्रतियोगिताएं आयोजित करती रहती है, ताकि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

## लड़कों के मुकाबलों में इन्होंने मारी बाजी

प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों में लड़कों ने भी जमकर पंच चलाए। लड़कों के विभिन्न भार वर्गों में हुए मुकाबलों में भिवानी के गौरव बैनीवाल ने साईं भिवानी के शिवम गौतम को, रोहतक के अंश ने हिसार ए के अखिल को, कुरुक्षेत्र के देवीश ने फरीदाबाद के गर्वित अत्री को, कैथल के रणदीप ने पंचकूला के कल्पित को, जींद के अनमोन ने फरीदाबाद के जिक्षवांसु रावत को पराजित किया। इसी तरह पानीपत के आदित्य ने साईं बी के वंश को, झज्जर के रौनक ने हिसार बी के हिमांशु को, भिवानी के हर्षिल ने फतेहाबाद के केशव को, रेवाड़ी के दीवेश ने सिरसा के कमल मान को, हिसार ए के परनव ने करनाल के प्रतीक को, कैथल के वंश तंवर ने पलवल के यथार्थ को, यमुनानगर के कुनाल ने कुरुक्षेत्र के ध्रुव को, गुरुग्राम के मेघ ने चरखी दादरी के मनजीत को, मेवात के सागर मलिक ने पलवल के यश को, फरीदाबाद के बिसंत ने करनाल के प्रीत को, महेन्द्रगढ़ के वीर ने झज्जर के मिलन को हराया। इसी तरह अन्य मुकाबलों में सोनीपत के आदित्य ने चरखी दादरी के मिराज चहल को, गुरुग्राम के दीपांशु ने रेवाड़ी के निखिल को, पानीपत के तनीश ने राई सोनीपत के गौरव को, जींद के अंशुल ने कुरुक्षेत्र के दीपेश को, अंबाला के दक्ष कुमार ने पंचकूला के तेजश को, हिसार बी के कुनाल ने यमुनागर के भावन को, भिवानी के निखिल ने पंचकूला के दर्शित शर्मा को तथा महेन्द्रगढ़ के पीयूश शर्मा ने कैथल के रोबिन को पराजित करके मुकाबले जीते।

## ये भी रहे उपस्थित

प्रतियोगिता में उपरोक्त के अलावा हरियाणा बॉक्सिंग संघ के डायरेक्टर एडमिन ओमवीर हुड़ा, कम्पटीशन चेयरमैन अजमेर सिंह, सुभाष फौजी उपप्रधान, आयोजक विकास लोहान, नरेश वालिया, सुनील राणा, अनिल नैन, विकास इंदौरा व मेवा सिंह सहित कई अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।





हिसार। खेल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

## लड़कियों के मुकाबलों में ये रहे परिणाम

प्रतियोगिता के पहले दिन लड़कियों के मुकाबलों में विभिन्न भार वर्गों में यमुनानगर की रामभतेरी ने करनाल की सिद्धक कौर को पराजित किया। इसी तरह साई भिवानी की दीक्षा ने झज्जर की सोनम को, पंचकूला की मन्नत ने सोनीपत की चेतना को, हिसार ए की मोनू ने गुरुग्राम की मानसी को, रोहतक की खुशी ने जींद की यानसू को, कुरुक्षेत्र की रीतिका ने सोनीपत की साक्षी को, पंचकूला की खुशी अहलावत ने भिवानी की वासु को हराया। इसी तरह सिरसा की वीरपाल ने साई भिवानी की भूमिका को, सोनीपत की एंजल ने जींद की मन्नत को, महेन्द्रगढ़ की जयश्री ने पंचकूला की परणीत कौर को, करनाल की मिसती रावल ने पानीपत की तनवी को, झज्जर की याशी यादव ने मेवात की टीटीक्षा कौर को, सिरसा की रेशमा कौर ने हिसार बी की आंचल पूनिया को, रेवाड़ी की नमया ने रोहतक की कनिका को, पानीपत की हिमानी ने हिसार बी की सोनिया को, अंबाला की दिव्या ने झज्जर की रिद्धि गुलिया को, फरीदाबाद की नंदिनी रानी ने मेवात की दिव्या को, जींद की इशा ने भिवानी की सोनिका को, गुरुग्राम की सिया ने पलवल की भावना को, कैथल की रीतिका ढुल ने सिरसा की विशाखा को, जींद की हर्षिता ने फतेहाबाद की हरप्रीत कौर को, कुरुक्षेत्र की धुव्रिका ने झज्जर की ईशु को, सोनीपत की रोनक ने यमुनानगर की ईशिता को, साई भिवानी की रचना शर्मा ने रेवाड़ी की पलक को पराजित करके अपने-अपने भार वर्ग के मुकाबले जीते।

### भारत 358 रन पर ऑलआउट, पंत का अर्धशतक

# इंग्लैंड के दो विकेट पर 225 रन डकेट और क्रॉली के अर्धशतक

एजेंसी ▶▶|मैनचेस्टर

- सुदर्शन और यशस्वी की फिफ्टी, गिल का बल्ला रहा खामोश

कप्तान बेन स्टोक्स (72 रन पर पांच विकेट) ने आठ साल में पहली बार पांच विकेट चटकाकर भारत को 358 रन पर समेटा जिसके बाद बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके इंग्लैंड को पहली पारी में दो विकेट पर 225 रन तक पहुंचाकर चौथे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा। डकेट ने 100 गेंद में 13 चौकों की मदद से 94 रन की पारी खेलने के अलावा क्रॉली (84) के साथ पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी करते हुए भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।



## ऋषभ ने धोनी को पीछे छोड़ा

टूटे अंगूठे से अर्धशतक जड़ ऋषभ पंत ने इतिहास रच दिया है। वह अब इंग्लैंड में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। यह इंग्लैंड में उनका पांचवां फिफ्टी प्लस स्कोर था। पंत ने एमएस धोनी और फारूख इंजीनियर को पीछे छोड़ दिया है। धोनी और फारूख के नाम चार-चार 50 प्लस स्कोर थे।

## पंत बने सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज

ऋषभ पंत भारतीय टीम की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पछाड़ा है। शर्मा ने देश के लिए 67 टेस्ट मैच खेलते हुए 116 पारियों में 88 छक्के लगाए थे, जबकि पंत के छक्कों की संख्या 89 हो गई है। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने का कारनामा पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के नाम दर्ज है। पंत के बल्ले से भविष्य में तीन छक्के और निकलते हैं तो वह देश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। फिलहाल वह दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

## टीम इंडिया की शुरुआत रही अच्छी

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत चौथे टेस्ट में अच्छी रही थी। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 94 रनों की साझेदारी की। केएल राहुल 98 गेंद में 4 चौकों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। फिर तीन नंबर पर आए साई सुदर्शन ने भी अर्धशतक लगाया और यशस्वी जायसवाल ने भी फिफ्टी जड़ी। जायसवाल ने 107 गेंद में 58 रनों की पारी खेली। उनके बल्ले से 10 चौके और एक छक्का निकला। साई सुदर्शन ने 151 गेंद में 7 चौकों की मदद से 61 रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका पहला अर्धशतक रहा। वहीं कप्तान शुभमन गिल का बल्ला खामोश रहा. वह सिर्फ 12 रन ही बना सके।

### विश्व रैकेटलॉन चैंपियनशिप

## भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे विक्रमादित्य



**नई दिल्ली।** विक्रमादित्य चौफला को 30 जुलाई से 3 अगस्त तक नीदरलैंड के रोटरडैम में होने वाली विश्व रैकेटलॉन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। रैकेटलॉन एक मिश्रित खेल है जिसमें प्रतियोगियों को चार रैकेट खेल टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वाश खेलने होते हैं। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी चौफला ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में भी टीम का नेतृत्व किया था। उन्होंने 2022 में इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक जीता था।

## वैष्णवी विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बनी

**बर्लिन।** वैष्णवी अडकर विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बनीं जब उन्होंने बृहस्पतिवार को यहां एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जबकि तीरंदाजों ने दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कंपाउंड पुरुष और मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक दौर में प्रवेश किया। कई ट्रैक एवं फील्ड एथलीट भी फाइनल में पहुंच गए। वैष्णवी को सेमीफाइनल में स्लोवाकिया की एस्टर मेरी के खिलाफ 6-2, 4-6, 4-6 से हार के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व विश्वविद्यालय खेलों के मौजूदा सत्र में यह देश का अब तक का दूसरा पदक है। टेनिस प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक दिया जाता है। बीस वर्षीय वैष्णवी विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय टेनिस खिलाड़ी बनीं।

## रिले पॉवेल ने 'बर्थडे ब्वॉय' आडवाणी को हराकर विश्व 6-रेड स्नूकर खिताब जीता

**मनामा (बहरीन)।** वेल्स के युवा स्टार रिले पॉवेल ने बृहस्पतिवार को आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में 'बर्थडे ब्वॉय' पंकज आडवाणी को 5-4 से हराकर उन्हें 29वां विश्व खिताब जीतने से रोक दिया। पॉवेल (16 वर्ष) ने बृहस्पतिवार को 40 साल के हुए आडवाणी को हराकर उनके जन्मदिन की पार्टी को फीका कर दिया। आडवाणी ने इससे पहले सेमीफाइनल में हमवतन आदित्य मेहता को 5-4 से हराया था। पॉवेल ने शानदार अंदाज में वापसी करते हुए तीन बार के चैंपियन आडवाणी को 41-6, 10-38, 0-73 (73), 35-42, 38-15, 39-1, 42 (35) -0, 0-44, 38 (32) -9 से मात दी।




ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में नस्लीय हमला

# स्वामीनारायण मंदिर पर दीवारों पर लिखे गए नफरत भरे संदेश

हिटलर का ग्राफिटी से बनाया चार स्थानों पर चित्र

हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने जताया आक्रोश

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में एक बार फिर नस्लीय नफरत का चेहरा सामने आया है। यहां बोरोनिया इलाके में स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर को अज्ञात लोगों ने अपमानजनक और नस्लीय भाषा वाले संदेशों से बदनाम करने की कोशिश की। यह घटना सिर्फ एक धार्मिक स्थल पर हमला नहीं, बल्कि भारतीय समुदाय की भावनाओं पर सीधा प्रहार है। मंदिर की दीवार पर लाल रंग से 'गो होम ब्राउन...' जैसे नफरत भरे नस्लीय शब्द लिखे गए। यही नहीं, पास के दो एशियाई रेस्टोरेंट की दीवारों पर भी इसी तरह की अभद्र भाषा पाई गई है।

**हिंदुओं की धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला**

हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया (विक्टोरिया चैप्टर) के अध्यक्ष मकरंद भगवत ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर शांति, भक्ति और एकता का प्रतीक है। इस तरह की घटना हमारी धार्मिक स्वतंत्रता और पहचान पर हमला है। उन्होंने बताया कि मंदिर में रोजाना प्रार्थनाएं, सामूहिक भोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, जिसमें मेलबर्न के भारतीय समुदाय से लोग भाग लेते हैं। इस घटना के बाद हिंदू और बहुसांस्कृतिक संगठनों ने एकजुट होकर नफरत के खिलाफ आवाज उठाई है। स्थानीय समुदाय और 'सिटी ऑफ ग्रेटर नॉक्स' की मल्टीफेथ नेटवर्क ने मंदिर को समर्थन देने का भरोसा दिलाया है।

**पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं**

*बुधवार को ही 23 वर्षीय भारतीय युवक चरनप्रीत सिंह पर एडिलेड शहर में नस्लीय टिप्पणी करते हुए जानलेवा हमला किया गया। जनवरी, 2023 में मेलबर्न के मिल पार्क में स्वामीनारायण मंदिर पर खालिस्तानी समर्थकों ने हिंदुस्तान मुर्दाबाद और मोदी हिटलर जैसे नारे लिखे थे। मई, 2023 में सिडनी के रोसहिल मंदिर पर भी आपत्तिजनकर नारे लिखे गए थे।*



**विक्टोरिया की प्रीमियर ने की निंदा**

*विक्टोरिया की प्रीमियर जैकिंटा एलन ने घटना की निंदा की और कहा कि जो कुछ हुआ वह हेट क्राइम, नस्लवादी और बेहद परेशान करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बर्बरता नहीं है - यह नफरत का एक जानबूझकर किया गया कृत्य है, जिसे डराने, अलग-थलग करने और डर फैलाने के लिए अंजाम दिया गया है। यह आपके सुरक्षित महसूस करने और अपनेपन के अधिकार पर और उन मूल्यों पर हमला था जो हमें जोड़ता हैं। विक्टोरिया में कहीं भी इसके लिए कोई जगह नहीं है। और यह जिस रूप में है उसका उसी रूप में विरोध किया जाना चाहिए। एलन ने विक्टोरिया पुलिस से मामले को गंभीरता से लेने का आग्रह किया और कहा कि ऑस्ट्रेलिया के बहुसांस्कृतिक मामलों के मंत्री समुदाय की बात सीधे सुनने के लिए जल्द ही मंदिर का दौरा करेंगे।*

**पुलिस ने जांच शुरू की**

*ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने मंदिर और दो रेस्टोरेंट सहित बोरोनिया में चार जुड़ी घटनाओं की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 21 जुलाई को बेजवाटर और बोरोनिया में ग्रेफिटी (स्प्रे पेंट से दीवारों पर लिखना) की रिपोर्ट के बाद पुलिस जांच कर रही है। ऐसा समझा जाता है कि ग्रेफिटी को रात भर माउंटेन हाईवे पर एक उपचार केंद्र के सामने स्प्रे-पेंट किया गया था। उन्होंने कहा कि कुछ ही समय बाद, सुबह करीब साढ़े नौ बजे बोरोनिया में वाडहर्स्ट ड्राइव पर एक मंदिर पर ग्रेफिटी देखी गई। बोरोनिया रोड पर दो और रेस्टोरेंट पर भी ऐसे ग्रेफिटी मिले।*

---

*अगले दशक में व्यापक सामरिक भागीदारी को नई गति-ऊर्जा देने के लिए 'विजन 2035' जारी किया गया*

लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रही चरमपंथी विचारधारा वाली शक्तियों की जवाबदेही तय करने पर राजी हुए दोनों देश

# आतंकवाद के खिलाफ जंग में दोहरे मापदंडों को कतई स्वीकार नहीं करेंगे भारत और ब्रिटेन

*यह जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कीर स्टार्मर के बीच लंदन में हुई द्विपक्षीय बैठक से मिली है*

*पीएम मोदी ने कीर स्टार्मर को दिया भारत की यात्रा का न्योता*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत की आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई 'शून्य सहिष्णुता' (जीरो टॉलरेंस) की नीति से अब तक पूरी दुनिया भली-भांति वाकिफ हो चुकी है। पाकिस्तान के समर्थन से किए गए इस हमले में आतंकियों ने कुल 26 निर्दोष लोगों की निर्ममता से हत्या कर दी था। मामला बेहद संवेदनशील है, इसलिए इसकी गूंज गुरुवार को लंदन में हुई भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक में भी जोरदार अंदाज में सुनाई दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में भी इसका उल्लेख किया। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और उनकी सरकार का पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए आभार जताया। साथ की कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों को कोई स्थान न देने और चरमपंथी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग न करने देने को लेकर भी एकमत हैं। जो लोग लोकतंत्र द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का गलत इस्तेमाल करते हैं। उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए यानी उनकी जवाबदेही तय की जानी





चाहिए। जानकारों की राय में भारत-ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्षों की यह टिप्पणी खासतौर पर चीन और पाकिस्तान के लिए जरूरी संदेश था। जिसमें शीर्ष नेताओं ने दोनों देशों का नाम लिए बगैर स्पष्ट रूप से अपनी मत रखा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है।

## विमान हादसे पर प्रकट की संवेदनाएं

संयुक्त प्रेस वक्तव्य के मुताबिक, बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता, यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया के हालात पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। भारत-ब्रिटेन ने शीघ्र अति शीघ्र शांति, स्थिरता की बहाली का समर्थन करते हुए कहा कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अनिवार्य है। वर्तमान युग की मांग विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद ही है। पीएम मोदी ने अपने समकक्ष ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर के समक्ष पिछले जून महीने में गुजरात के अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए ब्रिटेन के लोगों और उनके परिजनों के प्रति अपनी ओर से संवेदनाएं प्रकट की। इसके अलावा उन्होंने भारत के आर्थिक भगोड़े अपराधियों (विजय माल्या, ललित मोदी, नीरव मोदी शामिल) के प्रत्यर्पण के मामले पर कहा कि दोनों देशों की एजेंसियां सहयोग और समन्वय से काम करती रहेंगी। प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को भारत यात्रा का निमंत्रण भी दिया।

## जारी किया गया विजन 2035

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले दस वर्षों में हमारी व्यापक सामरिक भागीदारी को और अधिक गति और ऊर्जा प्रदान करने के लिए विजन 2035 जारी किया जा रहा है। जिसके बाद तकनीक, रक्षा, जलवायु, शिक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में एक मजबूत, भरोसेमंद और महत्वाकांक्षी साझेदारी का रोडमैप बनेगा। रक्षा और सुरक्षा में साझेदारी के लिए रक्षा औद्योगिक रोडमैप बनाया गया है। दोनों देशों के तकनीक सुरक्षा कदम को और मजबूत करने पर काम किया जाएगा। कृत्रिम मेधा से जटिल खनिजों तक सेमीकंडक्टर से साइबर सुरक्षा तक प्रतिबद्धता के साथ दोनों देश नए भविष्य का निर्माण करेंगे। पीएम के मुताबिक, शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देश मिलकर एक नया अध्याय लिख रहे हैं। ब्रिटेन के 6 विश्वविद्यालय भारत में कैंपस खोल रहे हैं। बीते सप्ताह ही गुरुग्राम में साउथ हैम्पटन विश्वविद्यालय के कैंपस का उद्घाटन हुआ है। ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीय हमारे संबंधों में एक जीवंत पुल का काम करते हैं। ये भारत से केवल करी ही नहीं लेकर आते हैं। बल्कि अपने साथ रचनात्मकता, प्रतिबद्धता और चरित्र भी लाते हैं। इन लोगों का योगदान केवल ब्रिटेन की समृद्ध अर्थव्यवस्था तक ही सीमित नहीं है। बल्कि यहां की संस्कृति, खेल और आमजन की सेवा में भी दिखाई पड़ता है। भारत-ब्रिटेन के लिए क्रिकेट केवल एक खेल नहीं है। बल्कि ये एक जुनून है। जिसमें कभी स्विंग और मिस होती है। लेकिन हम हमेशा स्ट्रेट बैट के साथ खेलते हैं। दोनों ऊंचे स्कोर के साथ एक मजबूत भागीदारी को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

**दोहरी कराधान संधि पर बनी सहमति**

*प्रधानमंत्री ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर प्रसन्नता जताई और कहा कि इसी के साथ ही दोहरी कराधान संधि (डीसीसी) पर भी सहमति बनी है। जिससे दोनों देशों के सेवा क्षेत्र खासकर तकनीक और वित्त को नई ऊर्जा मिलेगा। व्यापार करने में आसानी होगी, बिजनेस की लागत घटेगी और व्यापार करने में आत्मविश्वास बढ़ेगा। डीसीसी से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को भारत की कौशलयुक्त प्रतिभा मिलेगी। उन्होंने सीईटीए को महज एक आर्थिक साझेदारी नहीं बल्कि साझा समृद्धि की योजना बताते हुए कहा कि इससे एक ओर भारतीय कपड़ा, फुटवियर, रत्न और आभूषण, समुद्री उत्पाद और इंजीनियरिंग से जुड़े उत्पादों की ब्रिटेन के बाजार में पहुंच बढ़ेगी। वहीं, भारत के कृषि उत्पादों, प्रसंस्कृत उद्योग के लिए ब्रिटेन के बाजारों में नए अवसर बनेंगे। देश के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए ये समझौता विशेष रूप से लाभकारी साबित होगा। दोनों समझौतों से निवेश बढ़ेगा, रोजगार के नए मौके उत्पन्न होंगे। दो लोकतांत्रिक देशों और विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच हुए ये समझौते वैश्विक स्थिरता और समृद्धि को भी मजबूती प्रदान करेंगे।*

---

भारत-नेपाल के बीच हुई बातचीत

# दोनों देश सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर हुए सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों देशों के बीच गृह सचिव स्तर की बातचीत के दौरान सीमा प्रबंधन की समीक्षा की गई। एक बयान के मुताबिक 22 जुलाई को भारत और नेपाल के गृह सचिव स्तर की बैठक में यह चर्चा हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने किया जबकि नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के गृह सचिव गोकर्णमणि दुवादी ने किया। दोनों पक्षों ने आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता पर



समझौते के मसौदे को अंतिम रूप दिए जाने का स्वागत किया तथा संशोधित प्रत्यर्पण संधि को शीघ्र पूरा करने की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों के बीच चर्चा में सीमा स्तंभों की मरम्मत और रखरखाव, सीमा पार आपराधिक गतिविधियों, सीमा जिला समन्वय समितियों के कामकाज को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। , विशेष रूप से एकीकृत जांच चौकियों, सड़कों और रेलवे नेटवर्क,

अंगारा एयरलाइंस का रूसी एन-24 प्लेन चीन सीमा के पास क्रैश

रूस की एविएशन सेफ्टी एजेंसी जांच करेगी

# सभी 49 लोगों की मौत, कुछ घंटे पहले कंट्रोल रूम से संपर्क टूटा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के अमूर क्षेत्र में अंगारा एयरलाइंस का एक यात्री विमान एएन-24 पूर्वी रूस के अमूर इलाके में टिंडा शहर के पास क्रैश हो गया। हादसे में 49 लोगों की मौत हो गई, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। हादसे की पुष्टि क्षेत्रीय प्रशासन और आपातकालीन विभाग ने की है। इस विमान ने टाइंडा शहर की ओर उड़ान भरी थी, लेकिन अपने गंतव्य से कुछ ही दूरी पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम से संपर्क टूट गया। रडार स्क्रीन पर से गायब होने के बाद विमान को खोजने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। एक घंटे की सघन तलाश के बाद

**विमान तेज गति से जमीन से टकराया**



*हादसे के समय एएन-24 विमान में कुल 49 लोग सवार थे, जिनमें 5 बच्चों सहित 43 यात्री और चालक दल के 6 सदस्य शामिल थे। सभी यात्रियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। ऐसा लगता है विमान बहुत तेज गति से जमीन से टकराया था।*

**सरकार पीड़ितों के साथ**

*क्षेत्रीय गवर्नर वासिली ओरलोव ने शोक व्यक्त किया और कहा कि यह हमारे लिए एक गहरी क्षति है। सरकार पीड़ितों के साथ है। परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद की जाएगी। एएन-24 एक ट्विन-टर्बोप्रॉप एयरक्राफ्ट है जिसे छोटी कम अवधि वाली उड़ानों के लिए उपयोग किया जाता है। यह विमान साइबेरिया आधारित एंगारा एयरलाइंस के बेड़े का हिस्सा था। रूस की एविएशन सेफ्टी एजेंसी और*

थाईलैंड-कंबोडिया के बीच सीमा विवाद हिंसक टकराव में बदला

# हवाई हमलों और गोलीबारी में 11 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद गुरुवार को हिंसक टकराव में बदल गया है। इस संघर्ष में अब तक 11 नागरिकों की मौत हो चुकी है। थाईलैंड ने कड़ा कदम उठाते हुए अपने घातक एफ-16 फाइटर जेट्स से कंबोडिया के अंदर सैन्य ठिकानों पर सीधा हवाई हमला कर दिया है। वहीं जवाबी कार्रवाई में कंबोडिया ने भी मिसाइल दागकर थाई क्षेत्र को निशाना बनाया है।

थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने बताया कि सबसे ज्यादा हताहत सिसा केट प्रांत में हुए, जहां एक पेट्रोल पंप पर गोलीबारी में छह लोगों की जान चली गई। तीन सीमा प्रांतों में कुल 14 लोग घायल बताए गए हैं। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 817 किलोमीटर लंबी सीमा है, जहां दशकों से सीमा निर्धारण को लेकर विवाद चल रहा है।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने प्रेह विहेयर मंदिर को कंबोडिया का हिस्सा माना था



**एफ-16 ने मचाया तांडव**

थाईलैंड की सेना ने आधिकारिक बयान में स्वीकार किया है कि उसने अपने छह एफ-16 लड़ाकू विमानों को सीमा क्षेत्र में उतारा, जिनमें से एक ने सीधे कंबोडिया के सैन्य बेस को निशाना बनाकर तबाह कर दिया।

**राजनयिक संबंधों में गिरावट**

गुरुवार सुबह कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ अपने राजनयिक संबंधों को सबसे निचले स्तर पर लाने की घोषणा की। उसने थाई राजदूत को निष्कासित किया और अपने सभी स्टाफ को बैंकॉक स्थित दूतावास से वापस बुला लिया।

**इतिहास में उलझा विवाद**

1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने प्रेह विहेयर मंदिर जो एक शिव मंदिर है को कंबोडिया का हिस्सा माना था, लेकिन यह फैसला आज तक थाईलैंड को रास नहीं आया। 2011 में हुए झड़पों में करीब 20 लोग मारे गए थे और हजारों विस्थापित हुए थे।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109